दु:शासन भरसभामां द्रौपदीनुं वस्त्र दूर करवा जाय छे त्यारे शुं बन्युं?

'ज्यारे द्रौपदीनुं वस्त्र खेंचायुं त्यारे ते वस्त्रमांथी बीजुं वस्त्र, अने अेमांथी *अनेक अनुपम वस्त्र नीकळवा लाग्यां... सभामां द्रौपदीनां वस्त्रोनो ढगलो थई* गयो अने दु:शासन थाकीने बेसी गयो.' (सभापर्व, ६१, ४०-४१)

हवे गीताप्रेसनी महाभारत वाचना शुं कहे छे ?

दु:शासने ज्यारे द्रौपदीना केश पकडीने तेने खेंचवा लाग्यो त्यारे द्रौपदीओ कृष्ण भगवानने याद कर्या,

द्रौपदी मनोमन बोले छे के आपत्ति आवे त्यारे भगवानने याद करवा जोइओ, अेवुं वसिष्ठ ऋषि पण कही गया छे. अेटले द्रौपदी वारे वारे गोविन्द-कृष्णने पोकारवा लागी. 'हे गोविन्द-हे द्वारकावासी, गोपीजनप्रिय, आ कौरवो मारुं अपमान करी रह्या छे, शुं तमे नथी जाणता ? हे नाथ, हे रमानाथ, हे व्रजनाथ, हुं कौरवरूपी समुद्रमां डूबी रही छुं, मारो उद्धार करो. हे सच्चिदानन्द, हे महायोगी, गोविन्द, कौरवोनी वच्चे हुं दु:खी थई रही छुं, मारी रक्षा करो.'

आम द्रौपदी त्रिभुवनना ईश्वरने वारे वारे याद करीने मों ढांकीने रुदन करवा लागी. याज्ञसेनीनो आ करुण विलाप सांभळीने श्रीकृष्णे गळागळा थईने त्यांथी दोडवा मांड्युं. श्रीकृष्ण अव्यक्त रूपे तेना वस्त्रमां प्रवेशी सुन्दर सुन्दर वस्त्रोथी द्रौपदीने आच्छादित करी दीधी. द्रौपदीनुं वस्त्र खेंचातुं रह्युं अने नवां वस्त्र पुरातां रह्यां. अनेक वस्त्र, विविधरंगी वस्त्र प्रगटवा लाग्यां.'

गीताप्रेसनी आवृत्ति पण नवसो नव्वाणुं वस्त्रनी वात करती नथी, आ आंकडो पण पाछळथी उमेरायो छे. लोकमहाभारतमां अेक बीजो प्रसंग नोंधायो छे. अेक वेळा पाण्डवो, द्रौपदी अने कृष्ण वातो करी रह्या हता. कृष्ण छरी वडे शेरडी छोली रह्या हता, अचानक कृष्णने छरी वागी अने लोही वहेवा लाग्युं. त्यारे द्रौपदीअे पोतानी साडी चीरीने पाटो बांधी आप्यो. पाछळथी कृष्णे अे पाटामांना सूतरना तार गण्या तो नवसो नव्वाणु तार नीकळ्या. कृष्णे मनोमन निर्धार कर्यो के आ नवसो नव्वाणु तारनुं ऋण मारे चूकववुं पडशे.'

न्हानालाल कविअे आ विषयने लगती अेक कृति रची छे - 'भरतगोत्रनां लज्जाचीर'.

आ आखाय प्रसंगमां सौथी वधु तिरस्कारपात्र कोई बन्युं होय तो ते कर्ण.

हवे बुद्धिजीवी वाचकने प्रश्न थाय के द्रौपदीनी एक साडीमांथी आटलां बधां वस्त्र नीकळे केवी रीते? पण कोईने कोई रीते द्रौपदी ऊगरी तो जवी जोईअे, तेनी लज्जा ढांकवा कशोक उपाय तो करवो ज पडे, अे समय चमत्कारोनो

हतो अेटले अदृष्ट सत्ता द्वारा वस्त्र पुरायां. पछी कृष्णभक्तिनो महिमा विस्तरवा लाग्यो त्यारे कोई अनुगामी कविने कृष्णना पात्रने आणवानी अेक सरस तक मळी.

अेक बीजो नोंधपात्र प्रक्षेप सहदेवना अतिज्ञाननो छे. गुजरातना विख्यात कवि कान्ते 'अतिज्ञान' काव्य द्वारा आ कथाघटकने खूब ज जाणीतुं कर्युं छे. महाभारतनी समीक्षित आवृत्तिमां के गीताप्रेसनी आवृत्तिमां सहदेवना अतिज्ञाननी वात आवती नथी. तात्त्विक रीते जोईअे तो अतिज्ञान वरदान नहीं, अभिशाप छे. जाणीता चिन्तक कियर्केगार्दे पण संवेदननी अतिमात्राने अभिशाप तरीके ज ओळखावी हती. आ अतिज्ञाननुं कथाघटक क्यांथी, केवी रीते आव्युं तेनी तपास करवा जेवी छे. मध्यकाळमां महाभारत आधारित जे कृतिओ रचाई तेमां आ अतिज्ञाननो प्रवेश थयो छे. पूणेथी प्रगट थयेला 'प्राचीन चरित्रकोश'मां पण सहदेवना आ अतिज्ञाननो निर्देश नथी.

गुजरातमां कवि वल्लभनुं महाभारत खूब जाणीतुं छे. तेमां आ अतिज्ञाननी वात आवे छे. अेक वखत पाण्डु वनमां पक्षीओनी वात सांभळे छे. 'जे कोई आ पुरुषनुं काळजुं खाशे तेने त्रिकाळज्ञान थशे.' पाण्डु विचारे छे के मारा मृत्यु वखते पुत्रोने आ जाण करीश. अने अेवी जाण पाण्डु पुत्रोने करे छे पण खरा. पाण्डुना अग्निदाह वखते शबमांथी काळजुं काढी लई अेक हांल्लीमां उकाळवा मुकाय छे, पण आ घटनानी जाण भगवान श्रीकृष्णने थाय छे, तेओ ब्राह्मणवेशे आवीने चीलझडप करी पेली हांल्ली कबजे करवा जाय छे त्यारे सहदेव अेमना हाथमांथी हांल्ली पडावी दोट मूके छे. गरम गरम काळजुं उछाळतां उछाळतां अेनी वराळ सहदेवना नाक द्वारा प्रवेशे छे अने तेने त्रिकाळज्ञान थाय छे, ते श्रीकृष्णने पगे पडे छे. बंने वच्चे करार थाय छे. श्रीकृष्ण सहदेवने कहे छे – 'कोई पूछे नहीं त्यां सुधी तारे कशुं कहेवुं नहीं. कूवामां बधा पडता होय तो तारे पण अेमनी साथे कूवामां पडवुं.' सहदेव सामी शरत करे छे, 'अमारामांथी अेकेनुं मरण थाय तो तमारे पण मरी जवुं.'

स्वाभाविक रीते ज आ आखुं कथाघटक लोकसाहित्यमांथी आव्युं होवानुं अनुमान करी शकाय. हिन्दीना प्रख्यात विद्वान वासुदेव शरण अग्रवाले महाभारत पर अेक ग्रन्थ 'भारतसावित्री' लख्यो छे, तेमां पण सहदेवना अतिज्ञाननी

कथा नथी. अतिज्ञाननुं कथाघटक अेक रीते रोमांचक छे अने कान्ते अेने केन्द्रमां राख्युं अे पण अेक मोटी वात गणाय.

आवा प्रक्षेपोनी चर्चा इतिहास, समाजविद्याना सन्दर्भे वधु व्यवस्थित रीते थवी जोईअे. वेदकाळना समाजथी मांडीने मध्यकालीन समाजमां थयेलां परिवर्तनोनां सन्दर्भे ज प्रक्षेपोनी चर्चा थई शके. वळी जे ते प्रक्षेपो समयना कया बिन्दुअे थया तेनी माहिती इतिहासकार वधु सारी रीते आपी शके. धर्मसत्ता, राजसत्ता अने जन-सत्ताना संवाद-विसंवाद पण प्रक्षेपो जेवी घटनाओने साकार करवामां महत्त्वनो भाग भजवे छे. आनो पूरेपूरो ख्याल मेळववा माटे आपणां पुराणोने ध्यानमां राखवां पडे.

केटलीक वखत सूत्रात्मक पंक्तिओ पण मूळ वाचनामां न होय अने पाछळथी प्रवेशी जती होय छे. दा.त. दुर्योधनना मोढामां मूकेली जाणीती उक्ति 'जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्तिः, जानाम्यधर्मं न च मे निवृत्तिः.' (धर्म जाणतो होवा छतां तेनुं आचरण करी शकतो नथी अने अधर्म जाणतो होवा छतां अेमांथी निवृत्त थई शकतो नथी.) आ मात्र दुर्योधननी उक्ति बनी रहेवाने बदले मानवमात्रनी उक्ति नथी बनी रहेती? अेक ग्रीक नाटकमां पण आवा ज भावार्थवाळी उक्ति जोवा मळे छे. जाणीता कविविवेचक टी. एस. अेलियट कहे छे ते प्रमाणे धर्मप्रवृत्ति के धर्मनिवृत्ति - आ बेमांथी अेक प्रवृत्ति थती होय त्यां सुधी ते मानवीनी प्रवृत्ति लेखाय; बीजा शब्दोमां मानव्यनी पहेली शरत सद् के असद्नुं आचरण करवानी छे. हवे महाभारतनी समीक्षित वाचनामां क्यांय दुर्योधनना मोढामां आवी उक्ति मूकवामां आवी ज नथी.

महाभारतमां युधिष्ठिर सत्यवादी तरीके जाणीता हता, आम तो ते धर्मपुत्र हता. आ महायुद्धमां अेक तबक्के द्रोणना हाथे पाण्डवसेनानो संहार थाय अेवी परिस्थिति उभी थई. श्रीकृष्णने आ संहार स्वीकार्य न हतो, अेटले तेओ भीमसेन पासे अश्वत्थामा नामनो हाथी मरावी नाखे छे अने भीमसेन द्रोण पासे जईने बूम मारे छे - अश्वत्थामा मरायो, अश्वत्थामा मरायो. द्रोणने पोतानो पुत्र अश्वत्थामा बहु वहालो हतो, तेना मृत्यु पछी युद्ध करवानो अर्थ शो? पण द्रोणने भीमसेन पर विश्वास नहीं, युधिष्ठिर कहे तो ज वात साची मनाय. कृष्ण युधिष्ठिरने समजावे छे, प्राण बचाववा असत्यनो आश्रय लेवो पडे तो ते असत्य न गणाय. छेवटे

युधिष्ठिर बोले छे, 'हा, अश्वत्थामा मरायो.' पछी द्रोण न सांभळे तेम बोले छे, 'हाथी अश्वत्थामा मरायो.' आवुं बोल्या अेटले धरतीथी चार आगळ अध्धर रहेतो तेमनो रथ नीचे बेसी गयो. भारतमां युधिष्ठिरनी अेक उक्ति जाणीती थई - नरो वा कुंजरो वा. समीक्षित वाचनामां आ उक्ति नथी. अलबत्त पाछळथी प्रवेशेली आ उक्ति वधु प्रभावशाळी लागे छे. श्रीकृष्णना मोढामां अेक बीजी कथा अन्यत्र योजी छे. त्यां पण भावार्थ अे छे के आपणा सत्यवचनने कारणे कोई निर्दोषनो जीव जतो होय तो अे सत्य सत्य न कहेवाय.

आजे धारो के आ महाकाव्योनां पुनर्लेखन थाय तो अेमां शुं शुं नवुं उमेराशे? अे बधुं ज प्रक्षिप्त अने अेटले शुं अे बधुं फगावी देवानुं?

C/o. २३३, राजलक्ष्मी सोसायटी,
जूना पादरा रोड,
वडोदरा-७

* * *

तिर्यञ्च स्त्री से देवों के अल्पबहुत्व की तटस्थ समीक्षा

— आ. श्रीरामलालजी म.

सारांश :

तिर्यञ्च स्त्री से देव 'संख्येयगुण' है, लेकिन कहीं-कहीं 'असंखेज्ज' पाठ आने से 'असंख्येयगुण' माना जाने लगा।

इस विषय में उभय पक्ष से प्राप्त पाठ आदि की तटस्थ विचारणा से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि तिर्यञ्च स्त्री से देव संख्येयगुण ही है असंख्येय-गुण नहीं। एतत्सम्बन्धी संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है -

१. संख्यातगुणा के कई बोल मिलाकर असंख्यातगुणा हो सकते हैं। यहाँ इस परिकल्पना से संगति की जाने लगी; जो कि यहाँ कतई उपयुक्त नहीं है। (देखें 'भ्रान्त परिकल्पना' उपशीर्षक)

२. श्रीमद् जीवाजीवाभिगम सूत्र में अनेक स्थलों पर 'संख्येयगुणा' बताया है। (देखें-बिन्दु क्रमाङ्क-१)

३. श्रीमद् जीवाजीवाभिगम सूत्र की मलयगिरि टीका में प्रायः सर्वत्र 'संख्येयगुणा' है। (देखें-बिन्दु क्रमाङ्क-२)

४. असंख्येयगुणा मानने पर तिर्यञ्च स्त्री से गर्भज तिर्यञ्च नपुंसक को 'असंख्येय गुणा' मानना होगा, जो कि असंगत है, क्योंकि श्रीमद् भगवतीसूत्र में बताया है कि एक जीव एक भव में उत्कृष्ट पृथक्त्व लाख (संख्येय) पुत्र ही उत्पन्न कर सकता है। (देखें-बिन्दु क्रमाङ्क-३)

५. महादण्डक (९८ बोल) के ३८वें बोल से ४५वें बोल की तुलना से संख्येयगुणा स्पष्ट है तथा ३७वें बोल से ३८वें बोल को बहुत बड़ा संख्यातगुणा मानने की क्लिष्ट कल्पना अनौचित्य पूर्ण है। (देखें-बिन्दु क्रमाङ्क-४)

६. जीवसमास (सवृत्तिक) तथा षट्खण्डागम ('धवला' टीका सहित) से भी 'संख्येयगुणा' स्पष्ट है। (देखें-बिन्दु क्रमाङ्क-५ व ६)

विषयप्रवेश :

प्रज्ञापनासूत्र के तृतीय पद में महादण्डक सम्बन्धी वर्णन इत्यादि पाठों से देवों की संख्या तिर्यञ्च स्त्री की अपेक्षा संख्येयगुणी प्राप्त होती है, तथापि इसी तृतीय पद में वर्णित गतिसम्बन्धी अल्पबहुत्व आदि में 'तिर्यञ्च स्त्री से देव असंख्येयगुण' ऐसा पाठ क़हीं-कहीं आ जाने से महादण्डक में आगत संख्येयगुण को बड़े संख्येय के रूप में मानकर तिर्यञ्च स्त्री से देवों को असंख्येयगुण मानने की धारणा चलने लगी । इस विषय में उभयपक्षों में प्राप्त पाठादि की तटस्थ विचारणा से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि तिर्यञ्च स्त्री से देव संख्येयगुण ही हैं, *असंख्येयगुण नहीं* ।

एतत्सम्बन्धी सविस्तर समीक्षा इस प्रकार है -

⇨ भ्रान्त-परिकल्पना

श्रीमत् प्रज्ञापनासूत्र के तृतीय पद में आगत महादण्डक (९८ बोल की अल्पबहुत्व) में-

३७. जलचर तिर्यञ्च स्त्री से

३८. वाणव्यन्तर देव संख्यातगुणा

३९. उससे वाणव्यंतर देवी संख्यातगुणी

४०. उससे ज्योतिषी देव संख्यातगुणा

४१. उससे ज्योतिषी देवी संख्यातगुणी बताई गई है ।[१] तदनुसार तिर्यञ्च स्त्री से देवी संख्यातगुणा प्राप्त होती है ।

प्रज्ञापनासूत्र के इसी तीसरे पद में 'गति' नामक द्वितीय द्वार में तिर्यञ्च स्त्री से देव 'असंख्यातगुणा' एवं उससे देवी संख्यातगुणी बताई गई ।[२] इस पाठ की संगति हेतु महादण्डक में आए ३८वें, ३९वें एवं ४०वें बोल के संख्यात को बहुत बड़ा मानकर तीनों संख्यात के मिलने से असंख्यात हो जाएगा, इस प्रकार की परिकल्पना भी वर्तमान में कहीं-कहीं प्रचलित है ।[३]

आगमों के आधार पर तटस्थ विचारणा करने से यह समझा जा सकता है कि वस्तुतः तिर्यञ्च स्त्री से ज्योतिषी देव संख्येयगुण ही होते हैं, असंख्येयगुण नहीं । इसके अनेक हेतु हैं जो बिन्दुशः इस प्रकार हैं -

⇨ बिन्दु क्रमाङ्क-१

१. प्रज्ञापनासूत्र के पूर्वोक्त एक स्थल के आधार पर तिर्यञ्च स्त्रियों से देवों को असंख्यातगुणा बताया जा रहा है जबकि जीवाजीवाभिगमसूत्र में विभिन्न स्थलों पर तिर्यञ्च स्त्रियों से देव-देवियों को संख्येयगुणा बताया है । वे इस प्रकार हैं -

(१) जैसलमेर के आचार्य जिनभद्रसूरि ज्ञानभंडार में विद्यमान *जीवाजीवाभिगमसूत्र की एक ताड़पत्रीय प्रति*[४] *में जीवाजीवाभिगम सूत्र की तृतीय प्रतिपत्ति में तिर्यञ्च पुरुषों से देव पुरुषों को संख्येयगुणा बताया है ।*[५] *इस प्रति में* पाठों को अपेक्षाकृत विस्तार से लिखा गया हैं । अन्य कुछ प्रतियों में इसी स्थान पर पुरुषों की अल्पबहुत्त्व के विषय में 'जहेवित्थीणं' कहकर स्त्रियों की अल्पबहुत्व की भोलावण दी है ।[६]

यद्यपि टीकाकार आचार्य मलयगिरि ने स्त्रियों के अल्पबहुत्व का वर्णन करते हुए तिर्यञ्च स्त्रियों से देव स्त्रियों को असंख्येयगुण कह दिया है ।[७] किन्तु वे ही आचार्य मलयगिरि यहां पुरुषों के अल्पबहुत्व का वर्णन करते हुए तिर्यञ्च पुरुषों से देव पुरुषों को संख्येयगुणा कह रहे हैं ।[८] (विशेष स्पष्टीकरण बिन्दु क्रमाङ्क २ में देखें)

(२) जीवाजीवाभिगमसूत्र की सर्वजीवप्रतिपत्ति के अन्तर्गत अष्टविध प्रतिपत्ति में 'तिर्यञ्च स्त्री से देव को संख्येयगुणा' बताया है ।[९]

(३) जीवाजीवाभिगमसूत्र की षष्ठ 'सप्तविध' प्रतिपत्ति में 'तिर्यञ्च स्त्री से देव को संख्येयगुणा' बताया है ।[१०]

(४) जीवाजीवाभिगमसूत्र की द्वितीय 'त्रिविध' प्रतिपत्ति में 'तिर्यञ्च स्त्री से देव पुरुषों को संख्येयगुणा' बताया है ।[११]

(५) जीवाजीवाभिगमसूत्र की द्वितीय 'त्रिविध' प्रतिपत्ति में 'तिर्यञ्च स्त्री से देव स्त्रियों को संख्येयगुणी' बताया है ।[१२]

उपर्युक्त इन स्थलों पर किन्हीं-किन्हीं मुद्रित अथवा हस्तलिखित प्रतियों में कदाचित् लिपिप्रमादादिवश संख्येय की जगह असंख्येय भी अङ्कित हो गया है, तथापि मलयगिरि टीका में प्रायः सर्वत्र 'संख्येयगुण' का स्पष्टोल्लेख प्राप्त है।

⇨ बिन्दु क्रमाङ्क-२

जीवाजीवाभिगमसूत्र की मलयगिरि टीका के एतद्विषयक वर्णन के प्रसंगों में से एक स्थल (देखें टिप्पण क्रमाङ्क ७) को छोड़कर शेष सभी स्थलों (देखें इस लेख की टिप्पणी क्रमाङ्क - ९, १०, ११, १२) से यह स्पष्ट है कि तिर्यञ्च स्त्री से देव या देव स्त्री, संख्यातगुणी अधिक होती है।

जिस एक स्थल पर टीकाकार ने तिर्यञ्च स्त्री से देव स्त्री को असंख्यात-गुणी अधिक बताया है, इसकी अशुद्धता स्वयं टीकाकार द्वारा आगे प्रस्तुत किए गए पाठ से प्रकट होती है। आगे जहाँ आगम में पुरुषों की अल्पबहुत्व की बात दी गई है, वहाँ 'अप्पाबहुयाणि जहेवित्थीणं' (जीवाजीवाभिगमसूत्र, द्वितीय प्रतिपत्ति, सूत्र ५६-आगमोदय समिति) कहकर पुरुषों के अल्पबहुत्व को स्त्रियों के अल्पबहुत्व के समान बताया है। इसी प्रकरण को स्पष्ट करते हुए टीकाकार ने तिर्यञ्च पुरुषों से देवपुरुषों को संख्येयगुणा बताया है। वह टीका पाठ इस प्रकार है -

''सर्वस्तोका मनुष्यपुरुषाः सङ्ख्येयकोटीकोटीप्रमाणत्वात्, तेभ्यस्तिर्यग्यो-निकपुरुषा असङ्ख्येयगुणाः, प्रतरासङ्ख्येयभागवर्त्यसङ्ख्येयश्रेणिगताकाशप्रदेश-राशिप्रमाणत्वात्तेषां, तेभ्यो देवपुरुषाः सङ्ख्येयगुणाः, बृहत्तरप्रतरासङ्ख्येयभागवर्त्य-सङ्ख्येयश्रेणिगताकाशप्रदेशराशिप्रमाणत्वात्।''

चूँकि जीवाजीवाभिगमसूत्र की कुछ प्रतियाँ पुरुषों के अल्पबहुत्व के प्रसंग पर स्त्रियों के अल्पबहुत्व की भोलावण देकर (अतिदेश करके) उसे स्त्रियों के अल्पबहुत्व के समान कह रही है[१३], इसी सूत्र की एक अन्य प्रति खुला पाठ देकर पुरुषों के अल्पबहुत्व के प्रसंग पर स्पष्टतः तिर्यञ्च पुरुषों से देव पुरुषों को संख्येयगुण कह रही है[१४] तथा इसी सूत्र की टीका करते हुए टीकाकार, पुरुषों के अल्पबहुत्व में तिर्यञ्च पुरुषों से देव पुरुषों के संख्येयगुणा मान रहे हैं,[१५] *अतः यह स्पष्ट है कि स्त्रियों के अल्पबहुत्व में भी तिर्यञ्च स्त्रियों से देव स्त्रियाँ* संख्येयगुण अधिक ही मान्य है।

जीवाजीवाभिगमसूत्र के एतद्विषयक इतने वर्णन मिल जाने पर प्रज्ञापना-सूत्र के तृतीय पद के गति द्वार में आगत 'असंख्येयगुण' पाठ की शुद्धता संदिग्ध हो जाती है। अतः मात्र प्रज्ञापनासूत्र के एक पाठ के आधार पर

महादण्डक (९८ बोल के अल्पबहुत्व) में ३७वें बोल से ४१वें बोल में अर्थात् तिर्यञ्च स्त्री से ज्योतिषी देवी को, क्रमशः संख्येय गुणा-संख्येय गुणा वर्णन होने पर भी सबको मिलाकर क्लिष्ट कल्पना से असंख्यात मानना उचित नहीं है।

⇨ बिन्दु क्रमाङ्क-३

भगवतीसूत्र शतक २ उद्देशक ५ में कहा है कि "एक जीव एक भव में उत्कृष्ट पृथक्त्व लाख पुत्र उत्पन्न कर सकता है।[१६]

प्रज्ञापनासूत्र के तृतीय पद में प्राप्यमाण महादण्डक (९८ बोल के अल्पबहुत्व) में ४१वें बोल ज्योतिषी देवी से ४२वें बोल (गर्भज) खेचर नपुंसक को संख्येयगुण माना है।[१७]

यदि तिर्यञ्च स्त्री से देवों को असंख्येयगुणा माना जाए तो तिर्यञ्च स्त्री से गर्भज तिर्यञ्च नपुंसकों को भी असंख्येयगुणा मानना होगा अर्थात् ऐसा मानना होगा कि एक स्त्री असंख्य पुत्रों को जन्म देगी जो कि भगवतीसूत्र के उपर्युक्त कथन से विरुद्ध होगा क्योंकि वहाँ स्पष्ट बताया है कि एक जीव एक भव में पृथक्त्व लाख अर्थात् संख्येय पुत्रों को जन्म दे सकता है इससे यह सिद्ध होता है कि २६वें बोल में तिर्यञ्च स्त्री से ४१वाँ बोल ज्योतिषी देवी संख्येयगुणी ही है, असंख्येय गुणी नहीं।

⇨ बिन्दु क्रमांक-४

महादण्डक में ३७वें बोल से ४५वें बोल तक का अल्पबहुत्व इस प्रकार बताया है :—

३७. जलचर तिर्यञ्च स्त्री संख्येयगुणी
३८. वाणव्यन्तर देव संख्येयगुणा
३९. वाणव्यन्तर देवी संख्येयगुणी
४०. ज्योतिष्क देव संख्येयगुणा
४१. ज्योतिष्क देवी संख्येयगुणी
४२. खेचर तिर्यञ्च नपुंसक संख्येयगुणा
४३. स्थलचर तिर्यञ्च नपुंसक संख्येयगुणा
४४. जलचर तिर्यञ्च नपुंसक संख्येयगुणा
४५. चतुरिन्द्रिय पर्याप्त संख्येयगुणा[१८]

३८वें बोल से ४५वें बोल की तुलना :

प्रज्ञापनासूत्र के बारहवें पद में वाणव्यन्तरों की संख्या संख्येय सौ योजन वर्ग से विभाजित प्रतर के परिमाण वाली कही है।[१९] प्रज्ञापनासूत्र की मलयगिरि टीका, जीवाजीवाभिगमसूत्र की मलयगिरि टीका में पर्याप्त चतुरिन्द्रियों की संख्या अंगुल के संख्यातवें भाग (वर्ग) से विभाजित प्रतर के परिमाण वाली कही है।[२०]

तदनुसार ३८वें बोल वाणव्यन्तर देवों की अपेक्षा ४५वाँ बोल पर्याप्त चतुरिन्द्रिय संख्येयगुणा ही प्राप्त होता है। यथा-

''संख्यात सौ योजन वर्ग ÷ अंगुल के संख्यातवें भाग वर्ग = संख्यात''

३७वें बोल से ३८वें बोल को संख्यातगुणा अधिक बताया है। आगे ३८वें बोल से ४५वें बोल तक के प्रत्येक बोल को भी संख्येयगुणा अधिक माना है तथा ३८वें बोल से ४५वाँ बोल भी संख्येयगुणा ही कहा है अर्थात् ३९वें, ४०वें, ४१वें, ४२वें, ४३वें, ४४वें तथा ४५वें - इन सारे संख्यातगुणा अधिक के बोलों को मिलाने पर भी ३८वें बोल से ४५वाँ बोल असंख्येयगुणा नहीं होकर संख्येयगुणा ही रहता है। इन सात बोलों (३९ नं. से ४५ नं.) के 'संख्येयगुण' को मिलाने पर भी संख्येयगुणा ही रहता है तो ३७वें से ४०वें बोल में मात्र ३८वें, ३९वें एवं ४०वें - इन तीन 'संख्यातगुणा' को मिलाने पर 'असंख्यातगुणा' कैसे माना जाए? इन तीन में भी ३८वें से ३९वें के संख्यातगुण का प्रमाण 'बत्तीस गुणा बत्तीस अधिक' माना है[२१] तथा ३९वें से ४०वें बोल के संख्यातगुण का प्रमाण भी लगभग ''संख्यात सौ योजन वर्ग ÷ २५६ अंगुल वर्ग''[२२] अर्थात् इन दोनों संख्यातगुणों में संख्यात का परिमाण बहुत ही छोटा संख्यात है। ऐसी स्थिति में ३७वें बोल से ३८वें बोल के संख्यातगुण अधिक में 'संख्यात' को अत्यधिक बड़ा मानने की अतिक्लिष्ट कल्पना करने पर ही ३७वें बोल से ४०वाँ बोल असंख्यातगुणा हो सकता है।

इस प्रकार की कल्पना तभी औचित्यपूर्ण कही जा सकती थी जब आगम स्पष्टतः सर्वत्र तिर्यञ्च स्त्री से देवों को असंख्येयगुण अधिक कहते, किन्तु चूँकि आगम पाठों में संख्येय एवं असंख्येय ये दोनों पाठ प्राप्त हो रहे हैं, टीकाकार प्रधानता से संख्येयगुण ही कह रहे हैं, जीवसमास आदि में भी संख्यातगुणा

का उल्लेख है,[२३] अतः ३७वें बोल से ३८वें बोल को बहुत बड़ा संख्यातगुणा मानने की क्लिष्ट कल्पना कथमपि औचित्यपूर्ण नहीं कही जा सकती। तदनुसार ३७वें बोल से ३८वें बोल को सामान्य संख्येयगुण अधिक मानना चाहिए।

३८वें बोल से ४०वाँ बोल छोटा संख्येयगुणा अधिक है, यह ऊपर कहा जा चुका है। वैसी स्थिति में यह स्वतः सिद्ध है कि ३७वें बोल से ४०वां बोल संख्येयगुण अधिक है अर्थात् तिर्यञ्च स्त्री से देव संख्येयगुण ही है।

⇨ बिन्दु क्रमांक-५

'जीवसमास' गाथा २७२ एवं उसकी मलधारी हेमचन्द्रसूरिजी कृत वृत्ति में भी तिर्यञ्च स्त्री से देवों को संख्येयगुणा ही बताया है।[२४]

जीवसमास गाथा १५२ एवं उसकी मलधारी हेमचन्द्रसूरिजी कृत वृत्ति से भी यही अर्थ निकलता है कि तिर्यञ्च स्त्री से देव संख्येयगुणा है।[२५]

⇨ बिन्दु क्रमांक-६

इसके अतिरिक्त दिगम्बर ग्रन्थ 'षट्खण्डागम' तथा उसकी धवला टीका में भी ऐसा स्पष्ट उल्लेख है कि तिर्यञ्च स्त्री से देव संख्येयगुणा है।[२६]

⇨ उपसंहार :

उपर्युक्त प्रमाणों से सुसिद्ध है कि तिर्यञ्च स्त्री से देव स्त्री संख्येयगुण ही है। किन्हीं-किन्हीं सूत्रपाठों में तिर्यञ्च स्त्री से देव या देवपुरुष या देवस्त्री के असंख्येयगुण होने का जो कथन हुआ है, वह लिपि-प्रमादादि से समझना चाहिए।

*

सन्दर्भ स्थल

१. ३७. जलचरपंचेंदियतिरिक्खजोणिणीओ संखेज्जगुणाओ
३८. वाणमंतरा देवा संखेज्जगुणा
३९. वाणमंतरीओ देवीओ संखेज्जगुणाओ
४०. जोइसिया देवा संखेज्जगुणा
४१. जोइसिणीओ देवीओ संखेज्जगुणाओ
— प्रज्ञापनासूत्र (पद ३) सूत्र ३३४, सम्पादक - मुनि श्रीपुण्यविजयजी

२. "एतेसिं णं भंते ! नेरइयाणं तिरिक्खजोणियाणं तिरिक्खजोणित्थीणं मणुस्साणं मणुस्सीणं

देवाणं देवीणं सिद्धाण य अट्ठगतिसमासेणं कतरे कतरेहिंतो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा ?

गोयमा! सव्वत्थोवाओ मणुस्सीओ, मणुस्सा असंखेज्जगुणा, नेरइया असंखेज्जगुणा, तिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ, देवा असंखेज्जगुणा, देवीओ संखेज्जगुणाओ, सिद्धा अणंतगुणा, तिरिक्खजोणिया अणंतगुणा ।''

- प्रज्ञापनासूत्र (पद-३) सूत्र २२६, सम्पादक - मुनि श्रीपुण्यविजयजी

३. ''संख्यातगुण के कई बोल मिलकर असंख्यातगुण हो सकते हैं । ९८ बोलों में अन्तिम ४०वाँ बोल देवों का आया है, वह ३७ बोल से तीन बोल आगे है । उन तीन बोलों को मिलाने से तथा पिछले देवों के बोलों को मिलाने से असंख्यगुण हो जाते हैं ।''

- समर्थ समाधान, भाग-२, प्रश्नोत्तर क्रमांक १२२९, पृ. २७५, तृतीय आवृत्ति, जून १९९९ (बहुश्रुत पं. समर्थमलजी म.सा. द्वारा दिये गये उत्तरों का संग्रह) सम्पादक-रतनलाल डोसी

४-५. ''एतेसि णं भंते! तिरिक्खजोणियपुरिसाणं मणु. देव पु. कतरे क(४) सव्वत्थोवा मणुस्सपु. तरि. असं. देवपुरि. संखे.'

- जीवाजीवाभिगम सूत्र, तृतीय प्रतिपत्ति, जेताजि २५-१, पत्र १०b

६. ''अप्पाबहुयाणि जहेवित्थीणं''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, तृतीय प्रतिपत्ति, सूत्र ५६ (आगमोदय समिति, पत्र ७१a)

७. ''सर्वस्तोका मनुष्यस्त्रियः.... ताभ्यस्तिर्यग्योनिकस्त्रियोऽसङ्ख्येयगुणाः... तत्ताभ्योऽपि देवस्त्रियोऽसङ्ख्येयगुणाः''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, तृतीय प्रतिपत्ति, सूत्र ५० पर मलयगिरि टीका, पत्र ६३a

८. ''सर्वस्तोकाः मनुष्यपुरुषाः, सङ्ख्येयकोटीकोटीप्रमाणत्वात्, तेभ्यस्तिर्यग्योनिकपुरुषा असङ्ख्येयगुणाः, प्रतरासङ्ख्येयभागवर्त्त्यसङ्ख्येयश्रेणिगताकाशप्रदेशराशिप्रमाणत्वात्तेषां, तेभ्यो देवपुरुषाः सङ्ख्येयगुणाः बृहत्तरप्रतरासङ्ख्येयश्रेणिगताकाशप्रदेशराशिप्रमाणत्वात् ।''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, तृतीय प्रतिपत्ति, सूत्र ५६ पर मलयगिरि टीका, पत्र ७१b

९. (a) ''तिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ, देवा संखेज्जगुणा''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, सर्वजीवप्रतिपत्ति (अष्टविध), आगमोदय समिति, सूत्र २६२, पत्र ४६० ब; आगम प्रकाशन समिति, पृ. २०५; घासीलालजी भाग ३, पृ. १४९१; सुत्तागमे, पृष्ठ २६०

(b) ''तेभ्यस्तिर्यग्योन्योऽसङ्ख्येयगुणाः ताभ्यो देवाः सङ्ख्येयगुणाः''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र के उपर्युक्त पाठ पर मलयगिरि टीका, पत्र ४६१अ

१०. ''तिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणाओ, देवा संखेज्जगुणा''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, षष्ठ प्रतिपत्ति, अभिधान राजेन्द्र कोष, भाग १, पृष्ठ ६३६; गुरुप्राण फाउन्डेशन ट्रस्ट, पृ. ६८४

'ताभ्यो देवाः सङ्ख्येयगुणाः, वानमन्तरज्योतिष्काणामपि जलचरतिर्यग्योनिकीभ्यः सङ्ख्येयगुणतया महादण्डके पठितत्वात्'

- जीवाजीवाभिगमसूत्र के उपर्युक्त सूत्र पर मलयगिरि टीका, पत्र ४२८ब

११. ''तिरिक्खजोणित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ, देवपुरिसा संखेज्जगुणा'

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, द्वितीय प्रतिपत्ति - द्रव्यानुयोग, भाग ३, पृष्ठ १४४७ (गुजराती संस्करण); जैन विश्व भारती, लाडनूँ, सूत्र २/१४५ पृष्ठ २५३; गुरुप्राण फाउण्डेशन ट्रस्ट, पृष्ठ १६७, सूत्र ११९

१२. ''तिरिक्खजोणित्थियाओ असंखेज्जगुणाओ, देवित्थियाओ संखेज्जगुणाओ''

- जीवाजीवाभिगमसूत्र, द्वितीय प्रतिपत्ति- अभिधान राजेन्द्र कोष, भाग १ पृष्ठ ६६३; अमोलक ऋषिजी, पत्र ८४; राय धनपतसिंह बहादुर द्वारा प्रकाशित

१३. देखे टिप्पण क्रमांक-५

१४. देखिये टिप्पण क्रमांक-४

१५. देखिये टिप्पण क्रमांक-७

१६. ''एगजीवस्स णं भंते! एगभवग्गहणेणं केवइया जीवा पुत्तत्ताए हव्वमागच्छंति?
गोयमा! जहन्नेणं इक्को वा दो वा तिण्णि वा, उक्कोसेणं सयसहस्सपुहत्तं जीवा णं पुत्तत्ताए हव्वमागच्छंति।''

- वियाहपण्णत्तिसुत्तं, शतक २, उद्देशक ५, सूत्र ८(१) (महावीर जैन विद्यालय)

१७. (४१) जोइसिणीओ देवीओ संखेज्जगुणाओ
(४२) खहयरपंचेंदियतिरिक्खजोणिया णपुंसया संखेज्जगुणा
(४३) थलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणिया णपुंसया संखेज्जगुणा
(४४) जलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणिया णपुंसया संखेज्जगुणा

- प्रज्ञापनासूत्र, पद-३, सूत्र ३३४, सम्पादक - मुनि श्रीपुण्यविजयजी

१८. (३७) जलयरपंचेदियतिरिक्खजोणिणीओ संखेज्जगुणाओ
(३८) वाणमंतरा देवा संखेज्जगुणा
(३९) वाणमंतरीओ देवीओ संखेज्जगुणाओ
(४०) जोइसिया देवा संखेज्जगुणा
(४१) जोइसिणीओ देवीओ संखेज्जगुणाओ
(४२) खहयरपंचेंदियतिरिक्खजोणिया णपुंसया संखेज्जगुणा
(४३) थलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणिया णपुंसया संखेज्जगुणा
(४४) जलयरपंचेंदियतिरिक्खजोणिया णपुंसया संखेज्जगुणा
(४५) चउरिंदिया पज्जत्तया संखेज्जगुणा

- प्रज्ञापनासूत्र, (पद ३), सूत्र ३३४, सम्पादक - मुनिश्री पुण्यविजयजी

१९. ''वाणमंतराणं जहा णेरइयाणं ओरालिया आहारगा य। वेउव्वियसरीरगा जहा णेरइयाणं, णवरं तासि णं सेढीणं विक्खंभसूई संखेज्जजोयणसयवग्गपलिभागो पयरस्स''

– प्रज्ञापनासूत्र, (पद १२) सूत्र ९२२, सम्पादक – मुनि श्रीपुण्यविजयजी

२०. (i) ''सर्वस्तोकाश्चतुरिन्द्रियाः पर्याप्ताः यतोऽल्पायुषश्चतुरिन्द्रियास्ततः प्रभूतकालमवस्थानाभावात् पृच्छासमये स्तोका अवाप्यन्ते, ते च स्तोका अपि प्रतरे यावन्त्यङ्गुलसङ्ख्येयभागमात्राणि खण्डानि तावत्प्रमाणा वेदितव्याः''

– प्रज्ञापनासूत्र (पद ३) सूत्र-५८ पर मलयगिरि वृत्ति, पत्रांक-१२१ब (आगमोदय समिति)

– जीवाजीवाभिगमसूत्र, सूत्र २२५ पर मलयगिरि वृत्ति, पत्रांक ४१०ब (आगमोदय समिति)

(ii) ''खेत्तेण बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदिय-पंचिंदिय तस्सेव पज्जत्तअपज्जत्तेहि पदरं अवहिरदि अगुलस्स असंखेज्जदिभागवग्गपडिभाएण, अंगुलस्स संखेज्जदिभागवग्गपडिभाएण अंगुलस्स असंखेज्जदिभागवग्गपडिभाएण''

– षट्खण्डागम, द्वितीयक्षुद्रकबन्ध, द्रव्यप्रमाणानुगम नामक पाँचवां अनुयोगद्वार, सूत्र ६४ (षट्खण्डागम २/५/६४) पुस्तक ७, पृष्ठ २७० (सम्पादक – पं. फूलचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्री)

(iii) ''सूचिअंगुलस्स संखेज्जदिभागे वग्गिदे एदेसिं पज्जत्ताणमवहारकालो होदि''

– षट्खण्डागम २/५/६४ पर 'धवला' टीका, पुस्तक ७, पृष्ठ २७० (सम्पादक – पं. फूलचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्री)

२१. ''देवित्थियाओ देवपुरिसेहिंतो बत्तीसइगुणाओ बत्तीसरूवाहियाओ''

– जीवाजीवाभिगमसूत्र, द्वितीय प्रतिपत्ति, अन्तिम सूत्र (सूत्र ६४)

२२. ''जोतिसियाणं एवं चेव। णवरं तासि णं सेढीणं विक्खंभसूई बेछप्पण्णंगुलसयवग्गपलिभागो पयरस्स''

– प्रज्ञापनासूत्र (पद १२) सूत्र ६२२, सम्पादक – मुनि श्रीपुण्यविजयजी

२३. देखें बिन्दु ४ एवं ५

२४. (a) ''थोवा य मणुस्सीओ नर नरयतिरिक्खओ असंखगुणा।
सुरदेवी संखगुणा सिद्धा तिरिया अणंतगुणा ॥२७२॥''

– जीवसमास (अज्ञातकर्तृक), गाथा २७२, सम्पादक – आ. शीलचन्द्रसूरिजी

(b) ''तेभ्योऽपि तिरश्चोऽसङ्ख्येयगुणाः महादण्डके हि नारकेभ्यो(ऽ)सङ्ख्येयगुणास्तिर्यक(क्)पुरुषाः पठ्यन्ते तद्योषितस्तु तेभ्यस्त्रिगुणास्त्रिरूपाधिका इति युक्तं तासां नारकापेक्षयाऽसङ्ख्येयगुणत्वम्।

– जीवसमास गाथा २७२ पर मलधारी हेमचन्द्रसूरिजी कृत वृत्ति पृष्ठ २३१ सम्पादक – आ. शीलचन्द्रसूरिजी

२५. (a) संखेज्जहीणकालेण होइ पज्जत्ततिरियअवहारो ।
संखेज्जगुणेण तओ कालेण तिरिक्खअवहारो ॥५२॥
- जीवसमास (अज्ञातकर्तृक), गाथा १५२ सम्पादक- आ. शीलचन्द्रसूरिजी

(b) अथोत्तरार्द्धेनैतेषामपि मध्यान्निर्धार्य तिर्यग्योषितां प्रमाणमाह - 'संखेज्जगुणेण तओ' इत्यादि । ततो देवसम्बन्धिनः प्रतरापहारकालात् सङ्ख्यातगुणेन कालेन तिरश्चीनां प्रतरस्याऽपहारो मन्तव्यः । संवदति चेदं महादण्डकेन । यतस्तत्र व्यन्तरादि-देवेभ्योऽधस्तात् सङ्ख्यातभागवृत्तित्वेन तिरश्च्योऽधीताः व्यन्तरादिदेवास्तु ताभ्यः सङ्ख्यातगुणाः पठिता इति । अतो बहुत्वादमी तिरश्चीप्रतरापहारकालात् सङ्ख्यातगुणहीनेनापि कालेन प्रागभिहितनीत्या प्रतरमपहरन्ति । तिरश्च्यस्तु देवेभ्यः सङ्ख्यातगुणहीनत्वात् स्वल्पा इति तदपहारकालात् सङ्ख्यातगुणेन कालेन प्रतरमपहरन्तीति युक्तियुक्तमेवेति ।
- जीवसमास गाथा १५२ पर मलधारी हेमचन्द्रसूरिजी कृत वृत्ति पृष्ठ १३०
सम्पादक - आ. शीलचन्द्रसूरिजी

२६. (a) अट्ठ गदीओ समासेण ॥७॥
सव्वत्थोवा मणुस्सिणीओ ॥८॥
मणुस्सा असंखेज्जगुणा ॥९॥
णेरइया असंखेज्जगुणा ॥१०॥
पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीओ असंखेज्जगुणा ॥११॥
देवा संखेज्जगुणा ॥१२॥
देवीओ संखेज्जगुणाओ ॥१३॥
सिद्धा अंणतगुणा ॥१४॥
तिरिक्खा अणंतगुणा ॥१५॥
- षट्खण्डागम, द्वितीय क्षुद्रकबन्ध, ग्यारहवाँ अल्पबहुत्वानुगम
सूत्र ७ से १५ (षट्खण्डागम २/११/७-१५) पुस्तक ७, पृष्ठ ५२२-५२३
सम्पादक - पं. फूलचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्री

(b) ''एत्थ गुणागारो तप्पाओग्गसंखेज्जरूवाणि । कुदो? देव-अवहार-कालेण तेत्तीसरूवगुणिदेव पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीणमवहारकाले भागे हिदे संखेज्जरूवोवलंभादो'
- षट्खण्डागम २/११/१२ पर धवला टीका, पुस्तक ७, पृष्ठ ५२३
सम्पादक - पं. फूलचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्री

* * *

नमः श्रीश्रुतदेवतायै ॥

बृहत्कल्पचूर्णि - बृहत्कल्पबृहद्भाष्य के पीठिकाखण्ड की प्रस्तावना*

आगम और छेदसूत्र

भगवान् श्रीवीर वर्धमान जिनके धर्मशासन की मूल परम्परा के अनुसार पञ्चाङ्गी आगम प्रमाण माने जाते हैं। सूत्र, अर्थ, ग्रन्थ, निर्युक्ति, सङ्ग्रहणी ये पांच अङ्ग, अथवा सूत्र, निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, वृत्ति ये पांच अङ्ग, इनसे युक्त आगम प्रमाणरूप में स्वीकारा जाता है। 'आगम' यानी मूल सूत्रग्रन्थ, उनमें से अमुक ग्रन्थ पर निर्युक्ति, भाष्य एवं चूर्णि की रचना हुई है। ये सभी मूल ग्रन्थ के तात्पर्य को विशद करनेवाले ग्रन्थ ही हैं।

वर्तमान में उपलब्ध आगम की संख्या ४५ है। ११-अङ्गसूत्र, १२-उपाङ्गसूत्र, १०-प्रकीर्णकसूत्र, ६-छेदसूत्र, ४-मूलसूत्र, २-नन्दीसूत्र व अनुयोगद्वारसूत्र - ऐसे वे ४५ होते हैं।

इन ४५ में से 'छेदसूत्र' ग्रन्थों का प्रधान विषय, जैन मुनिओं के आचारपालन का, एवं आचारपालन में क्षति हो तो उसके लिए क्या दण्ड या प्रायश्चित्त हो यह है। यद्यपि इन बातों के प्रतिपादन के साथ आनुषङ्गिक अनेक तात्त्विक, दार्शनिक एवं व्यावहारिक विषयों का निरूपण भी यहाँ होता रहता ही है, तथापि प्रधान विषय तो प्रायश्चित्त-विधान ही रहा है।

इस विषय का प्रतिपादन करनेवाले मुख्य तीन ग्रन्थ हैं : कल्प, व्यवहार और निशीथ। इन तीनों का मूल स्वरूप सूत्रात्मक है। तीनों के उपर भाष्य एवं चूर्णि उपलब्ध है। निशीथ के अलावा दो छेदग्रन्थों के उपर वृत्ति की रचना भी हुई है। इन तीन में से निशीथसूत्र की चूर्णि एवं इतर दो सूत्रों की वृत्ति मुद्रित रूप में उपलब्ध है, परंतु कल्पसूत्र व व्यवहारसूत्र की चूर्णि अद्यावधि मुद्रित नहीं हुई है। यद्यपि कुछ समय पूर्व कल्पसूत्र की विशेषचूर्णि मुद्रित हो गई है, परंतु चूर्णि का मुद्रण अभी बाकी है।

---

* प्र. – श्रीहेमचन्द्राचार्य शिक्षणनिधि - अहमदाबाद, ई. २०१८

कल्पचूर्णि का सम्पादन

हमारा प्रयत्न, कुछ समय से, चूर्णिग्रन्थ के सम्पादन का एवं प्रकाशन का चल रहा है। परन्तु जैसे जैसे इस कार्य में आगे बढते हैं वैसे वैसे यह कार्य कितना गम्भीर और दुरूह है उसकी प्रतीति होती जा रही है।

यद्यपि हमारे द्वारा बृहत्कल्पचूर्णि का यह प्रथम पीठिकात्मक खण्ड पहले सम्पादित व प्रकाशित हो चुका है, परन्तु तदनन्तर बृहद्भाष्य का कार्य जब प्रारम्भ किया, तब उसके परिप्रेक्ष्य में चूर्णि एवं वृत्ति का पुनः अवलोकन करना हुआ। और तब लगा कि इन तीनों को साथ में रखकर ही पुनः सम्पादन एवं संशोधन किया जाना चाहिये। और हमने पुनः आरम्भ कर दिया, मानों पहले हमने कार्य किया ही नहीं है!। इस सुदीर्घ पुनः परिश्रम का परिणाम है यह प्रथम खण्ड।

पूर्व संस्करण के बारे में

हमारा खयाल था कि जैसे अन्य संस्कृत आदि ग्रन्थों का कार्य करने में पहले प्रतिलिपि की जाय, और तदनुसार एक शुद्ध लगनेवाली वाचना तैयार कर देना होता है ऐसा इस चूर्णिग्रन्थ में भी करेंगे तो ग्रन्थ तैयार हो जायेगा। हमने जो इस चूर्णि का पीठिकात्मक प्रथम-खण्ड प्रकाशित किया है वह इसी खयाल में किया गया कार्य है, यह स्वीकारना चाहिए। बढते समय, वांचन व अनुभव के साथ स्पष्ट हुआ कि वह कार्य योग्य एवं यथार्थ, जैसा होना चाहिए वैसा, नहीं हुआ। किसी को दोष देने से हमारी जिम्मेदारी कम नहि होती है। अतः यहाँ हम निवेदन करेंगे कि इस ग्रन्थ के उक्त प्रकाशन को अब अनुपयुक्त समझा जाय। उसके आधार पर कोई अपना शोधकार्य एवं स्वाध्यायकार्य न करे। अस्तु।

नये सम्पादन की विशेषता

इस नये संस्करण में हमें कोई नई या दूसरी प्रति प्राप्त हुई है ऐसा नहीं। जो प्रतियाँ पहले थी, उन्हीं का आधार इस संस्करण में भी लिया गया है। हम इस चूर्णिग्रन्थ को, कल्पवृत्ति एवं कल्पबृहद्भाष्य - दोनों के पीठिका-खण्ड के साथ रखकर बार बार पढते रहे। तीनों के पाठों को अर्थसंगति की दृष्टि से सतत देखते रहे और वाचना का शुद्धीकरण करते गये। फलस्वरूप —

१. चूर्णि की वाचना यथासंभव अधिकांश में शुद्ध हुई ।

२. गाथाओं का क्रम पुनः प्रस्थापित हुआ ।

३. छूट जानेवाली गाथाओं का यथास्थान निवेश-समावेश किया, तो अनावश्यक गाथाओं को निकाल भी दी ।

४. चूर्णिग्रन्थ का विवरणात्मक अंश व अवतरणात्मक अंश - दोनों कई जगह पर एक-दूसरे में घुलमिल गये थे, उन अंशों का उचित विभाजन व व्यवस्थापन हुआ ।

५. प्रथम संस्करण में जो पाठान्तर टिप्पणीरूप में लिये थे, उनमें से कई पाठ मूल वाचना के अनुरूप थे, अतः ऐसे पाठों को वाचना में समाकर, वाचनावाले पाठों को पाठान्तर बनाये ।

६. ताडपत्रपोथी में भी पुनर्वाचन के समय पर कितनेक अच्छे व सुसंगत पाठ प्राप्त हुए, तो उनको भी यथास्थान ले लिये ।

७. चूर्णिकार को मान्य जो भाष्यवाचना रही होगी, अथवा जिस वाचना के शब्द एवं पाठ पर चूर्णिकार ने चूर्णि बनाई है, उस वाचना का चूर्णिग्रन्थ के अनुसार पुनः संयोजन किया । पहले संस्करण में कल्पभाष्य-गाथाओं की वाचना लगभग वृत्तिग्रन्थ में मुद्रित गाथाओं का अन्ध अनुसरणमात्र था । जब गौर से चूर्णि का वाचन हुआ, तब पता चला कि गाथा में जो पद हैं उसकी या उनकी व्याख्या चूर्णि में नहि है, और चूर्णि में जिस या जिन पद का विवरण है, वह गाथाओं में नहि है । तो हमने भरपूर प्रयास करके चूर्णिसम्मत भाष्यवाचना का संयोजन किया है । अध्येताओं को वृत्तिग्रन्थ की गाथाओं में और चूर्णिग्रन्थ की गाथाओं में अगर भिन्नता मालूम पडे, तो उसका कारण यही है ।

८. विरामचिह्नों को हरसम्भव यथास्थान लगाये । पूर्व संस्करण में विरामचिह्न आगे-पीछे यानी जहाँ होने चाहिये एवं जैसे होने चाहिये वहाँ और वैसे न होने से अर्थसंगति एवं पाठसंगति में बहुत कठिनाई व क्षति होती थी । यहाँ यथाशक्य उसका निवारण किया गया है ।

बृहद्भाष्य की बात

बृहत्कल्प-बृहद्भाष्य के विषय में भी कुछ कहना है। बृहद्भाष्य की प्रतिलिपि पं. रूपेन्द्रकुमार पगारिया ने कागज-प्रतियों के आधार से लिखी थी। वही हमारे सामने थी। हमने बृहद्भाष्य की २ ताडपत्रपोथी प्राप्त की। उनको सामने रखकर हमने बृहद्भाष्य की पुनः प्रतिलिपि लिखी। बाद में ताडपत्रीय वाचना को कागजप्रतियों के साथ अक्षरशः मिलाई। ताडपत्रसमेत सभी प्रतियाँ अशुद्ध व भ्रष्ट पाठों से भरी थी। फिर भी भ्रष्ट पाठों को कई जगह पहचान पाये, पकड सके, और थोडा थोडा शुद्ध कर सके।

तदनन्तर बृहद्भाष्य के साथ चूर्णि एवं वृत्ति को रखकर पुनः पठन किया। फलतः तीनों ग्रन्थों की कई क्षतियाँ सुधार सके और उनकी वाचना अधिक स्वच्छ हो सकी। पश्चात् बृहद्भाष्य को पुनः लिखा। लिखने से पूर्व, लिखते वक्त एवं लिखने के बाद भी सतत अन्यान्य ग्रन्थों के उपयुक्त सन्दर्भों के साथ बृहद्भाष्य के एवं चूर्णि के पाठों का मिलान और तुलना करते गये और जहाँ जो भी उचित व उपयुक्त प्राप्त हुआ उसका विनियोग इन दोनों में करते गये। और कई स्थान ऐसे भी हैं जहाँ, हमारे निरन्तरतापूर्ण एवं सातत्यपूर्ण इस विषय के अध्यवसाय व व्यवसाय बने रहने के कारण, हमें योग्य व शुद्ध पाठ की सहज स्फुरणा हुई, और बाद में ग्रन्थसन्दर्भों के साथ उसे मिलाते तो उसे उनका समर्थन मिलता रहा, तो इस तरह भी वाचनाशुद्धि हमने की है।

यहाँ पुनः स्पष्टता करेंगे कि सहज स्फुरणा हो या अन्य सन्दर्भों का आधार हो, हमने जो भी शुद्धीकरण एवं सुधारा किये हैं उनमें हमारी मतिकल्पना का एक अंश भी नहि है। हरएक सुधारा अन्यान्य शास्त्र को आधार बनाकर, अथवा शास्त्राधीन ही किया गया है। जहाँ शास्त्राधार व शास्त्राधीनता न हो वैसी कल्पना तो स्वच्छन्दता ही होगी, जो हमें उत्सूत्रकथन की ओर ले जा सकती है। अतः मतिकल्पना और स्फुरणा को लेकर कोई गलतफहमी न करें या बगैर देखे-सोचे गलत आक्षेपबाजी न करें। हाँ, क्षति हो तो अवश्य दिखाएँ, क्योंकि हम भी छद्मस्थ व अज्ञ जीव हैं, क्षति न हो ऐसा हम दावा नहि कर सकते, अतः जहाँ, जो भी क्षति दिखाई दे उसकी ओर हमारा ध्यान अवश्य दिलावें, इतनी विज्ञप्ति।

जैसा कि उपर कहा, बृहद्भाष्य की ताडपत्रप्रतियाँ एवं कागज की

प्रतियाँ अत्यन्त अशुद्ध एवं भ्रष्ट वाचना देती हैं। अतः उस वाचना को स्पष्ट एवं शुद्ध करने का कार्य बडा ही श्रमसाध्य और अनुभवसाध्य था। हमारी मर्यादा यह थी कि हमारे पास श्रम तो था, मगर अनुभव नहि था। और जिस की सहाय की आशा की जाय ऐसा कोई अनुभवी व्यक्ति भी न था। प्रवाह से उलटी दिशा में तैरने जैसा विकट था यह कार्य !।

१. बृहद्भाष्य की गाथा १ से २२ लिखने के बाद, २२ वीं गाथा के उत्तरार्ध से ही गा. ४७९ का आरम्भ हरएक प्रति में हो गया है। यह क्रम गा. ५१३ पर्यन्त चलता है, और वहाँ ५१३ के बाद यकायक २३ वीं गाथा मिलती है। और ऐसी उथलपुथल ग्रन्थ में कई बार आती है। अब कोई भी पढनेवाला पूरे ग्रन्थ का संघटन कैसे कर पाएगा ?। हमने भी अगर अपने हाथों से बृहद्भाष्य न लिखा होता, और थक गये होते, तो यह कार्य नहीं ही कर पाते।

२. पाठों की भ्रष्टता के उदाहरण - 'पयत्थ' के बदले 'पसत्त' (गा. ५११), 'वन्नंति' के बदले 'यत्तंति' (५०१), 'निव्वत्ती' के बदले 'निज्जुत्ती' (५०८), 'होंतिमे तु' के बदले 'होतिमोतु' (५२८), ऐसे सहस्राधिक भ्रष्ट पाठ थे, जहाँ हमें सही पाठ की कल्पना करने की थी।

३. कई गाथाएँ त्रुटित थी। या तो आधी-अधूरी थी, या तो गाथा के थोडे शब्द हो, शेष न हो ऐसा भी था। उन त्रुटित अंशों की संघटना, पूर्वापर सन्दर्भ एवं प्रकरण आदि के अनुसार कल्पना से करनी होती थी, और जहाँ मिले वहाँ चूर्णि एवं वृत्ति का आधार भी लेते थे।

४. गाथाओं के अङ्क या तो अनेक जगह थे नहि। थे तो कहीं कहीं गाथा के प्रथम चरण पर ही या तीसरे चरण पर ही अङ्क लिख दिया होता था। कहीं पूर्वार्ध में एक गाथाङ्क और उत्तरार्ध में दूसरा गाथाङ्क होता था। पूरी प्रति में ऐसा था। वहाँ हर जगह छन्द के बंधारण को एवं विषयनिरूपण को ध्यान में रखकर गाथाओं का व उनके क्रम का गठन हमने किया है।

५. अर्थ की दृष्टि से भी अस्पष्ट हो, उचित या संगत न हो, ऐसे पाठ अनेक जगह पर थे। एक-दो उदाहरण लें –

गा. ६२९ में 'रुक्खापुव्वेतकवा' पाठ था। यहाँ ग्रन्थकार क्या कहना

चाहते थे यह कई दिनों तक हमारी समज में नहि आया। पन्ने फेरते रहे, सन्दर्भ खोजते रहे। एक दिन अचानक स्फुरणा हुई : 'रुक्खापु' को 'रुक्खायु' पढा जाय तो ?, और प्रकाश हो गया - 'रुक्खायुव्वेतकता' यानी यहाँ 'वृक्षायुर्वेद' से किसी क्रिया करने का सन्दर्भ था। अब यह बात खुल जाने के बाद बडी आसान लगेगी, लेकिन जब तक नहि खुली थी, तब की मनःस्थिति व परिश्रम की तो हमें ही खबर है।

गा. ७०७ में 'सामयणाते' पाठ था। बहुत सोचने व खोजने पर भी स्पष्टता नहि होती थी। सहसा एक दिन चूर्णिगत 'अप्पग्गंथ महत्थं' गाथा की चूर्णि पर ध्यान गया, और स्पष्ट हो गया कि यहाँ 'सामातियं-ऽजणाति' पाठ होना चाहिए।

गा. ७३९ में 'सधगंति सत्तंते' पाठ आया। बहुत परेशानी हुई। उसको यथावत् रखकर आगे भी बढे। और एक बार सहसा स्फुरा कि यहाँ 'यति' की बात है और वह छन्द से जुडी हुई चीज है, तो यहाँ कोई छन्द का नाम तो नहि है ?, जरा जमकर सोचा तो लगा कि यहाँ 'सद्धरम्मि सत्तंते' पाठ होना चाहिए, क्योंकि 'स्रग्धरा' छन्द में सातवें अक्षर पर 'यति' आती है। और यह कई दिनों की माथापच्ची के बाद स्पष्ट हुआ था।

इन सभी कठिनाईयों के बावजूद, जब भी ऐसे स्थान पर अर्थ से और विषयनिरूपण से सुसंगत पाठ की कल्पना स्फुरित हो जाय, और उस कल्पना या स्फुरणा को अन्यान्य शास्त्रसन्दर्भों के साथ मिलाने पर वह उचित होने की प्रतीति हो जाय, तब तो हमने आनन्दोत्सव की अनुभूति पाई है, और एतदर्थ किये गये सारे श्रम का जवाब या फल प्राप्त हो जाने का परितोष पाया है।

परन्तु इतने परिश्रम के बाद भी, हम, बृहद्भाष्य के एक अंश को यानी कि पीठिका-अंश को, उसके स्पष्ट, शुद्ध एवं महत्तम उचित रूप में, प्रस्तुत कर पाएं है उसका हमें तीव्र आनन्द है।

कर्तृत्व पर विमर्श

जैसे पूर्वसूरिओं को, वैसे हमें भी कुछ सवाल उठे हैं, उठते हैं, और उन सवालों का समाधान खोजने का प्रयत्न हमने भी किया है। यद्यपि पूर्वसूरिओं ने इन

सब सवालों पर गहराई से चिन्तन किया है, और उपलब्ध प्रमाणों के व अपने तर्कों के बल से उन सवालों का हल भी दिया है या तो देने का उद्यम किया है, अतः हम यहाँ कोई नयी बात या दलील कहेंगे ऐसा तो प्रायः नहि है। तथापि थोडा ऊहापोह अवश्य करना चाहेंगे। वे सवाल ऐसे हैं –

कल्पलघुभाष्यकार कौन ?

१. कल्प-लघुभाष्य के प्रणेता कौन हैं - संघदासगणि क्षमाश्रमण या सिद्धसेनगणि ?।

२. संघदास वाचक और संघदास क्षमाश्रमण - दो भिन्न भिन्न हैं या दोनों एक ही है ?।

३. भाष्यकार संघदासगणि, श्रीजिनभद्रगणि क्षमाश्रमण के पूर्ववर्ती या परवर्ती है ?।

४. कल्प एवं व्यवहार - इन दोनों के भाष्यों के प्रणेता एक है या पृथक् पृथक् ?।

यहाँ और भी प्रश्न हो सकते हैं, और प्रायः ये सभी प्रश्न एक-दूसरे के साथ जुडे हुए हैं, इसलिए एक के बाद एक की, क्रमशः, चर्चा करना जरा मुश्किल है। हम इन सवालों पर एकसाथ ही सोचेंगे।

आगमप्रभाकर श्रुतशीलवारिधि मुनिराज श्रीपुण्यविजयजी के अनुसार 'संघदास' नाम के आचार्य दो हुए हैं[१]। एक वसुदेवहिण्डी प्रथम-खण्ड के कर्ता 'वाचक' संघदास, और दो कल्पभाष्य के कर्ता संघदास 'क्षमाश्रमण'। चूंकि दोनों के साथ जुडी पदवी भिन्न भिन्न है[२], अतः दोनों अलग व्यक्ति हैं।

वाचक संघदासगणि, जिनभद्रगणि से पूर्ववर्ती हैं, निश्चित रूप से[३]। मगर क्षमाश्रमण संघदासगणि कब हुए यह एक उलझन ही रही है[४]। पुण्यविजयजी ने पहले ऐसा कहा कि भाष्यकार संघदासगणि महाभाष्यकार से पूर्ववर्ती हैं यह बात सन्दिग्ध है, और बाद में उन्होंने ही कह दिया कि वे पांचवीं शती में हुए हैं, महाभाष्यकार से पूर्ववर्ती, मगर वाचक संघदास से परवर्ती हैं[५]।

उनके अनुसार, कल्प, व्यवहार एवं निशीथ - तीनों छेदग्रन्थों के भाष्यों के कर्ता संघदासगणि ही होने चाहिए। कल्प एवं निशीथ - दोनों के भाष्यों में

देखे जाते गाथाओं के अतिसाम्य के कारण दोनों के कर्ता एक हो यह असंभव नहीं[६]। यद्यपि कल्पभाष्य की गाथा ३२८९ में आते 'सिद्धसेणो' पद को देखकर उन्होनें कल्पभाष्य के कर्ता 'सिद्धसेन' हो ऐसी कल्पना की है, परन्तु वहाँ भी 'सिद्धसेन', 'संघदास' का दूसरा नाम हो ऐसी कल्पना भी लिख दी है[७]।

एक और बात यह है कि वे व्यवहारभाष्य के कर्ता को महाभाष्यकार के पूर्ववर्ती मानते हैं, और वे 'अज्ञात' होने का भी कहते हैं[८]। लेकिन बाद में वे तीनों भाष्य के कर्ता एक ही है ऐसा जब तर्क करते हैं तब व्यवहारभाष्य के कर्ता अज्ञात भी नहि रह पाते, और कल्पभाष्य के कर्ता का पूर्ववर्तित्व भी स्वयं सिद्ध होता है।

समग्रता से उनके उक्त विचारों का आकलन करें तो उनके प्रतिपादन में दो विभाग स्पष्ट प्रतीत होंगे। पहले विभाग में कल्पभाष्य का महाभाष्य से पूर्ववर्तित्व सन्दिग्ध है और व्यवहारभाष्य के कर्ता अज्ञात हैं। दूसरे विभाग में कल्पभाष्य का पूर्ववर्तित्व स्पष्ट हो गया है और कल्प एवं व्यवहार - दोनों के भाष्यों के कर्ता एक होने का भी स्वीकार हो चुका है। उनके इन दोनों विचारों के बीच काफी समय का फासला है ही[९]।

इनके ये सब विचार 'ज्ञानांजलि'-संज्ञक उन्हीं के अभिवादन-ग्रन्थ में उपलब्ध हैं, वहाँ उनके दो विस्तृत आलेख अनेक दृष्टि से पठितव्य हैं, और उनकी बहुश्रुत प्रज्ञा के परिचायक भी।

श्रीमोहनलाल महेता अपने ग्रन्थ 'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास - भाग - ३' में इस विषय पर कुछ उपयुक्त ऊहापोह करते हैं वह इस प्रकार है –

'वादी, क्षमाश्रमण, दिवाकर, वाचक' ये सब शब्द एकार्थक हैं, एक ही पदवी के लिए प्रयुक्त होते हैं, अतः कहीं पर 'वाचक' शब्द हो और कहीं पर 'क्षमाश्रमण' शब्द प्रयुक्त हो, तो उससे उन व्यक्तिओं में भिन्नता की कल्पना अनावश्यक है[१०]। एक ही व्यक्ति के साथ पदवीसूचक विविध शब्द जुड सकते हैं। जैसे कि महाभाष्यकार को हम 'जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण' के नाम से जानते हैं, मगर 'अकोटा' से प्राप्त धातुप्रतिमा के उपर, जिनभद्रगणि का नामोल्लेख देखने मिलता है वहाँ 'क्षमाश्रमण' नहि, अपितु 'वाचनाचार्य' शब्द लिखा देखा जाता है[११]। अब वे हैं तो वे ही जिनभद्रगणि - महाभाष्यकार। अतः पदवाचक शब्द के भेद से 'संघदास' नामक आचार्य दो हैं ऐसा मानना उचित नहि होगा।

यहाँ ऐसा एक अन्य उदाहरण भी जोड सकते हैं : तत्त्वार्थ-कारिका की प्रशस्ति देखें तो वाचक उमास्वाति की वहाँ वंशावली है, और वे तो 'वाचकवंश' के हैं, उनके साथ, उनकी परम्परा के सभी के साथ 'वाचक' शब्द ही जुडेगा, जुड सकता है। मगर उक्त प्रशस्ति में 'घोषनन्दी' के साथ 'क्षमण' पद भी जोड दिया है[१२]। अगर ये दोनों पद समानार्थक न होते तो वहाँ ऐसा क्यों करते ? (क्षमण का तात्पर्य क्षमाश्रमण से होगा, यह स्वयंस्पष्ट है।) सारांश यह कि 'संघदासगणि' के साथ दो अलग पदवाचक शब्द जुडने से व्यक्ति भिन्न नहि होता।

लेकिन श्रीमेहता ने संघदासगणि के पूर्ववर्तित्व की समस्या को सुलझाने की कोई कोशीश नहीं की है, और उलझन को उलझन ही रहने दी है। बहुधा भाष्यविषयक बातों में श्रीमेहता ने श्रीपुण्यविजयजी के तर्कों एवं विधानों का ही अनुवाद किया है। फर्क इतना है कि तीनों भाष्यों के एककर्तृक होने की बात उन्होंने नहि कही है[१३]।

पं. दलसुख मालवणिया ने अपनी निशीथ-चूर्णि की प्रस्तावना में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की है, व कुछ स्वतन्त्र निष्कर्ष भी दिये हैं। उनके कथनानुसार –

१. कल्प और व्यवहार - दोनों के भाष्य के कर्ता एक हैं। इसका स्पष्ट प्रमाण 'कप्प-व्ववहाराणं वक्खाणविहिं पवक्खामि' (कल्पभाष्य - १) और 'कप्प-व्ववहाराणं भासं' (व्यवहारभाष्य - १०/१४१) इन पाठों से मिलता है[१४]।

२. निशीथभाष्य की अधिकांश गाथाएँ कल्पभाष्य व व्यवहारभाष्य से ली गई हैं। बहुत अल्प अंश नई गाथाओं का है। अतः उन दोनों के जो कर्ता हो वही निशीथभाष्य के भी कर्ता हो, ऐसी संभावना उनके कथन से फलित होती है[१५]।

३. पहले कल्प-व्यवहार के भाष्य की रचना हुई है, पश्चात् निशीथभाष्य की[१६]।

४. कल्पभाष्य - गा. ३२८९ में आते 'सिद्धसेणो' पद का श्लेष पकडकर श्रीपुण्यविजयजी ने कल्पभाष्य के कर्ता 'सिद्धसेन' होने का और 'सिद्धसेन' 'संघदास' का नामान्तर होने की संभावना का जो निर्देश दिया है, उसका मालवणिया इन्कार करते हैं[१७]। चूंकि नामनिर्देश का ऐसा प्रकार यदि ग्रन्थ

के प्रारंभ में या अन्त में होता तो कदाचित् ऐसी कल्पना को बल मिल सकता। मगर वैसा तो है नहि। दूसरा, आचार्य क्षेमकीर्ति ने स्पष्ट रूप से संघदासगणि का नामोल्लेख भाष्यकार के रूप में कर दिया है, "श्रीसंघदास-गणिपूज्यैः... भाष्यं विरचयांचक्रे" इन शब्दों से[१८]। और इस संभावना को दिखाने के अलावा स्वयं पुण्यविजयजी ने भी तीनों भाष्यों के कर्ता संघदासगणि होने की मान्यता कल्पभाष्य-प्रस्तावना में प्रकट की ही है[१९]।

५. निशीथचूर्णि में अनेक बार 'सिद्धसेनाचार्य' का नाम भाष्यकार या निर्युक्ति के व्याख्याकार के रूप में आता है इसलिए निशीथभाष्य के कर्ता तो वे ही हैं, परन्तु निशीथभाष्य की संकलना उन्होंने कल्प एवं व्यवहार के भाष्यों की गाथाओं को लेकर की है इसलिए उन दोनों के कर्ता भी वे ही हो सकते हैं। अर्थात् तीनों भाष्य के प्रणेता, मालवणिया के मत अनुसार, सिद्धसेनाचार्य हैं[२०]।

६. क्षेमकीर्तिसूरि ने 'सिद्धसेन' न लिखकर 'संघदास' नाम क्यों लिखा ? इस प्रश्न को उन्होंने अनुत्तर रखा है, और भविष्य में उसका समाधान पाने की आशा व्यक्त की है[२१]।

७. आगे वे पौर्वापर्य का विमर्श करते हैं। श्रीपुण्यविजयजी ने जिनभद्रगणि को परवर्ती व व्यवहार-भाष्यकार को पूर्ववर्ती माने हैं। क्योंकि जिनभद्रगणि-कृत 'विशेष-णवति' में (गा. ३४) 'व्यवहार' का उल्लेख हुआ है। यह उल्लेख व्यवहारभाष्य - गाथा - १९२/६ की ओर संकेत देता है। इससे सिद्ध होता है कि व्यवहारभाष्य एवं व्यवहारभाष्यकार जिनभद्रगणि के पुरोगामी हैं।

इस मन्तव्य से विपरीत, मालवणिया का मन्तव्य ऐसा है कि कल्पभाष्य एवं निशीथभाष्य में विशेषावश्यकभाष्य की गाथाएँ उद्धृत हैं, अतः विशेषावश्यकभाष्य ही पूर्ववर्ती है ऐसा मानना होगा। फिर, निशीथभाष्य आदि के कर्ता सिद्धसेनगणि को चाहे जिनभद्रगणि के शिष्य मानो या उनके समकालीन आचार्य, दोनो स्थिति में वे पूर्ववर्ती तो नहीं ही होंगे[२२]।

८. फिर भी, इस विमर्श के अन्त में वे कह देते हैं कि यह कोई अन्तिम निष्कर्ष नहीं, अपितु संभावना-मात्र है। साथ ही वे एक नया प्रश्न उठाते हैं

कि निशीथभाष्य, व्यवहारभाष्य एवं जीतकल्पभाष्य - तीनों में अमुक गाथाएँ समान दिखाई देती हैं, तो इनमें से पूर्ववर्ती कौन ? और किसने किस ग्रन्थ से ये गाथाएँ ली होगी ?[२३] ।

अब इन मुद्दों पर हम कुछ विमर्श करेंगे --

श्रीपुण्यविजयजी के समग्र मन्तव्यों का आकलन किया जाय तो उनके तीन मन्तव्य ध्यान में आते हैं : १. कल्पभाष्य के प्रणेता संघदासगणि क्षमाश्रमण हैं । २. व्यवहारभाष्य के प्रणेता ज्ञात नहि है । ३. कल्प, व्यवहार एवं निशीथ - तीनों पर भाष्य के प्रणेता एक ही हो यह अधिक संभवित है ।

इन मुद्दों पर सोचें तो उनका पहला मन्तव्य बिलकुल योग्य है, तथ्यपूर्ण है । संघदासगणि ही कल्पभाष्य के प्रणेता हैं, यह निर्विवाद सत्य है ।

व्यवहारभाष्य की बात सोचें तो हमारे विनम्र मत अनुसार प्रायः, श्रीपुण्यविजयजी महाराज, व्यवहारसूत्र के भाष्य, चूर्णि, वृत्ति आदि का इस दृष्टि से अवगाहन नहि कर पाये हैं । अगर उन्होंने वह किया होता तो उनका मन्तव्य ऐसा न होता । प्रायः उनके इस विषय को लेकर लिखे गये लेखों में भी व्यवहारभाष्यादि के सन्दर्भों का उद्धरण या हवाला बहुत अल्प देखने मिलता है ।

दूसरी बात, कल्पभाष्य की प्रथम गाथा का यह अंश 'कप्प-व्ववहाराणं वक्खाणविहिं पवक्खामि' उनके लक्ष्य में क्यों नहि आया, यह भी एक समस्या है । इस पाठ का तात्पर्य स्वयं स्पष्ट है कि 'मैं (भाष्यकार) कल्प और व्यवहार - इन दोनों सूत्रों के व्याख्यान (विवरण) की विधि कहूंगा' । मतलब कि दोनों भाष्य एक ही कर्ता का प्रणयन है । तथा, व्यवहारभाष्य की यह अन्तिम उपसंहार भाग की गाथा -

कप्प-व्ववहाराणं, भासं मोत्तूण वित्थरं सव्वं ।
पुव्वायरिएहिं कयं, सीसाण हितोवदेसत्थं ॥ ४६९३ ॥

अर्थात्, पूर्वाचार्यों के किये हुए सर्व विस्तार को छोडकर, शिष्यों को हितोपदेश देने के वास्ते, कल्प एवं व्यवहार का (यह) भाष्य बनाया है । यह बात भी यदि उनके ध्यान में आई होती तो दोनों के एककर्तृत्व के बारे में वे सन्देहग्रस्त न रहते ।

तीसरी बात : कल्प-व्यवहार-भाष्य दो अलग अलग भाष्यग्रन्थ नहि, अपितु एक अखंड भाष्यग्रन्थ है । भाष्यकार ने प्रायः सर्वत्र 'कल्प-व्यवहार' का संयुक्त निर्देश ही किया है । कल्पभाष्य की समाप्ति के बाद, व्यवहारभाष्य के प्रारम्भ के अवसर पर उन्होंने मंगलाचरण आदि का कोई शिष्टाचार नहि किया है । वास्तव में कल्पभाष्य के आरम्भ में आया 'काऊण नमोक्कारं' पद ही पूरे भाष्य का अर्थात् इन दोनों भाष्यों का मंगलाचरण है ऐसा मानना चाहिए । अन्यथा, साढे चार सहस्र गाथाओं वाले व्यवहारभाष्य के प्रारम्भ में, इतने बडे शास्त्रकार, मंगलाचरण न करे यह बात बैठती नहीं है । एक और बात : व्यवहारभाष्य में अनेक स्थानों पर भाष्यकार ने गाथाओं में ही कल्पभाष्य का हवाला दिया है कि इस विषय में हमने पहले बता दिया है, अथवा यह विषय कल्पाध्ययन में निरूपित है । उदाहरणार्थ, व्यवहारभाष्य में –

वायपरायण कुवितो, चेइय, तद्दव्व, संजतीगहणे ।
पुव्वुत्ताण चउण्ह वि, कज्जाण हविज्ज अन्नयरं ॥
१२०९/१२२६ ॥[२४]

यह गाथा है । इसमें 'पुव्वुत्ताण' पद है, उसका अर्थ वृत्तिकार ने 'पूर्वोक्तानां कल्पाध्ययनोक्तानां' ऐसा स्पष्ट किया है । अर्थात्, यदि राजा उक्त ४ कारणों से कुपित हो तो, पूर्वोक्त - कल्पभाष्य में बताये गये ४ में से कोई भी कार्य हो सकता है ।

अब देखें कल्पभाष्य । वहाँ यही गाथा ५०४२ के क्रम से है[२५] । उसकी वृत्ति में 'पूर्वोक्तानां- इहैव प्रथमोद्देशके प्रतिपादितानां' यानी 'कल्पभाष्य में ही प्रथम उद्देश में प्रतिपादित ४ कार्य हो सकते हैं' ऐसा कथन है । वे चार कार्य कौन से ? तो वृत्तिकार लिखते हैं "निर्विषयत्वाज्ञापन-भक्तपाननिषेध-उपकरणहरण-जीवित-चारित्रभेदलक्षणानां चतुर्णां कार्याणामन्यतमत् कार्यम्' । यानी कुपित राजा के पास जाए तो इन चार में से कोई कार्य होना सम्भव है ।

अब प्रथम उद्देश में यह बात कहाँ है ? वह भी देखें – पीठिकाखण्ड (वह भी प्रथम उद्देश में ही जो है) में गाथा - ३८९ में –

तं पुण चेइयणासे तद्दवविणासणे दुविहभेदे ।
भत्तोवहिवोच्छेदे, अभिवायण बंध घायादी ॥ ३८९ ॥[२६]

इसमें वह बात है। तो स्पष्ट है कि व्यवहारभाष्यकार स्वयं कल्पभाष्यकार हो तो ही 'पुव्वुत्ताण' प्रयोग कर सकते हैं।

ऐसे और भी कई स्थान हैं। जैसे –

१) 'पुव्वभणिया य जयणा' (गा. २२६०)। (पूर्वमोघनिर्युक्तौ कल्पाध्ययने वा)[२७]।

२) 'परिहरिया पुव्ववण्णिया दोसा' (गा. २३८०)। (पूर्ववर्णिताः कल्पाध्ययने षष्ठोद्देशे)[२८]।

३) 'पुव्वुत्ताए करेंति जयणाए' (गा. २४८९)। (पूर्वोक्तया यतनया, या पूर्वं कल्पाध्ययने ग्लाने सूत्रे)[२९]।

४) 'पुव्वुत्ता सत्त भंगा उ' (गा. २५०३)। (पूर्वोक्ताः कल्पाध्ययनोक्ताः)[३०]।

५) 'मूलादी पुव्वुत्ता' (गा. २७८६)। (मूलादिका पूर्वं कल्पाध्ययने उक्ता)[३१]।

६) 'जं सासु तिहा०' (गा. २७९०)। (संगीतं व्याख्यातं, यथा कल्पाध्ययने तथाऽत्रापि व्याख्येयम्)[३२]।

७) *'तं चेव पुव्वभणियं' (गा. ३२३४)। (यत् पूर्वं कल्पाध्ययने चतुर्थे उद्देशके विष्वग्भवनविधानं भणितं तदेवाऽत्राऽपि द्रष्टव्यम्)*[३३]।

८) 'जे उ दोसा उदाहिया' (गा. ३२९३)। (ये दोषाः पूर्वं कल्पाध्ययने... अभिहिताः)[३४]।

९) 'अद्धाण पुव्वभणियं' (गा. ३३३०)। (अध्वनि यद् वक्तव्यं तत् सर्वं पूर्वं कल्पाध्ययने भणितम्)[३५]।

१०) 'जयणा तू जा जहिं भणिया' (गा. ३३६१)। (या... पूर्वं कल्पाध्ययने भणिता)[३६]।

११) 'छत्तं दंडस्स कारणं वुत्तं' (गा. ३४५८)। (दण्डादीनां ग्रहणे कारणं पूर्वं निशीथे कल्पे च भणितम्)[३७]।

१२) 'आरोवण वण्णिया तत्थ' (गा. ३९९२)। (तदपि च प्राक् कल्पाध्ययनेऽभिहितमिति न भूयो भण्यते)[३८]।

१३) 'जो कप्पे वण्णितो उ सत्तविहो' (गा. ४२११)[३९]।

१४) 'पढम-बिइएसु कप्पे' (गा. ४२९४) । (कल्पे - कल्पाध्ययने द्वितीय-तृतीययोरुद्देशयोः)[४०] ।

ये सभी उल्लेख या निर्देश इतना ही सूचित करते हैं कि व्यवहारभाष्यकार, अपनी ही पूर्वरचना स्वरूप कल्पभाष्य का हवाला, इन इन गाथागत विषयों के बारे में, देते हैं । जाहिर है कि स्वयं एक ही भाष्यकार दोनों का प्रणेता न होते तो, ऐसा एवं ऐसे हवाला देना अशक्य था ।

हम हैरान हैं कि ये सब उल्लेख पूज्य श्रीपुण्यविजयजी की दृष्टि में क्यों नहि आये ?, अगर उन्होंने व्यवहारभाष्य का अवगाहन इस दृष्टि से किया होता तो वे भी इसी निष्कर्ष पर आते, इसमें शंका को अवकाश नहीं । अस्तु ।

एक और बात : विक्रम की १६ वीं शती में हुए वाचक संघमाणिक्यगणि नामक विद्वान् मुनि ने 'आगम-वाचनानुक्रम' नामक एक रचना की है । उसमें प्रत्येक आगम के आदि, अन्त इत्यादि की नोंध उन्होंने की है । इस नोंध में कल्प और व्यवहार के बारे में उन्होंने लिखा है कि -

१. 'नो कप्पइ आमे तालपलंबे पडिगाहित्तए' । इति श्रीकल्प-व्यवहार-सूत्र-वाचना । ग्रन्थाग्रं ४७० ॥
२. काऊण नमुक्कारं० (गाथा पूरी है) । इति श्रीकल्प-व्यवहार-लघुभाष्य ॥
३. मंगलादीणि सत्थाणि... समत्था भवंति । इति श्रीकल्प-व्यवहार-चूर्णिः । ग्रं. १४००० । श्रीकल्प-व्यवहार-बृहच्चूर्णि नमः । ग्रं. १२००० ॥

उपर के सभी उल्लेखों में उन्होनें 'कल्प-व्यवहार' दोनों को अखण्ड या संयुक्त एक ग्रन्थ दिखाये हैं । सूत्र-ऐक्य, भाष्य-ऐक्य और चूर्णि का भी ऐक्य । अर्थात् दोनों सूत्रों के कर्ता के ज्यों दोनों के भाष्य के कर्ता भी एक, एवं दोनों की चूर्णि के कर्ता भी एक ।

चूर्णि से बृहच्चूर्णि के ग्रन्थाग्र कम इसलिये होंगे कि बृहच्चूर्णि यानी विशेषचूर्णि में पीठिकांश की व्याख्या नहि की गई है । अतः उतना अंश कम होगा, ऐसा लगता है ।

हमारे दृष्टिकोण से, उपर्युक्त रीत्या, जब कल्प-व्यवहार - दोनों के भाष्यों की एककर्तृकता सिद्ध होती है तब, सवाल यह आएगा कि कर्ता का नाम

क्या होगा - संघदासगणि क्षमाश्रमण या सिद्धसेनगणि क्षमाश्रमण ? ।

हमारा नम्र एवं स्पष्ट मन्तव्य है कि कल्प एवं व्यवहार के भाष्यकार संघदासगणि क्षमाश्रमण ही हैं। आचार्य क्षेमकीर्ति भगवन्त ने, टीका के अनुसन्धान का जहाँ प्रारम्भ किया है, वहाँ स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि –

१. कल्पेऽनल्पमनर्घं, प्रतिपदमर्पयति योऽर्थनिकुरुम्बम् ।
श्रीसङ्घदासगणये, चिन्तामणये नमस्तस्मै ॥ ३ ॥

२. ...अस्य च स्वल्पग्रन्थमहार्थतया... दुरवबोधतया च सकलत्रिलोकीसुभगङ्करण-क्षमाश्रमण-नामधेया-भिधेयैः श्रीसङ्घदासगणिपूज्यैः... दूषणकरणेनाऽप्यदूष्यं भाष्यं विरचयाञ्चक्रे[४१] ।

यहाँ उनका स्पष्ट विधान है कि भाष्य सङ्घदासगणि-कृत है। यदि उनके समक्ष सन्देह उपस्थित होता कि 'संघदास या सिद्धसेन ?' तो शायद वे ऐसा स्पष्ट विधान नहि करते । उनके पास 'यह संघदास-गणि की रचना है' ऐसी स्पष्ट जानकारी न होती तो भी वे ऐसा नामनिर्देश करने से रुक गये होते । जैसे कि चूर्णिकार के बारे में जानकारी नहि थी, तो उन्होंने चूर्णिकार का नाम नहि लिखा है[४२] ।

क्षेमकीर्ति-कृत उक्त नामनिर्देश के पश्चात् सदियाँ बीत गई, आज तक किसी ने इस विधान के विषय में प्रश्न नहि उठाया है, सन्देह भी नहि किया है, बल्कि इस विधान का निःसंशय स्वीकार करके ही सब चले हैं । 'सिद्धसेणो' वाली (३२८९) भाष्यगाथा भी श्रीक्षेमकीर्तिसूरि के सामने थी, और उन्होंने उसका विवरण भी किया ही है । परन्तु उनके मन में यह 'नामपरक श्लिष्ट निर्देश हो सकता है' ऐसा गन्ध भी हो ऐसा मालूम नहि पडता है । क्योंकि इस प्रकार से श्लेष आदि के द्वारा विचित्र भंगी से नामोल्लेख करने की प्रथा तो बहुत पुरानी व व्यापक थी[४३] । तो इस गाथा में यदि इस प्रकार से नामांकन होता तो वह वृत्तिकार से व अन्यों से अछूता या अज्ञात नहि रह सकता था । इसलिए भाष्यकार संघदासगणि क्षमाश्रमण ही हैं ऐसा मानना चाहिए ।

श्रीदलसुखभाई मालवणिया का अभिमत सिद्धसेनगणि को भाष्यकार मानने का है यह हम आगे देख चुके हैं । उनके कथन में प्रमाणों की अपेक्षा

कल्पनाविहार अधिक लगता है। संक्षेप से उनके कथन का सार ऐसा है कि -

१. जीतकल्पभाष्य की चूर्णि के कर्ता सिद्धसेनगणि हैं। २. निशीथभाष्य के संकलयिता भी वही सिद्धसेन क्षमाश्रमण हैं[४४]। ३. चूंकि निशीथभाष्य में कल्प एवं व्यवहार के भाष्यों की अनेक गाथाएँ ली गई हैं व व्याख्यायित भी हैं अतः इन तीनों के प्रणेता सिद्धसेन ही हो सकते हैं[४५]। ४. यह सिद्धसेनगणि, जिनभद्रगणि के शिष्य अथवा समकालीन हैं, अतः इन तीनों भाष्य महाभाष्य के परवर्ती हो ऐसा माना जा सकता है[४६]।

इन विधानों के समर्थन में यदि उन्होंने कोई ठोस प्रमाण दिये होते, तो उनकी इन कल्पनाओं को वजूद मिलता। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं है। उनके पास एक प्रमाण यह है कि निशीथ एवं कल्प के भाष्यों में विशेषावश्यकभाष्य की गाथाएँ उद्धृत हुई हैं, अतः भाष्यकार परवर्ती हैं। और परवर्ती होने से वे सिद्धसेन ही हैं, क्यों कि संघदासगणि तो बहुत पूर्ववर्ती थे, और सिद्धसेन का नाम निशीथभाष्यकार के रूप में स्पष्ट है।

पं. मालवणिया ने महाभाष्य की जिन गाथाओं को कल्पभाष्य में उद्धृत होने का बताया है, वहाँ दरअसल में कल्पभाष्य से वे गाथाएँ महाभाष्यकार ने उद्धृत की हैं। देखें –

कल्पभाष्य में गा. ९६४ 'पण्णवणिज्जा भावा०' है व गा. ९६५ 'जं चउदसपुव्वधरा०' हैं[४७]। इन दोनों को विशेषावश्यकभाष्यकार इस तरह उद्धृत करते हैं[४८] -

"विनेयः पृच्छति –

कत्तो एत्तियमेत्ता, भावसुय-मईण पज्जया जेसिं।
भासइ अणंत भागं ?, भण्णइ, जम्हा सुएऽभिहियं ॥ १४० ॥

'यस्मात् सूत्रे - आगमे वक्ष्यमाणमभिहितम्... किं तत् सूत्रेऽभिहितम् ? इत्याह –

पण्णवणिज्जा भावा अणंतभागो उ अणभिलप्पाणं।
पण्णवणिज्जाणं पुण अणंतभागो सुयनिबद्धो ॥ १४१ ॥

जं चोद्दसपुव्वधरा, छट्ठाणगया परोप्परं होंति ।
तेण उ अणंतभागो, पण्णवणिज्जाण, जं सुत्तं ॥ १४२ ॥''

इस सन्दर्भ में गा. १४० में 'जम्हा सुएऽभिहियं' यह अंश स्पष्ट निर्देश देता है कि महाभाष्यकार सूत्र का हवाला दे रहे हैं । वह सूत्र 'कल्पभाष्य' है यह कहने की आवश्यकता नहीं । अर्थात् महाभाष्य में आती गा. १४१-४२ कल्पभाष्य से उद्धृत हैं, नहीं कि महाभाष्य से कल्पभाष्य में उद्धृत ।

श्रीमालवणिया ने इस विषय में भी कहा है कि 'जम्हा सुएऽभिहियं' का तात्पर्य 'श्रुत' यानी 'सूत्र' से है, भाष्य से नहि [४९] ।

यहाँ यदि उन्होंने 'पण्णवणिज्जा भावा' इस गाथागत अर्थ का प्रतिपादक कोई आगम-सूत्र-पाठ निर्दिष्ट किया होता, तो उनकी इस कल्पना का स्वीकार होता । लेकिन उन्होंने ऐसा कोई सूत्र नहि बताया है ! । वस्तुतः यहाँ एक बात की कमी महसूस होती है, वह है परम्परा की अभिज्ञता । जहाँ तक हम, कोई भी संशोधक एवं समीक्षक, परम्परा से अभिज्ञ नहि होते हैं और परम्पराप्राप्त सभी बातों को गलत मानकर ही चलते हैं वहाँ तक हमें यथार्थ तथ्य प्राप्त नहि होता है, और अगर प्राप्त हो तो वह पूर्वग्रहभावित ही होता है ।

यद्यपि परम्परा पञ्चाङ्गी को 'सूत्र' रूप में प्रामाण्य देती है । अर्थात् 'सूत्र' शब्द, आवश्यकता के अनुसार, सूत्र, निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, वृत्ति - इन सब में लागू होता है । लेकिन यहाँ तो 'सूत्र' नहीं, अपितु 'श्रुत' शब्द प्रयुक्त है, और भाष्य भी श्रुत ही है, वहाँ जो कहा है वह ऐसा है - ऐसा महाभाष्यकार का कथन है । सार यह कि महाभाष्य में ये दो गाथाएँ कल्पभाष्य से ली गई हैं, और इससे कल्पभाष्य एवं भाष्यकार जिनभद्रगणि के पूर्ववर्ती हैं यह स्वयं सिद्ध हो जाता है ।

एक और बात : कल्पभाष्य - गा. ९६५ की वृत्ति में महाभाष्य की गा. १४३ 'अक्खरलंभेण समा०' उद्धृत की गई है [५०] । यदि गा. १४१-४२ भी इस प्रकार कहीं से उद्धृत होनेवाली गाथाएँ होती तो एक तो उन दोनों को भाष्यगाथा का क्रम नहि मिलता, अथवा वृत्तिकार स्पष्टीकरण अवश्य देते ।

तो, जैसे कि पं. मालवणिया कहते हैं वैसे, कल्पभाष्यकार जिनभद्रगणि के परवर्ती या समकालीन सिद्ध नहि होते हैं, अतः यदि कल्पभाष्य के प्रणेता

जीतचूर्णिवाले सिद्धसेन नहि होंगे तो, चूर्णिकार सिद्धसेन को और निशीथभाष्यकार सिद्धसेन को एक मानने की, एवं उस आधार पर तीनों भाष्यों के कर्ता के रूप में सिद्धसेनगणि को ही स्वीकारने की कल्पना कितनी अतार्किक एवं क्लिष्ट बन जाती है ? । कदाचित् निशीथभाष्य के कर्ता या संकलयिता सिद्धसेनगणि, जीतचूर्णिकार सिद्धसेन ही हो, तो भी कल्प-व्यवहार-भाष्य का कर्तृत्व उनके साथ जोडना उचित नहि होगा । क्योंकि उन दो भाष्यों के कर्ता जिनभद्रगणि से बहुत पूर्वभावी हैं ऐसा प्रतीत होता है ।

एक बात यह भी है कि यदि सिद्धसेनगणि ही सब के प्रणेता हैं ऐसा मान लें, तो फिर यह भी स्वीकारना होगा कि संघदास क्षमाश्रमण नाम के व्यक्ति काल्पनिक हैं, या उन्होंने किसी ग्रन्थ की रचना नहि की है । क्योंकि उनकी मानी जाती रचना तो, इनके मत से, अन्यकर्तृक हो जाएगी । तब उनको सदियों से भाष्यकार के रूप में जो प्रसिद्धि मिली है वह गलत ही हो जाएगी ! ।

कल्पभाष्य से महाभाष्य परवर्ती है इसका एक अन्य भी प्रमाण है । विशेषावश्यकभाष्य में गा. ४६९ में ''लिंगमणुमाणमण्णे सारिक्खाई पभासंति''[५१] ऐसा पाठ है, उसमें उन्होंने 'अण्णे' कहते हुए अन्य मत प्रस्तुत किया है । आगे की गाथाओं में इस अन्य मत की बात एवं उसका खण्डन किया गया है ।

ये 'अण्णे' - अन्य मत कौन है ?, कहाँ का है ? शायद आज तक इसकी ओर किसी का ध्यान नहि गया है । स्वयं मलधारीजी महाराज ने भी अपनी वृत्ति में 'अन्ये, कैश्चित्' कहकर छोड दी है इस बात को, वे कौन हैं और यह बात कौन से शास्त्र में है ? इसकी स्पष्टता उन्होंने भी नहीं दी ।

यह मत कल्पभाष्य का मत है, और वे 'अन्ये' कल्पभाष्यकार हैं । कल्पभाष्य में ही सर्वप्रथम बार द्विविध उपलब्धि एवं त्रिविध अनुपलब्धि की बात व उनका विवरण आता है । कल्पभाष्य - गा. ४५ से गा. ५४ में इस विषय का निरूपण है, और इसी का खण्डन 'अण्णे' कहते हुए महाभाष्यकार ने किया है । अब अगर कल्पभाष्यकार पूर्ववर्ती न होते तो उनकी बात का निर्देश व निरसन महाभाष्यकार श्रीजिनभद्रगणि कैसे करते ? ।

अब रही बात 'सिद्धसेन' की, या उस नाम की । तो भाष्य की गाथा ३२८९ में आते 'सिद्धसेणो' पद से 'भाष्यकार सिद्धसेन हो और दोनों नाम एक

व्यक्ति के ही हो' ऐसी जो कल्पना पुण्यविजयजी ने की है, उसका प्रतिविधान[५२] मालवणियाजी ने कर ही दिया है, अतः कुछ कहने की जरूर नहीं । और पं. मालवणिया की कल्पनाओं का उत्तर यहाँ उपर दिया गया है, अतः कल्प व व्यवहार के भाष्यों के कर्ता सिद्धसेन नहि, अपितु संघदासगणि ही हैं और वे महाभाष्यकार के पूर्ववर्ती हैं यह उपरोक्त प्रमाणों से सिद्ध हो जाता है ।

अब सवाल यह आता है कि संघदासगणि नामक आचार्य कितने हुए - एक या दो ? और दोनों का समय और पौर्वापर्य क्या हो सकता है ? ।

मुनि श्रीपुण्यविजयजी ने लिखा है कि "प्रस्तुत कल्पभाष्यना प्रणेता श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमण छे. संघदासगणि नामना बे आचार्यो थया छे. एक वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डना प्रणेता अने बीजा प्रस्तुत कल्पलघुभाष्य अने पंचकल्पभाष्यना प्रणेता. आ बन्नेय आचार्यो एक नथी पण जुदा जुदा छे, कारण के वसुदेवहिंडि - मध्यम खण्डना कर्ता आचार्य श्रीधर्मसेनगणि महत्तरना कथनानुसार, वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डना प्रणेता श्रीसंघदासगणि 'वाचक' पदालंकृत हता, ज्यारे कल्पभाष्यना प्रणेता संघदासगणि 'क्षमाश्रमण' पदविभूषित छे. उपरोक्त बन्नेय संघदासगणिने लगती खास विशेष हकीकत स्वतंत्र रीते क्यांय जोवामां आवती नथी. एटले तेमना अंगेनो परिचय आपवानी वातने आपणे गौण करीए तो पण बन्नेय जुदा छे के नहि तेम ज भाष्यकार अथवा महाभाष्यकार तरीके ओळखाता भगवान् जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण करतां पूर्ववर्ती छे के तेमनी पछी थयेला छे ए प्रश्नो तो सहज रीते उत्पन्न थाय छे. भगवान् श्रीजिनभद्रगणिए तेमना विशेषणवती ग्रन्थमां वसुदेवहिंडि ग्रन्थना नामनो उल्लेख अनेकवार कर्यो छे. एटलुं ज नहि, किन्तु वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डमां आवता ऋषभदेवचरित्रनी संग्रहणी-गाथाओ बनावीने पण तेमां दाखल करी छे. एटले वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डना प्रणेता श्रीसंघदासगणि वाचक तो निर्विवाद रीते तेमना पूर्वभावी आचार्य छे. परंतु कल्पभाष्यकार श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमण तेमना पूर्वभावी छे के नहि ए कोयडो तो अणउकल्यो ज रही जाय छे."[५३]

इस लेख में मुनिजी का तात्पर्य ऐसा है कि १) संघदासगणि दो हुए । २) वसुदेवहिंडिवाले संघदासगणि जिनभद्रगणि के पूर्वभावी हैं । ३) भाष्य के प्रणेता संघदासगणि कब हुए यह अनिश्चित है ।

किन्तु इनका यह लेख ई. १९४२ का है। बाद में सन् १९६४ में उनके विचारों में जो परिवर्तन आया, वह इस प्रकार है : 'संघदासगणि क्षमाश्रमण (वि. ५ वीं शताब्दी) - ये आचार्य वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्ड के प्रणेता संघदासगणि वाचक से भिन्न हैं एवं इनके बाद के भी हैं। वे महाभाष्यकार जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण के पूर्ववर्ती हैं'[५४]।

अर्थात् १) यहाँ उन्होंने भाष्यकार का निश्चित समय दिखाया है, और २) वे महाभाष्यकार के पूर्ववर्ती हैं ऐसा भी स्पष्ट किया है। यद्यपि इन मुद्दों के लिए प्रमाण क्या ? यह वे स्पष्ट नहि करते हैं। और संघदासगणि दो हुए थे, और वसुदेवहिन्डीकार से भाष्यकार संघदासगणि परवर्ती थे ऐसा भी वे कहते हैं। प्रमाण तो इस विषय में भी उन्होंने नहि दिखाये।

हमारी राय में, जैसे उपर सिद्ध किया गया कि कल्प एवं व्यवहार - दोनों के भाष्य के प्रणेता एक ही हैं, तो वे जिनभद्रगणि के पूर्वभावी हैं ऐसा मानने में अब कोई द्विधा या संशय नहि रहता है। और उपर अमुक आन्तर प्रमाण भी तो दिये गए हैं।

दोनों संघदासगणि भिन्न हैं ऐसी मान्यता के पीछे, दो भिन्न पदवी के सिवा, कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं हुआ है। अतः सिर्फ दो समानार्थक पदवीवाचक शब्दों के भेदमात्र से दो भिन्न व्यक्तियों की कल्पना करने में कहाँ तक औचित्य है, यह भी सोचना होगा। दो बात हो सकती है : १) या तो 'वाचक' और 'क्षमाश्रमण' दोनों को पर्यायवाचक समझ लें। कहा भी है ही कि -

'वाई य खमासमणे, दिवायरे वायगे ति एगट्ठा।
पुव्वगयम्मी सुत्ते एए सद्दा पउंजंति ॥'[५५]

अथवा, २) एक ही व्यक्ति को प्रथमतः 'वाचक' पद हो, बाद में 'क्षमाश्रमण' पद मिला हो, ऐसा भी संभवित है। जैसे निशीथचूर्णिकार ने अपने विषय में लिखा कि -

'गुरुदिण्णं च गणित्तं, महत्तरत्तं च तस्स तुट्ठेहिं।
तेण कयेसा चुण्णी, विसेसनामा निसीहस्स ॥'[५६]

इन्हें प्रथम 'गणि' पद मिला, पश्चात् 'महत्तर' पद। क्या संघदासगणि के

साथ भी ऐसा हुआ हो यह संभावना अधिक उचित नहीं ? ।

इतिहास में एवं प्रमाणों से दो संघदासगणि की सिद्धि नहि हुई है । इसलिए एक ही आचार्य हो, और इन्होंने ही वसुदेवहिंडी - प्रथम खण्ड की तथा बाद में इन भाष्यों की रचना की हो, ऐसा मानने में कोई आपत्ति नहि लगती है । यदि ऐसा मानने में कोई स्पष्ट प्रमाण नहि है ऐसा कोई कहे, तो 'दो संघदासगणि' को मानने में और दोनों का उपरि-कथित पौर्वापर्य मानने में भी कौन-सा प्रमाण है ? यह भी पूछा जा सकता है ।

कल्पचूर्णिकार के विषय में विमर्श

अब कल्पचूर्णि के कर्ता के विषय में थोडा उहापोह करें । मुनिराज श्रीपुण्यविजयजी से लेकर सभी विद्वज्जनों ने इस चूर्णि के कर्ता को अज्ञात ही माना है । आज तक यह चूर्णि 'अज्ञातकर्तृक' कही जाती है ।

हमारे विचार से इस कल्पचूर्णि के प्रणेता वही है जो नन्दीचूर्णि के प्रणेता हैं, यानी कि जिनदासगणि महत्तर । इस बात के समर्थन में हम कुछ प्रमाण पेश करेंगे । जैसे कि -

नन्दीचूर्णि में एक प्रतिपादन आता है जिस में स्थावर - एकेन्द्रिय जीवों के चैतन्य की वृद्धि का क्रम निर्दिष्ट है । यह प्रतिपादन प्रायः अन्यत्र कहीं भी हो ऐसा देखने - जानने में नहीं आया । वह प्रतिपादन इस प्रकार है – "अहवा सव्वजहण्णो अणंतभागो निच्चुग्घाडो पुढविक्काइए, चैतन्यमात्रमात्मनः । तं च उक्कोस-थीणिद्धि-सहितनाण-दंसणावरणोदए वि णो आवरिज्जति । ... ततो पुढविकाइतेहिंतो आउक्कातियाण अणंत-भागेण विसुद्धतरं नाणमक्खरं । एवंकमेणं तेउ-वाउ-वणस्सति-बेइंदिय-तेइंदिय-चतुरिंदिय-अस्सण्णिपंचेंदिय-सण्णिपंचेंदियाण य विसुद्धतरं भवतीत्यर्थः"[५७] ।

यह एक महत्त्वपूर्ण और विलक्षण निरूपण है, जो शायद ही अन्यत्र कहीं मिले । मगर कल्पचूर्णि में यही बात निरूपित है – "अतस्तेन थीणगिद्धिसहिएणं णाणावरणोदएणं । तं च सव्वत्थोवं पुढविकाइयाणं । कस्मात् ? निश्चेष्टत्वात् । ततः क्रमाद् यावद् वनस्पतिकायिकानां विसुद्धतरं । ततो परं बेंदियमादी कमविसोही जाव अणुत्तरोववातियाणं, ततो वि चोद्दसपुव्वीणं विसुद्धतरं"[५८] ।

तो शब्दभेद से एकसमान निरूपण दोनों चूर्णियों में मिलता है, और अन्यत्र कहीं भी नहीं मिल रहा है, तो यह निरूपण-साम्य हमें ऐसा मानने में बाध्य करता है कि दोनों चूर्णियों के कर्ता एक ही होंगे। जरा स्पष्टता से इस विषय को देखें -

कल्पभाष्य की गा. ७६ के अनुसार, 'पंचण्ह वि' और 'बेंदियमादी कमविसोही' पाठ का, 'एकेन्द्रियों में सर्व-अल्प अक्षर, उससे अधिक अधिक द्वीन्द्रिय आदि में' ऐसा विवरण तो शास्त्रों में सर्वत्र मिलता है। इसी बात को मन में रखकर कल्प-वृत्तिकार ने इस गाथा की वृत्ति में लिखा कि "पञ्चानामपि पृथिवीकायिकादीनां वनस्पतिकायपर्यन्तानां स्त्यानगृद्धिनिद्रासहितेन ज्ञानावरणोदयेन 'अक्षरं' ज्ञानं 'अव्यक्तं' सुप्त-मत्त-मूर्च्छितादेरिवाऽस्फुटम्, अतो न तत्रापि सर्वथा ज्ञानमावृतम्"। वृत्तिकार का यहाँ तक का निरूपण परम्परागत रूप का है। आगे चलकर वे चूर्णिकार के अभिप्राय को भी बता देते हैं – "तथापि पृथिवीकायिकानामत्यस्फुटम्, ततोऽप्कायिक-तेजस्कायिक-वायुकायिक-वनस्पतिकायिकानां क्रमेण विशुद्धतरम्"। इतना लिखकर वे स्पष्टता देते हैं कि - "इदं चूर्णिकारवचनाल्लिखितम्"[५९]।

ऐसा लिखने का मतलब इतना ही कि स्वयं वृत्तिकार के पास, चूर्णिकार के उक्त वचन के अलावा, इस बात के लिए, यानी पांच स्थावरकायों में चैतन्य-विशुद्धि की क्रमिक वृद्धि के बारे में, कोई आधार नहि होगा। तो उन्होंने कह दिया कि यह बात हमने 'चूर्णिकार के वचन के आधार पर' लिखी है। और अपना आरूढ मन्तव्य तो उन्होंने पहलेवाली पंक्तियों में लिख दिया है। मतलब कि 'पांचों स्थावरों में सर्वाल्प चैतन्य है, मगर परस्पर में अल्प-बहुत्व की बात नहि'।

अब हमारी मूल बात : यह निरूपण कल्पचूर्णि में और नन्दीचूर्णि में - दो में ही प्राप्त है, अतः इन दोनों का कर्ता एक ही व्यक्ति होना चाहिए, ऐसा हमें लगता है।

दूसरी बात : नन्दीचूर्णि में 'अक्षरपटल' (अक्खरपडलं) नाम का खास अधिकार चूर्णिकार ने रखा है। उसमें उन्होंने कल्पभाष्य की ४ संपूर्ण गाथाएँ एवं एक गाथा का प्रतीकांश उद्धृत कर उन सभी पर विवरणात्मक चूर्णि भी लिखी

है[६०] । यह एक विलक्षण बात है । आवश्यकता के अनुसार गाथाएँ उद्धृत की जाय यह तो आम स्थिति है, मगर उन पर अलग से चूर्णि भी लिख दे, कल्पचूर्णि का सन्दर्भ उद्धृत न कर दे, यह भी जरा विलक्षण महसूस होता है । हमारा अभिप्राय होता है कि कल्पचूर्णिकार स्वयं ही नन्दीचूर्णिकार हो तो ही वे ऐसी छूट ले सकते हैं ।

तीसरी बात : कल्पचूर्णि में गा. २७० 'पज्जव पुव्वुद्दिट्ठा'[६१] के विवरण में चूर्णिकार ने लिखा कि - 'एयं नंदीए पुव्वुत्तं' । इसका अर्थ : 'यह बात (हमने) नन्दीसूत्र (की चूर्णि / विवरण) में पहले कह दी है' ऐसा होगा । अगर उन्हें यहाँ 'नंदी' से 'नन्दिसूत्र' (मूल ग्रन्थ) अभिप्रेत होता तो 'नंदीए उत्तं' अथवा 'जहा नंदीए' ऐसा कुछ लिखते, 'पुव्वुत्तं' न लिखते । इससे सिद्ध होता है कि नन्दीचूर्णिकार ही कल्पचूर्णि के प्रणेता है ।

कल्पभाष्य गा. ८० की चूर्णि में भी 'जहा णंदीए आवस्सए मणवग्गणासु' ऐसा उल्लेख है[६२]। उपरोक्त विवरण के बाद लगता है कि यह पाठ भी नन्दीचूर्णिपरक ही है और दोनों चूर्णियाँ एककर्तृक हो ऐसा संकेत दे रहा है ।

एक और बात : १६वीं - १७वीं शताब्दी में हुए तपागच्छीय उपाध्याय श्रीधर्मसागर गणि ने स्वरचित 'तपागच्छीय पट्टावली' ग्रन्थ में निशीथ, बृहत्कल्प, आवश्यक आदि की चूर्णि के कर्ता के रूप में जिनदासगणि महत्तर का नाम बताया है[६३] । इसका अर्थ है कि १७वीं शती तक तो कल्पचूर्णिकार के रूप में जिनदासगणि का नाम प्रख्यात एवं स्पष्ट या निश्चित होगा ही । यद्यपि पुण्यविजयजी ने, आवश्यकचूर्णि के सन्दर्भ में, धर्मसागरजी की बात को नकार दिया है[६४], लेकिन वैसा करना ठीक नहि लगता है । धर्मसागरजी की बात पर भी जरा गौर तो करना ही चाहिए, जो यहाँ आगे हम करेंगे । यहाँ तो इतना ही कहना है कि धर्मसागरजी के अनुसार भी कल्पचूर्णि के कर्ता जिनदासगणि ही हैं ।

एक ऐसी विचित्र भ्रान्ति भी चल रही है कि तदनुसार कोई कहते हैं कि 'बृहत्कल्पचूर्णिकार का नाम प्रलम्बसूरि है'[६५] । ऐसा विधान करने का आधार है, 'जैन ग्रन्थावली' नामक प्राचीन सूचि का पुस्तक । उसमें, पूणे स्थित डेक्कन कोलेज के संग्रह की ताडपत्र-प्रति के प्रान्त भाग में ऐसा नामोल्लेख होने का सूचन

हुआ है। उसके अनुसार वह प्रति सं. १३३४ में लिखी गई बृहत्कल्पचूर्णि की है[६६]।

स्पष्टतया यह वाचनदोष के कारण पैदा हुआ भ्रम है। 'प्रलम्ब' नामक आचार्य कोई हुए नहीं, और ऐसा नाम हो भी नहि सकता। हाँ, बृहत्कल्प में 'प्रलम्बप्रकृत' नामक प्रकरण जरूर है, और प्रत के वाचक ने उसके 'प्रलम्ब' शब्द के साथ 'सूरि' को जोड दिया हो तो अशक्य नहीं। वस्तुतः बिना जांच-पडताल किये इतिहास के ग्रन्थ में ऐसी भ्रमित करनेवाली बातें जोड देना - यह एक अपराध है। क्या इतिहास नई दन्तकथाएँ पैदा करने का साधन है? अस्तु।

जिनदासगणि-रचित चूर्णिग्रन्थ कितने ?

अब प्रसंगवश एक नये मुद्दे पर विमर्श करना है। हमारे दिमाग में एक प्रश्न उठ रहा है कि जिनदासगणि महत्तर ने कितनी चूर्णियों की रचना की थी?।

श्रीपुण्यविजयजी के अनुसार उन्होंने तीन चूर्णियाँ बनाई हैं यह निश्चित है: १. नन्दीसूत्रचूर्णि, २. अनुयोगद्वारचूर्णि, ३. निशीथचूर्णि[६७]। श्रीमोहनलाल मेहता के कथनानुसार, इन ३ के अतिरिक्त आवश्यक, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन और सूत्रकृतांग की चूर्णियाँ भी इन्हीं की रचना हैं ऐसी परम्परागत मान्यता है[६८]। तो आगमोद्धारक आचार्यश्री आनन्दसागरसूरिजी के मत से जिनदासगणि ने ९ चूर्णियाँ बनाई थी, और उनका रचनाक्रम इस प्रकार है - नन्दी, अनुयोगद्वार, आवश्यक, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, आचारांग, सूत्रकृतांग, व्याख्याप्रज्ञप्ति[६९] (यहाँ नाम ८ ही दिए है।) उल्लेखनीय है कि एक भी मन्तव्य में कल्प-व्यवहार की चूर्णि का उल्लेख नहि हुआ है।

यहाँ पर जिनदासगणि के द्वारा कितनी व कौन कौन ग्रन्थ पर चूर्णि लिखी गई थी, इस विषय में उपलब्ध होते कुछ प्रमाणों का विमर्श करना चाहिए-

१. व्यवहारचूर्णि में उल्लेख है कि 'पुव्वभणिया ओघनिर्युक्तौ कल्पे वा'[७०]। इससे प्रतीत होता है कि व्यवहारचूर्णिकार ने ओघनिर्युक्ति पर एवं कल्प पर चूर्णि लिखी है।

२. व्यवहारचूर्णि का प्रारम्भ बिना मंगलाचरण के, इस प्रकार किया गया है - 'उक्तः कल्पः, अधुना व्यवहारस्य अवसरः प्राप्तः। तत्र कल्प-व्यवहारस्याऽयं

सम्बन्धः - कप्पे आभवंतपच्छित्तं वुत्तं, ववहारे दाणपच्छित्तं वत्तव्वं । जं च कप्पे ण भणितं, तं ववहारे भण्णति । आलोयणविही ववहारे भण्णति। अनेन सम्बन्धेनाऽऽयातस्य व्यवहाराध्ययनस्य...'[७१] ।

यहाँ प्रथम वाक्य से दोनों का एककर्तृकत्व सिद्ध हो सकता है । अगर अलग चूर्णिकार होते तो वे मङ्गलोपचार अवश्य करते । परन्तु वैसा नहीं किया गया है । जैसे 'कप्प-ववहार' एक सुयखंध के दो अध्ययन माने गये हैं, वैसे ही एक चूर्णिकार के द्वारा रची गई चूर्णि के दो विभाग ही कल्पचूर्णि एवं व्यवहारचूर्णि के नाम से जाने जाते हैं । संघमाणिक्यगणि-कृत 'आगमवाचनानुक्रम' नामक कृति (हस्तलिखित ग्रन्थ : वि. सं. १५९८) में ऐसा उल्लेख है कि 'इति श्रीकल्प-व्यवहारचूर्णिः' । यह उल्लेख प्रमाणित करता है कि कल्प की एवं व्यवहार की - दोनों चूर्णि एकग्रन्थरूप थी, और इससे दोनों के कर्ता एक होगे यह भी अनुमान किया जा सकता है ।

३. व्यवहारचूर्णि में ऐसा उल्लेख है कि ''पूर्वं पंचकल्पे व्याख्याता''[७२] । अर्थात् इन्होंने पञ्चकल्पभाष्य पर भी चूर्णि बनाई है ऐसा स्पष्ट होता है ।

४. पञ्चकल्पचूर्णि में ऐसा उल्लेख पाया जाता है कि ''एतद् उपरिष्टात् तस्मिन्नेव कल्पे प्रथमोद्देशके मासकल्पद्वितीयसूत्रे व्याख्यास्यामः'' । ''दशमे उद्देशे व्यवहारस्य वक्ष्यामः''[७३] । इन दोनों उल्लेखों का तात्पर्य एक ही है : तीनों की चूर्णि के प्रणेता एक हैं ।

५. व्यवहारचूर्णि में कहा : ''जहा णिसीहे व्याख्यातं''[७४] । इसका तात्पर्य निशीथचूर्णिकार ही व्यवहारचूर्णिकार हैं - ऐसा स्पष्ट है । और व्यवहारचूर्णि से पहले निशीथचूर्णि की रचना हुई है यह भी प्रतीत होता है ।

६. व्यवहारचूर्णि में ही ''एयं पिंडनिज्जुत्तीए व्याख्यातं''[७५] ऐसा भी पाठ प्राप्त है । इससे 'पिंड-निज्जुत्ती' अर्थात् 'दशवैकालिक' पर भी इनकी चूर्णि है ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है ।

७. अब आवश्यकचूर्णि के बारे में -

१) व्यवहारचूर्णि में ''जहा आवस्सए भणिया''[७६] ऐसा निर्देश हुआ है । और कल्पचूर्णि के तो प्रारम्भ में ही लिखा है कि ''एताणि आवस्सए

पुव्वभणिताणि''[७७] । ये निर्देश इनके द्वारा रचित आवश्यकचूर्णि की ओर ही संकेत करते हैं, ऐसा मानना चाहिए । और ऐसे उल्लेख अनेक स्थल पर देखे जाते हैं । इनका क्या मतलब होगा ? । यही कि इन्होंने आवश्यकचूर्णि की रचना की है ।

२) यहाँ सवाल यह उठता है कि यदि वर्तमान में उपलब्ध आवश्यकचूर्णि जिनदासगणि की हो, तो उसमें कहीं भी विशेषावश्यकमहाभाष्य का उल्लेख क्यों नहीं ?, अपने सभी ग्रन्थ में उन्होंने महाभाष्य का आधार या संकेत दिया है, तो इसमें क्यों नहि ? । इसका अर्थ यही होगा कि यह चूर्णि उनकी रचना नहि हो सकती ।

३) एक और भी विचार उपस्थित हुआ है कि महाभाष्य में कई मत ऐसे बताये गये हैं कि जिनका महाभाष्यकार ने खण्डन किया है या तो अस्वीकार किया है । अब विचित्रता यह है कि ये सभी मत आवश्यकचूर्णि में प्रतिपादित मिल रहे हैं ![७८] । जिनदासगणि का समय तो जिनभद्रगणि के बाद का निश्चित है । वे स्वयं महाभाष्य को जगह जगह पर आधार बनाकर चले हैं । अब आवश्यकचूर्णि में वे ही महाभाष्यकार जिससे संमत न हो उन बातों या मतों को स्थान दे, यह तो कितना विचित्र-सा प्रतीत होता है ? ।

ये दो तर्क आवश्यकचूर्णि को जिनदासगणि की रचना मानने में बाधक हैं । और हमारी राय में यह सत्य भी है । उपलब्ध आवश्यकचूर्णि जिनदासगणि की नहि है - ऐसा ही मानना चाहिए ।

अब पुनः प्रश्न उठेगा कि, तो वर्तमान में, वस्तुतः परम्परा से, आवश्यकचूर्णि जिनदासगणि की है ऐसी जो मान्यता है वह गलत ही हुई न ?, और, तो, उपर जो व्यवहारचूर्णि के उल्लेखों का हवाला दिया है, उसका क्या करेंगे ?, इस सवाल के जवाब में हमारी सोच ऐसी है -

आवश्यकसूत्र पर दो चूर्णियाँ लिखी गई हैं । एक पुरातन, जो आज उपलब्ध है, और जिनदासगणि के नाम से प्रचलित है वह, और दूसरी जो अलब्ध-अप्राप्त है मगर वास्तव में जिनदासगणि ने रची होगी वह ।

उपलब्ध चूर्णि पुरातन है, शायद कल्पभाष्यकार संघदासगणि से भी पहले की है। भाष्यकार ने अपने पञ्चकल्पभाष्य में एक गाथा लिखी है, उसमें 'आवस्सए' ऐसा शब्द है। उस गाथा में जिस उदाहरण का निर्देश है उसे 'आवश्यक' में देख लेने की सूचना वहाँ दी गई है। अब उक्त उदाहरण आवश्यकनिर्युक्ति में या भाष्य में तो है नहीं; हाँ, चूर्णि में अवश्य मिलता है[७९]। अतः 'आवस्सए' पद से 'आवश्यकचूर्णि' का ही अतिदेश होता है ऐसा मानना होगा। और तो यह चूर्णि पञ्चकल्प-भाष्यकार के समक्ष थी ऐसा मानना ही होगा।

और अगर यह कल्पना यथार्थ है, तो स्पष्ट है कि इस चूर्णिकार के सामने जिनभद्रगणि कृत महाभाष्य नहीं ही होगा, और तो उसमें महाभाष्य का कोई उल्लेख या सन्दर्भ कैसे मिलेगा ?, महाभाष्य तो बहुत परवर्ती है। और अब यह भी कहना आसान बनेगा कि इस पुरातन चूर्णि में जिन मतों का उल्लेख है, उन मतों पर, समय के बहेते, विमर्श एवं ऊहापोह बढते गये होगे, और अन्ततोगत्वा महाभाष्यकार ने उन मतों का खण्डन किया होगा।

इसके बाद भी, यदि यह चूर्णि जिनदासगणि की नहि है, तो उनका नाम इस चूर्णि के साथ कैसे जुड गया ? और व्यवहार व पञ्चकल्प आदि की चूर्णि में वे आवश्यक(चूर्णि) का हवाला देते हैं उसका हल क्या होगा ?, ये प्रश्न तो खडे ही हैं।

इसका एक ही खुलासा हो सकता है : उन्होंने भी आवश्यक पर चूर्णि (या विशेषचूर्णि) बनाई होगी, मगर किसी भी कारण से वह आज उपलब्ध नहि है। जैसे अनुयोगद्वार, दशवैकालिक, जीतकल्प इत्यादि ग्रन्थों पर दो दो चूर्णियाँ हैं ही। बृहत्कल्प पर भी चूर्णि एवं विशेषचूर्णि दो चूर्णि हैं ही; निशीथ पर जिनदासगणि ने 'विशेषचूर्णि' ही लिखी है, उसका मतलब कि उसकी भी अन्य चूर्णि होनी चाहिए। *ठीक इसी प्रकार, आवश्यकसूत्र की एक प्राचीन चूर्णि के उपरांत, इन्होंने* नयी चूर्णि या तो विशेषचूर्णि बनाई हो ऐसा हम मान सकते हैं; और तो ही 'पुव्वं आवस्सए भणियं' जैसे उल्लेख सार्थक हो सकते हैं।

इस तरह नन्दी, अनुयोगद्वार एवं निशीथ के उपरांत, उपर उल्लिखित प्रमाणों के आधीन, पंचकल्प, कल्प-व्यवहार, ओघनिर्युक्ति, पिण्डनिर्युक्ति या तो दशवैकालिक, आवश्यक - इन सब की चूर्णियों के प्रणेता भी जिनदासगणि

महत्तर हैं ऐसा सिद्ध होता है। और यह तो प्रथमदर्शी प्रमाणों पर आधारित बात है। अधिक एवं बारीकी से इन चूर्णियों का अध्ययन होगा, तब हमारे द्वारा की गई उक्त कल्पनाएँ तो यथार्थ साबित हो सकती हैं, किन्तु अन्य चूर्णियों के तथ्य भी प्रकाश में आ जाएंगे।

बृहत्कल्पबृहद्भाष्य के विषय में विमर्श

अब कुछ विचार बृहद्भाष्य के सन्दर्भ में -

सामान्यतः परम्परा के अनुसार भाष्ययुग की पूर्वसीमा विक्रमसंवत् से पूर्व तीसरी सदी, एवं उत्तरसीमा विक्रम की ७वीं शताब्दी है, ऐसा माना जाता है। परन्तु इस विषय में किसी संशोधक ने विचार किया हो ऐसा देखने में नहि आता। भाष्यकार के तौर पर, अभी तक तीन ही नाम हमें उपलब्ध हुए हैं : श्रीसंघदासगणि, श्रीसिद्धसेनगणि एवं श्रीजिनभद्रगणि। इनमें श्रीसंघदासगणि पाँचवी शताब्दी के हैं ऐसा श्रीपुण्यविजयजी का मत है[८०]। परन्तु इसके लिये उन्होंने कोई प्रमाण नहि दिया। हमें वह ढूँढना चाहिए।

'पाक्षिकसूत्र' हमारे संघ में, 'आगम' न होने पर भी, आगम जैसा दर्जा पाया हुआ सूत्र है। आवश्यकसूत्र के बाद तुरन्त उसका स्थान रहा है; या तो ऐसा कहे कि वह आवश्यकसूत्र के साथ का सूत्र है तो भी गलत नहि होगा। 'आगमवाचनानुक्रम'[८१] में संघमाणिक्यगणि ने लिखा है कि 'आवश्यकानन्तरं पाक्षिक-सूत्रवाचनानुक्रमो ज्ञेयः'। इससे उक्त धारणा को पुष्टि मिलती है।

वैसे तो यह सूत्र प्राचीन है। लेकिन शायद इसमें पश्चात्काल में कुछ अंश प्रक्षिप्त हो, अथवा इसका पुनर्घटन या संकलन हुआ हो, ऐसा लगता है। इसमें जिन आगमों के नाम आते हैं उनमें 'नन्दी' का भी नाम है। अतः श्रीदेवर्धिगणि क्षमाश्रमण की वलभीवाचना के दौरान इसका संकलन व लेखन किया गया है ऐसा मानना चाहिए। तो ही इसमें 'नन्दी' का नाम आ सकता है, क्योंकि 'नन्दी' की रचना (या संकलना) तो देववाचक ने की है। और देववाचक ही देवर्धिगणि हैं ऐसा कई विद्वज्जनों का मत है[८२]।

अब इस सूत्र में 'ससुत्ते सअत्थे सगंथे सनिज्जुत्तीए ससंगहणीए' ऐसा पाठ आता है। यहाँ 'भाष्य' का उल्लेख नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि इस

सूत्र के लेखन के समय तक 'भाष्य' की रचना नहि हुई होगी। यदि हुई होती तो यहाँ 'भाष्य' का भी उल्लेख अवश्य करते। यहाँ 'संग्रहणी' का उल्लेख हुआ है। संग्रहणी के प्रणेता आर्य कालक है, जिनका समय वीरात् ६०५ यानी वि.सं. २३५ लगभग का अंदाजा गया है[८३]। चूंकि आर्य कालक से पहले 'संग्रहणी' नहि थी, अथवा उसके होने का कोई प्रमाण प्राप्त नहि है, और 'पाक्षिकसूत्र' तो था ही; वह तो निर्युक्ति-काल से भी पूर्व का, सूत्र-काल का है; इसलिए हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि 'संग्रहणी'-निर्माण-काल के बाद में ही कभी इस सूत्र का पुनः संकलन हुआ है, और वह अरसा वीरात् ९८० का अर्थात् वलभी वाचना का ही हो सकता है। मुनि पुण्यविजयजी ने भी लिखा है कि "आजना जैन आगमोमां एवा घणा घणा अंशो छे, जे जैन आगमोने पुस्तकारूढ करवामां आव्या त्यारे के ते आसपासमां उमेराएला के पूर्ति कराएला छे"[८४]। अतः भाष्य का समय वीरात् ९८० यानी वि.सं. ५१० के पहले का हो, पाँचवी शताब्दी हो, ऐसा मानना जल्दबाजी ही होगी।

इसी तरह, स्वयं नन्दीसूत्र में भी, जहाँ आगमों का विवरण किया गया है वहाँ, 'संखेज्जाओ णिज्जुत्तीओ, संखेज्जाओ संगहणीओ, संखेज्जाओ पडिवत्तीओ' ऐसा पाठ आता है। यहाँ भी भाष्य के बारे में एक शब्द भी नहीं है। अगर भाष्य होते तो वे क्यों न लिखते ?, पश्चात्कालीन 'संग्रहणी' का यदि समावेश किया जा सकता है तो पश्चाद्वर्ती 'भाष्य' का समावेश भी क्यों न होता ?, इसलिए यही मानना अधिक उचित होगा कि भाष्य की रचना ५१० के बाद की है, और इसलिए संघदासगणि का समय अथवा उनका भाष्यरचना-समय ५१० के बाद का ही हो सकता है। उनको ५ वीं शताब्दी के मानना ठीक नहि होगा।

इतने विमर्श से स्पष्ट होता है कि भाष्ययुग की पूर्वसीमा ९८० या ५१० है, और उत्तरसीमा सातवीं शताब्दी (६३७) है।

इस बात के परिप्रेक्ष्य में अब बृहद्भाष्य के समय के विषय में विचारणा करे :

मुनि श्रीपुण्यविजयजी के मतानुसार, बृहद्भाष्य की रचना, चूर्णि एवं विशेषचूर्णि के भी बाद की है। क्योंकि कल्पलघुभाष्य की गाथा १६६१ में प्रतिलेखना के काल का निरूपण किया गया है। इस गाथा के विवरण में

चूर्णिकार ने एवं विशेषचूर्णिकार ने जितने आदेशान्तरों का उल्लेख किया है, उसकी अपेक्षा बृहद्भाष्य में नई नई अनेक अधिक मान्यताओं की बात की गई है। ये सभी मान्यताएँ हरिभद्रसूरि-कृत 'पञ्चवस्तुक' की स्वोपज्ञ वृत्ति में उपलब्ध होती हैं। इसका तात्पर्य हम निश्चित रूप से ऐसा निकाल सकते हैं कि बृहद्भाष्य के प्रणेता आचार्य, चूर्णिकार एवं विशेषचूर्णिकार के बाद में ही हुए हैं'[८५]।

मुनिजी के इस मत के उपर जब सोचा तब कुछ समस्याएँ खडी होने लगी - चूर्णिकार (जिनदास-गणि) का समय आठवीं शताब्दी का पूर्वार्ध है। विशेषचूर्णिकार तो चूर्णिकार के बाद के हैं। उनको आठवीं शती के उत्तरार्ध में रखने चाहिए, और चूर्णि और विशेषचूर्णि - दोनों के बीच में ४०-५० साल का अन्तर तो अवश्य होने का मानना चाहिए। बृहद्भाष्य उसके बाद का है ऐसा अगर मानों तो उसे जल्दी से जल्दी भी नवीं शताब्दी से पहले हम नहि रख पाएंगे। फलतः हमने उपर जो भाष्ययुग की उत्तर-सीमा आंकी, उससे पीछे दो या ढाई सौ साल तक भाष्ययुग को ले जाना पडेगा। यह किसी भी स्थिति में संभवित नहि लगता।

क्योंकि १) चूर्णियुग में भाष्य - आगमिक भाष्य लिखे गये हो ऐसा कोई निर्देश प्राप्य नहि है। २) एकबार गद्य व्याख्या शुरू हो गई, तो फिर पद्य व्याख्या लिखी जाय ऐसा प्रायः कहीं पर भी देखने नहि मिलता। यहाँ तो लघुभाष्य के उपर चूर्णि व विशेषचूर्णि जैसे दो दो गद्य विवरण लिखे जाने के बाद बृहद्भाष्य की रचना हुई हो ऐसा प्रतिपादन है !। क्या ऐसा संभवित है ?। ३) यदि चूर्णि या विशेषचूर्णि पूर्वकालीन और बृहद्भाष्य उत्तरकालीन - ऐसा मान भी लें, तो भी इन दोनों के बीच का अन्तर, अधिक से अधिक, सौ साल का हो सकता है। और सिर्फ इतने काल में इतने सारे आदेशान्तर या मतान्तर पैदा हो गये, ऐसा मानना जरा मुश्किल सा लगता है।

हमारे अभिप्राय से ये 'मतान्तर' पहले से ही चले आते होंगे। उनमें से कुछ का संग्रह चूर्णि में हुआ, बृहद्भाष्यकार ने अधिक मतान्तरों का संग्रह किया। बाकी कम या ज्यादा संग्रह करने से, एक पूर्वकालीन और दूसरा पश्चात्कालीन - ऐसा मानना तर्कसंगत नहि लगता। बल्कि इससे ऊलटा तर्क भी किया जा सकता है कि बृहद्भाष्य में सभी प्रचलित मतों का समावेश हुआ था, और बाद में

चूर्णिकार ने उसी के आधार पर थोडे कम मतों को संगृहीत किये ।

मतान्तरों के कम-ज्यादा संग्रह को आधार बनाकर ही यदि 'यह पहला, यह बाद का' ऐसा निश्चय किया जाय तो, बृहद्भाष्य में 'हेट्ठिल्ला उवरिल्लाहि०'[८६] गाथावाले प्रकरण में बहुत मतों या मतान्तरों का उल्लेख मिलता है, और कल्पवृत्तिकार ने उनमें से एक मत का भी उल्लेख नहि किया है - तो क्या इस बात को आधार बनाकर बृहद्भाष्य को वृत्तिकार से भी पश्चाद्वर्ती मान लेंगे ? ।

कोई ऐसा भी तर्क उठा सकता है कि चूर्णि में बृहद्भाष्य का कोई उल्लेख नहि है, अतः वह पश्चात्कालीन है । इसके सामने ऐसा भी तर्क हो सकता है कि बृहद्भाष्य में चूर्णि के बारे में कोई निर्देश नहीं, इसलिए चूर्णि पश्चात् है और भाष्य पूर्व । वस्तुतः ऐसे अवास्तविक तर्कों का कोई मूल्य नहीं होता ।

विक्रम की १२वीं - १३वीं शताब्दी में हुए चन्द्रकीर्तिगणि नामक श्रमण ने 'निःशेषसिद्धान्त-विचारपर्याय' नामक ग्रन्थ रचा है । उसमें कल्पलघुभाष्य के एवं कल्पचूर्णि के पर्याय लिखे हैं । वहाँ ऐसा पाठ है : ''भाष्ये 'भय सेवणाए धाउ' त्ति, भज् श्रिंग् सेवायाम् धातुः''[८७] ।

अब वृत्तिसंमत एवं चूर्णिसंमत भाष्य-वाचना में, यहाँ, ऐसा पाठ गाथा में नहि है । जब कि बृहद्भाष्य में इस पाठ का विवरण है । इसका मतलब यह हुआ कि चन्द्रकीर्तिगणि के समक्ष एवं बृहद्भाष्यकार के समक्ष भाष्य की जो वाचना थी, उसमें यह पाठ था । किन्तु चूर्णिकार के सामनेवाली वाचना में यह पाठ नहि होगा, ऐसा हठात् मानना पडेगा । क्योंकि ऐसा पाठ होता तो वे व्याख्या भी करते ।

और इस गाथा में 'भज्' के दो अर्थ हैं : 'विचारेहिं' एवं 'सेवायाम्' । क्या चूर्णिकार के समक्ष इन दो अर्थवाली परम्परा भी नहि रही होगी ? । बृहद्भाष्य के कर्ता के पास दो अर्थ की परम्परा[८८] है, अत एव उन्होंने वैसी व्याख्या भी की है, जो कि चूर्णिकार ने और वृत्तिकार ने भी नहि की है[८९] । और इन दो अर्थों के बिना गाथार्थ पूर्ण नहि होता है ।

इसका मतलब इतना ही होगा कि चूर्णिकार को जहाँ जितना उचित व आवश्यक लगा उतना ही उन्होंने लिया व उतने अंश को ही व्याख्यायित किया । जब कि बृहद्भाष्य बृहद्-व्याख्यारूप है, अतः उन्होंने जहाँ विषय और प्रकरण के

अनुरूप जो भी जितना भी था उसका संग्रह किया, व्याख्या की, और खुद की बृहत्ता सार्थक ठहराई।

प्रतिलेखना-काल के आदेशान्तरों के बारे में एवं 'हेट्ठिल्ला' गाथा के विविध अर्थघटन व मतान्तरों के बारे में भी यही बात लागू हो सकती है। चूर्णिकार को संक्षेप अपेक्षित था इसलिए उन्होंने ज्यादा मतान्तर आदि का ग्रहण एवं व्याख्यान नहि किया। बृहद्भाष्यकार का लक्ष्य विस्तृत विवरण था, तो उन्होंने सभी आदेशान्तर एवं मतान्तरों का संग्रह एवं विवरण कर दिया।

लेकिन इस कारण से चूर्णि पूर्व की और बृहद्भाष्य पीछे का - ऐसा निष्कर्ष निकालना औचित्य नहि रखता।

हमारी स्पष्ट और दृढ धारणा है कि बृहद्भाष्य की रचना चूर्णि से पहले हुई है। यद्यपि उपलब्ध पूरे बृहद्भाष्य का अवलोकन करना अभी बाकी है। परन्तु जैसे जैसे अवगाहन होता जाएगा, वैसे कोई प्रमाण मिल जा सकता है, और तब यह धारणा यथार्थ सिद्ध भी हो सकती है।

बृहद्भाष्य एक भाष्य है, उसका स्थान एवं निर्माण 'भाष्ययुगीन' ही होना चाहिए। 'चूर्णियुग' में उसका निर्माण हुआ मानना, हमारी दृष्टि में उचित नहि लगता।

आगे संघमाणिक्यगणि के 'आगमवाचनानुक्रम' की बात हुई है। उसमें बृहद्भाष्य के लिए ऐसी नोंध है –

- काऊण नमुक्कारं० (पूरी गाथा)।
- कृगि करणत्थो धातू० (पूरी गाथा, बृहद्भाष्य की)।

इति श्रीकल्पव्यवहारबृहद्भाष्यं। ग्रन्थागं १२००० ॥

इस नोंध के फलितार्थ -

१. कल्प-व्यवहार का बृहद्भाष्य एक व अखण्ड होना चाहिए।

२. उसका कर्ता एक ही होगा।

३. आज बृहद्भाष्य अपूर्ण उपलब्ध है, और जितना अंश प्राप्य है वह प्रायः ७००० गाथा प्रमाण है, और प्राप्त अंश बृहत्कल्प के भाष्य का ही है, तो

कल्पमहाभाष्य का थोडा अंश अलब्ध है और व्यवहारमहाभाष्य पूर्णतया अलब्ध - ऐसा मानना होगा।

४. दोनों महाभाष्य मिलकर १२००० गाथाएँ होगी।

५. संघमाणिक्यगणि के सामने यह पूरा बृहद्भाष्य ग्रन्थ उपस्थित होगा।

बृहत्कल्पसूत्र और उसके विवरणों का वर्णन

अब थोडी बातें इस ग्रन्थ के बारे में -

इस ग्रन्थ का नाम 'बृहत्कल्पसूत्र' है।

जैन संघ के मान्य, विद्यमान आगम-ग्रन्थ ४५ हैं। उनमें छ आगम 'छेदसूत्र' के नाम से जाने जाते हैं। साध्वाचारों के विषय में उत्सर्ग और अपवाद - मार्ग का एवं प्रायश्चित्तविधि का प्रतिपादन, मुख्यतया, इन ग्रन्थों में हुआ है। इन छ ग्रन्थों में एक बडा एवं मुख्य ग्रन्थ है बृहत्कल्पसूत्र। पाक्षिकसूत्र में तीन कल्प-सूत्र के नाम आते हैं - 'कप्पो', 'चुल्लकप्पसुयं', 'महाकप्पसुयं'। इनमें से 'कप्पो' नाम इसी ग्रन्थ के लिए प्रयुक्त है।

यह 'कल्प' ग्रन्थ सूत्रात्मक है। इसका प्रथम सूत्र -

'नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा आमे तालपलंबे अभिन्ने पडिगाहित्तए'[९०] ॥

और अन्तिम सूत्र -

'छव्विहा कप्पट्ठिती पण्णत्ता ... थेरकप्पट्ठिति त्ति बेमि'[९१]।

इस सूत्र के प्रणेता चतुर्दश पूर्वधर स्थविर आर्य भद्रबाहुस्वामी हैं। उन्होंने ही इस सूत्र पर निर्युक्ति भी बनाई है। 'निर्युक्ति' गाथाबद्ध होती है। वह बहुत संक्षेप में विवरण देती है, अतः उस पर 'भाष्य' बनाया जाता है।

'कल्प' के उपर दो भाष्य रचे गये हैं : लघुभाष्य और बृहद्भाष्य। लघुभाष्य का मुद्रित गाथा-प्रमाण ६४९० है। इसके प्रणेता श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमण हैं।

वैसे भाष्य, निर्युक्ति का विस्तृत विवरण ही होता है। परन्तु आगे चलकर, निर्युक्ति का कद अत्यन्त लघु होने के कारण, ऐसी स्थिति बनी कि

निर्युक्ति को भाष्य बहुधा निगल गया यानी दोनों एकमेक में ऐसे घुलमिल गये[१२] कि बाद में यह निर्युक्ति की गाथा है और यह भाष्य की - ऐसा पृथक्करण कर पाना अशक्य हो गया।

परन्तु छोटे छोटे थोडे सूत्रों के उपर साढे छ हजार गाथाएँ विवरण के रूप में लिखी जाय, यह अपने आप में एक चमत्कृति तो है ही, साथ ही साथ इससे 'सूत्र' की गंभीरता का और गंभीर सूत्रार्थों को समझने की - पकड लेने की भाष्यकार महर्षि की प्रचण्ड प्रज्ञा का भी परिचय होता है।

वैसे तो भाष्य सूत्र के उपर विवरण के रूप में बना है। परन्तु सूत्रांश का विवरण करने से पहले भाष्यकार ने एक पूर्वभूमिका का निर्माण किया है जिसे 'पीठिका' कहा जाता है। किसी सूत्र के विवरणरूप नहि होने से, यह अंश, भाष्यकार के द्वारा रचे गये एक स्वतंत्र ग्रन्थ जैसा है। 'पीठिका' रूप इस अंश में, ८०० से भी अधिक गाथाओं में, भाष्यकार ने, सूत्र को पढने-समझने से पहले क्या *क्या जानना व सीखना चाहिए, यह बात प्रतिपादित की है*। चूंकि यहाँ उन्हें 'सूत्र' के बन्धन में नहि चलना था, अतः उन्होंने यहाँ अनेक अनेक ज्ञेय विषय लिख दिये हैं। इन विषयों में दार्शनिक बातें भी हैं, और द्रव्यानुयोग के पदार्थ भी हैं। अनेक नई बातें भी हैं, जिन बातों के विषयों को लेकर हमने परिशिष्ट क्र. १ बनाया है। जिज्ञासु वहाँ से ये बातें जान सकते हैं।

दूसरा 'बृहद्भाष्य' है, जो कि लघुभाष्य के विवरण-स्वरूप है। उसका भी यहाँ पीठिकांश ही सम्पादित किया गया है। वह अंश १६६२ गाथाप्रमाण है। उसकी चर्चा आगे की जाएगी। पहले कल्पचूर्णि की चर्चा करेंगे।

चूर्णि

चूर्णि का स्थूल शब्दार्थ सोचें तो 'चूर्णनं चूर्णिः' ऐसी व्युत्पत्ति की जा सकती है। अर्थात् 'चूर्ण करना - चूरा करना'। जिस ग्रन्थ के उपर व्याख्या की जाती हो उस के पदों का, वाक्यों का, गाथाओं का चूर्ण कर देना, यानी उनके अर्थों को - रहस्य को खोलना, यह है चूर्णि।

यद्यपि चूर्णि हमेशा संक्षिप्त ही होती है; थोडे शब्दों में बहुत सारा तात्पर्य बता देना उसका प्रमुख लक्षण होता है; कई जगह तो विवरण या व्याख्या करना ही

चूर्णिकार टाल देते हैं और 'कंठा/कंठं' कहकर बात निपटा देते हैं। तो भी इतना निश्चित है कि चूर्णिकार यदि भाष्य के पदार्थों को खोलकर न दिखाते तो कई बातें या रहस्य हमारे लिए अछूते ही - अज्ञात ही रह जाते। जैसे कि -

भाष्यगाथा में विविध कथाओं के संकेत एक-दो पदों से लिख दिये हैं। मगर इतने से वह किसकी व कौनसी कथा है इसका पता हम नहि लगा सकते थे। लेकिन चूर्णिकार ने उन संकेतित कथाओं को विस्तार में लिख दी हैं। उदा. 'वच्छग गोणी खुज्जा०' (१७२)[९३]- इस गाथा में सूचित कथाओं को चूर्णि में स्पष्ट एवं विस्तृत रूप से समझा दी गई हैं।

उपमा और दृष्टान्त भी इसी प्रकार समझाये हैं। जैसे कि उक्त गाथा में ही 'वच्छग-गोणी' का दृष्टान्त। अथवा गा. १९२[९४] में 'पेडा' का दृष्टान्त, जिसे चूर्णि में खोलकर समझाया गया है। गा. १९० में भी अनेक दृष्टान्तों के संकेत[९५] दिये हैं, जिन्हें बिना चूर्णि की मदद के समझ पाना कठिन था।

कौनसी गाथा किस पद की व्याख्यारूप है यह भी चूर्णि के जरिये ही समझ में आता है। जैसे कि 'अणु बायरे य उंडिय०'[९६] (१९०) में अनेक पद हैं, उन पदों की भाष्य में व्याख्या तो है, मगर कौनसी गाथा किस पद को व्याख्यायित करती है, वह तो चूर्णि से ही मालूम पडता है। यहाँ 'उंडिय' की व्याख्या 'अधितो जोग णियोगो०'[९७] (१९६-९७) में है, उसका बोध चूर्णि के अवतरण से ही होता है। वैसे ही अन्य पदों के विषय में भी, और अन्यत्र भी समझना है।

चूर्णि गाथाओं का सम्बन्ध भी जोड देती है। जैसे कि गा. १०९ की चूर्णि में लिखा कि "एत्थ वक्कं पडितं - कोद्दवा चेव"[९८], चूर्णिकार ने यह संकेत गा. ९७ में आते पद 'कोद्दवा चेव' की ओर किया है और सूचित किया कि अब उन पदों की व्याख्या हो रही है। चूर्णि न होती तो यह सम्बन्ध जोडना जरा विकट होता।

प्रायश्चित्त के विषय में भी चूर्णि में पर्याप्त स्पष्टता की गई है। अन्यथा कहाँ - किस विषय में कितना व क्या प्रायश्चित्त इसका स्पष्टीकरण नहि हो पाता। जैसे कि 'छक्काय चउसु लहुगा०'[९९] (गा.४६२) में जो प्रायश्चित्त के संकेत हैं, वे चूर्णि से ही स्पष्ट हो सकते हैं। बिना चूर्णि के उन संकेतों को समझ पाना मुश्किल है।

भाष्यकार के अभिप्राय को भी चूर्णि ही खोलती है । जैसे कि ' पढमासति वाघाए०'[१००] (गा. ४६४) में भाष्यकार ने तो 'पढमासति वाघाए' कहकर बात पूरी कर दी है । उसका तात्पर्य कहाँ तक पहुंचता है यह तो जब चूर्णि पढते हैं तब ही समझ में आता है । यहाँ 'जतणाए' पद है, और उसका सम्बन्ध गा. ४१९ गत 'जयणा'[१०१] पद के साथ जोडने का है, इसका पता तो, चूर्णिगत 'एत्थ जयण त्ति वाक्यं पडितं'[१०२] इस वाक्य से ही चलता है ।

भाष्य में मुनिजीवन की अनेकविध सामाचारी का निर्देश दिया गया है । उन सामाचारी की बातें समझने के लिए चूर्णि की सहायता अनिवार्य है । यदि केवल भाष्य के शब्दों से सामाचारी को समझने का प्रयत्न किया जाय, तो वह विफल ही रहेगा, इसमें कोई शंका नहीं ।

यह चूर्णि भी यहाँ पीठिकांश की ही सम्पादित की गई है । यह चूर्णिग्रन्थ, जैसा कि इस लेख के प्रारम्भ में कहा है वैसे, पुनः सम्पादित हुआ है, और पुनः प्रकाशित हो रहा है ।

बृहद्भाष्य

चूर्णि के बाद हम बृहद्भाष्य के बारे में कुछ लिखना चाहेंगे । सर्वप्रथम एक बात स्पष्ट होनी आवश्यक है कि 'कल्प-बृहद्भाष्य' स्वतंत्र ग्रन्थ नहीं, अपि तु कल्प-लघुभाष्य का विवरण-ग्रन्थ है । जैसे लघुभाष्य पर चूर्णि एवं वृत्ति लिखी गई हैं, उसी प्रकार उस पर यह बृहद्भाष्य भी लिखा गया है ।

बृहद्भाष्य की विवरण-पद्धति जरा विलक्षण है । उसका परिचय इस प्रकार है —

बृहद्भाष्यकार को जहाँ आवश्यक लगा वहाँ - १. लघुभाष्य की गाथा के उपर एक या एकाधिक गाथात्मक विवरण लिखा है । २. जहाँ जरूरी नहि लगा वहाँ लघुभाष्य की गाथा पर कुछ नहि लिखा । ३. कई स्थान पर लघुभाष्य की गाथा के अंशों को पकडकर एक गाथा पर नई ४-६ गाथाएँ बनाई हैं । देखते ही खयाल आ जाता है कि ये गाथाएँ अमुक गाथा के विवरण में बनी हैं । ऐसे स्थान पर लघुभाष्यवाली मूल गाथा को वे ग्रहण नहि करते, सिर्फ उसके अंशों को लेकर बनी नई गाथाएँ ही रखते हैं ।

लघुभाष्य की उपलब्ध मुद्रित वाचना के साथ बृहद्भाष्य में स्वीकृत वाचना का मिलान करते वक्त अनेक पाठभेद प्राप्त हुए । उनका संग्रह हमने परिशिष्ट क्र. ४ में किया है ।

हमारे यहाँ लघुभाष्य और बृहद्भाष्य - ऐसे दो भाष्यों की परम्परा रही है। जैसे कि कल्प और व्यवहार का लघुभाष्य उपलब्ध है ही, और अब उन दोनों का यह बृहद्भाष्य भी, भले अपूर्ण ही हो, मिल रहा है। वैसे ही अन्य ग्रन्थों पर भी ऐसे दो भाष्य बने हैं, चाहे उनमें से कोई आज उपलब्ध न भी हो ।

विशेषावश्यकभाष्य 'महाभाष्य' के नाम से प्रख्यात है। वैसे 'बृहद्' व 'महा' दोनों शब्द समानार्थक ही हैं, फिर भी उसे 'बृहद्भाष्य' नहि कहा जाता। दोनों बडे भाष्यों की विवरण-पद्धति में काफी भिन्नता भी है। महाभाष्यकार ने आवश्यकनिर्युक्ति की एवं मूल भाष्य की गाथा को लेकर उस पर विवरण किया है ऐसा नहीं। उन्होंने, उन गाथाओं को आधार बनाकर, अपने चित्त में जिन विषयों एवं पदार्थों का प्रतिपादन व विवेचन करने का ठाना है, वह पूरी स्वतन्त्रता से और बडे विस्तार के साथ किया है। कल्प के बृहद्भाष्य में यह पद्धति नहि दिखाई देती। यहाँ तो स्पष्टतया लघुभाष्य की गाथाओं पर, चूर्णि एवं वृत्ति के ज्यूं ही, बृहद्भाष्य विवरण ही करता है। दोनों बडे भाष्यों का यह तफावत है ।

तो भी इस बृहद्भाष्य में विशेषताएँ कम नहि हैं। चूर्णि एवं वृत्ति की तुलना में यह अनेक रीति से विशिष्ट विवरण है, इतना तो इसके थोडे अध्ययन के बाद भी मानना पडेगा। उन विशेषताओं पर एक दृष्टिपात करें -

१) अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर चूर्णि एवं वृत्ति में जहाँ स्पष्टता नहि मिलती, वहाँ बृहद्भाष्य स्पष्टता देता है। उदाहरणार्थ –

   १. 'हेट्ठिल्ला' (गा. ६००) गाथा पर बृहद्भाष्य में ४३ गाथा प्रमाण (१२७८ - १३२१) विस्तृत विवेचन हुआ है, और उसमें जो स्पष्टता होती है वह वृत्ति या चूर्णि से नहि होती ।

   २. इसी प्रकार, 'पिण्ड' के दोषों के अधिकार में, चूर्णि व वृत्ति, भेदों का बहुत संक्षिप्त वर्णन कर प्रायश्चित्त बताकर रुक गये हैं । जब कि बृहद्भाष्य में सभी दोष-भेदों का विस्तृत वर्णन किया गया है - गा.

११५३ - ११९८ ।

३. 'मंगल' के अधिकार में 'लोणुण्हपदीवमादिव्व' (लघुभाष्य गा. २३) में तीन दृष्टान्त की घटना चूर्णि एवं वृत्ति में जिस तरीके से की गई है, उसकी तुलना में बृहद्भाष्य (गा. १४६ - ४८) में, वह अधिक प्रतीतिकर व तर्कसंगत तरीके से की गई है ।

४. गा. १९० 'अणु बादरे य उंडिय०' में उल्लिखित दृष्टान्तों की घटना चूर्णि और वृत्ति में हुई जरूर है, लेकिन उन दृष्टान्तों का विशद व व्यवस्थित निरूपण तो बृहद्भाष्य (गा. ५०२ से) में ही मिल रहा है । उसमें भी 'मंखसुत' के दृष्टान्त की अत्यन्त समुचित घटना (गा. ५३२ - ३३) यहाँ है वैसी चूर्णि-वृत्ति में नहि है ।

५. कभी तो एक ही दृष्टान्त को विभिन्न रीति से यहाँ समझाया गया है (गा. ११४१ - ४३) ।

२) कभी ऐसा भी हुआ है कि लघुभाष्य की गाथा का पाठ अधूरा या अपर्याप्त हो, और उसका सही पाठ बृहद्भाष्य देता हो । जैसे कि –

१. लघुभाष्य गा. ३३६ 'सेल-घण-कुडग-चालिणि' में 'भोम्म' और 'कढिण' ये दो दृष्टान्त छूट गयें हैं । जब कि गा. ३४० में 'भोम्म' की एवं ३४७ में 'कढिण' की बात तो आती ही है । बृहद्भाष्य में ये दोनों दृष्टान्त उक्त गाथा में ही समाविष्ट देखे जाते हैं (गा. ८४९) ।

२. 'हरिते बीएसु तहा०' (लघुभाष्य गा. ५०१) के पाठ से बृहद्भाष्यगत इसी गाथा का (गा. ११०६) पाठ जरा जुदा है । परन्तु यहाँ लघुभाष्य के चूर्णि एवं वृत्ति के स्वीकृत पाठ में १-१ चतुर्भङ्गी छूट गई है, जब कि बृहद्भाष्यवाले पाठ में सभी चतुर्भङ्गियाँ समा गई हैं ।

३. लघुभाष्य गा. ५०५ में 'वित्तसचलणे य आयाए' पाठ है, और बृहद्भाष्य में यहाँ 'वित्तसणे संजमाताए' पाठ है । जाहिर है कि लघुभाष्य के चूर्णि और वृत्ति द्वारा स्वीकृत पाठ में संयम की विराधना की बात रह गई है, जो बृहद्भाष्यवाले पाठ में नहि छूटती है ।

ऐसे तो कई उदाहरण या स्थान हैं जहाँ लघुभाष्य के मुद्रित या चूर्णि-

मान्य पाठ की तुलना में बृहद्भाष्य के पास अधिक अच्छे व उपयुक्त पाठ हैं। इसका एक अर्थ हम ऐसा निकाल सकते हैं कि बृहद्भाष्यकार के पास कल्पलघुभाष्य की जो वाचना होगी वह अधिक शुद्ध, अर्थसंगत व प्रमाणभूत रही होगी।

३) कोई प्रश्न आता है तो उसका समाधान सर्वत्र मिलता तो है, लेकिन कोई कोई स्थान में चूर्णि-वृत्ति के समाधान की अपेक्षा बृहद्भाष्य का समाधान अधिक वास्तविक एवं बुद्धिगम्य होता है। जैसे कि लघुभाष्य की गा. ४०६ (बृहद्भाष्य गा. ९२९) में प्रश्न आता है कि 'कम्हा उ बहुस्सुओ पढमं'। इसका चूर्णि-वृत्ति-प्रदत्त समाधान अस्पष्ट एवं अधूरा प्रतीत होता है। बृहद्भाष्य में दिया गया समाधान सुस्पष्ट, सम्पूर्ण एवं बुद्धिगम्य लगता है (गा. ९३०)।

४) गाथा में निरूपणीय विषय की अवतरणिका या उत्थानिका देने की प्रथा शास्त्रों में होती है। यहाँ भी है। लेकिन चूर्णिकार की उत्थानिका कईबार अपूर्ण लगती है, या तो वे संकेत देकर छोड देते लगते हैं। ऐसे स्थानों में बृहद्भाष्य की उत्थानिका पदार्थ को इतना अच्छा खोल देती है कि तनिक भी गरबडी तो न रह पाए, अपि तु चूर्णि में नहि मिला हो ऐसा अर्थ भी मिल जाय। उदा. लघुभाष्य गा. ४०९ 'सुत्तं कुणति परिजितं०' की उत्थानिका में चूर्णिकार लिखते हैं कि -'आह, तिसु वरिसेसु अपुण्णेसु आयारे पढिए किं करेउ'। अब बृहद्भाष्य की उत्थानिका देखें -

> "किं पुण तिवरिसमाती पकप्पसुत्तातिकप्पितो होति।
> आरेण ण भवति त्ती - भण्णति तिण्हमो णिसामेहि ॥ ९३४ ॥

दोनों का अन्तर स्वयंस्पष्ट है।

५) कभी कभी ऐसा भी दिखाई दिया कि लघुभाष्य की कोई गाथा के शुद्ध पाठ तक और उसके अर्थ-तात्पर्य तक चूर्णि एवं वृत्ति नहि पहोंच पाई हैं। यथा - लघुभाष्य गा. ७२६ में 'पच्चंतुस्सारणे अवोच्छित्ती०' पाठ। यहाँ 'अ वोच्छित्ती' ऐसा पाठ समझा गया होता, पदच्छेद करके लिया गया होता, तो अर्थघटन समुचित हो पाता, और 'पच्चंत' का तात्पर्य 'प्रत्यन्त-ग्राम' तक न जाता।

यहाँ सही पाठ एवं अर्थ के लिए बृहद्भाष्य का आधार लेना अनिवार्य है। यदि बृहद्भाष्य न मिला होता, और अद्ययावत् नहि ही था, तो हम कितने विचित्र अर्थघटन पर अड जाते ?, बृहद्भाष्य गा. १५१४-१६ का सूक्ष्मता से पठन करें तो पाठ एवं अर्थ - दोनों शुद्ध हो जाएंगे। गा. १५१६ में जो वाक्य है - 'पच्चंतुस्सारणम्मि वोच्छित्ती', इसी में समाधान निहित है। 'पच्चंत' यानी अन्तिम उत्सारकल्पिक शिष्य, उसको 'उत्सार' कराने से 'सूत्र' का विच्छेद (वोच्छित्ती) हो जाएगा - ऐसा यहाँ तात्पर्य है।

यहाँ कोई ऐसा तर्क करे कि यदि चूर्णि बृहद्भाष्य के बाद की होती तो चूर्णिकार के सामने बृहद्भाष्य अवश्य होता, और तो वे भी ऐसा ही लिखते। परन्तु उनके सामने वह नहि होगा, क्योंकि वह बाद में रचा गया होगा; तो वह तर्क अनुचित है। चूर्णि से पूर्व में बृहद्भाष्य की रचना हो ही गई हो, लेकिन चूर्णिकार के सामने वह उपस्थित न हो, ऐसा भी हो सकता है। और तो और, अगर वृत्तिकार के सामने तो बृहद्भाष्य था। तो भी उन्होंने इस पाठ को नजरअंदाज कर चूर्णिकार-स्वीकृत पाठ को ही क्यों अपनाया ?। 'अव्वोच्छित्ती' ही क्यों रखा ?। पच्चंत का 'प्रत्यन्त-ग्राम' अर्थ ही क्यों किया ?। तात्पर्य कि जैसे वृत्तिकार के सामने बृहद्भाष्य के होने पर भी उन्होंने उसका अनुसरण नहि किया, वैसे ही चूर्णिकार ने भी बृहद्भाष्य की बात न स्वीकार की हो ऐसा भी संभवित है। अतः ऐसी बात को लेकर चूर्णि की पूर्वता व बृहद्भाष्य की परवर्तिता सिद्ध करना उचित नहीं।

६) कितनीक गाथाएँ लघुभाष्य में थी, और अभी भी हैं, परन्तु बृहद्भाष्यकार को वे अनावश्यक लगने पर उन्होंने उन गाथाओं को निकाल दिया हैं, या नहि लिया हैं। उदा. लघुभाष्य गा. १२८ (वृत्ति गा. ११४) 'मिच्छत्ता संकंती०' यह गाथा। इस गाथा का अर्थ अन्य गाथाओं में कह दिया गया है, अतः उसकी ग्रन्थ में अनिवार्यता नहीं है, तो भी लघुभाष्य में उसे स्थान मिला है, और चूर्णि-वृत्तिकार ने भी उसे मान्य की है। बृहद्भाष्य में ऐसा नहीं। वहाँ यह गाथा टाल दी गई है।

७) लघुभाष्य में गाथाओं के क्रम में कहीं कहीं उत्क्रम भी मालूम पडता है। जैसे कि गा. १९३/१९४। यहाँ वास्तव में १९४ वाली गाथा पहली और

१९३ वाली गाथा उसके पश्चात् हो तो क्रमौचित्य होता। परन्तु व्याख्याकारों ने इसी क्रम से विवरण लिखा है, अतः परिवर्तन को अवकाश नहीं। बृहद्भाष्य में यह क्रम सुआयोजित है। यहाँ पहले 'अत्थं भासति अरहा०' (५०७) आती है, और उसके अनुसन्धान की बात कहते कहते भाष्यकार 'उक्खित्तणाते०' (५११) गाथा लिख देते हैं। यद्यपि लघुभाष्य की गा. १९३ से बृहद्भाष्य की गा. ५११ का पाठ अंशतः भिन्न है, तो भी दोनों का निरूपण तो एक ही है।

ऐसी तो अनेक विशेषताएँ इस बृहद्भाष्य में देखने मिल सकती हैं। और अभी तो बृहद्भाष्य का 'पीठिका-अंश' ही हमने पढा है। आगेवाला हिस्सा पढेंगे तब ऐसी अनेक विशिष्ट बातें सामने आएगी, ऐसा विश्वास के साथ कह सकते है।

बृहद्भाष्य के पीठिकांश में कहीं कहीं पर अमुक अंश त्रुटित भी है। जैसे कि लघुभाष्य ३३६ में 'सेल-घण' आदि दृष्टान्त दिये हैं। उनमें से 'कुट' दृष्टान्त से लेकर 'मशक' दृष्टान्त तक का वर्णन करनेवाली गाथाएँ यहाँ नहि मिली हैं, यानी वह पाठ त्रुटित है।

ऐसा अन्यत्र भी है। परन्तु ऐसी जगह में कभी मुद्रित लघुभाष्य में से त्रुटित अंश को लेकर [ ] में लिया है और वहाँ नीचे प्रायः टिप्पणी भी दी है। तो अमुक जगह पर त्रुटित पाठ के स्थान पर क्या पाठ होना चाहिए, एतद्विषयक सन्दिग्धता रह जाने के कारण, कुछ भी न लिखकर, वह स्थान खाली ही रखा गया है।

पीठिका के प्रान्त भाग में लिखी पुष्पिका में गाथासंख्या "षोडश शतानि द्विनवतीनि' ऐसा वाक्य है। इससे स्पष्ट है कि बृहद्भाष्य-पीठिकांश का गाथासमूह १६९२ का था। लेकिन आज तो १६६२ ही उपलब्ध हैं। यदि उद्धरण की हुई गाथाओं (संस्कृत) को भी यहाँ क्रम दिया जाय तो कोई ५ या ७ गाथाएँ बढ सकती हैं। जैसे - बृहद्भाष्य गा. २१७-१८ के मध्य में आती उद्धरणात्मक गाथा - 'वाग्-दिग्-भू-रश्मि-वज्रेषु०' इत्यादि।

८) बृहद्भाष्य में प्राकृत का पुरातन स्वरूप महत्तम मात्रा में सुरक्षित रहा है। महाराष्ट्री का प्रभाव यहाँ बहुत ही कम मात्रा में दिखाई देता है। यहाँ जो

शब्द-प्रयोग मिलते हैं उन में त,द,ध,प,व इत्यादि वर्णश्रुति अत्यधिक प्रमाण में है। उदाहरणार्थ -

बातर - बादर, पातुता - प्रावृता, पतीतंत - प्रतितंत्र, तिणमो - इणमो, वेताणि - वेदानीं - वा इदानीम्। यहाँ सर्वत्र 'त' श्रुति है। कधमेध - कथमेतत्, भणध - भणथ, कधा - कथा, कधग - कतक, धू - हू। यहाँ 'ध' श्रुति। तथा तोधी - ओधी - ओही। तोगऽणुतोगो - योगणुयोगो। तोभावण - ओभावण। ऐसे आद्य 'ओ - यो' का 'तो'। पेति - बेति, वाधण्णं - पाधण्णं, संकेस - संक्लेश, पुरेखडे - पुरस्कृते इत्यादि।

सामेते - सामी - स्वामी एते। साग - सावग - श्रावक। साक - श्रावक। साकेते - सावके (श्रावके) एते। अण्णं धुवयारं - अन्नं हु उवयारं। ऐसे अनेक प्रयोग बृहद्भाष्य में मिलते हैं। इन प्रयोगों को देखकर स्पष्ट होता है कि इस ग्रन्थ में भाषा का पुरातन स्वरूप सुरक्षित रहा है और अत एव वह भाषास्वरूप इस ग्रन्थ की प्राचीनता का साधक प्रमाण बन सकता है। किसी भाषाशास्त्री के लिए अध्ययन करने लायक यह ग्रन्थ है।

चूर्णि की प्रतियाँ देखें तो पता चलेगा कि उन प्रतियों में जो भाषास्वरूप है उस पर महाराष्ट्री प्राकृत का गहरा प्रभाव स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है। वैसा प्रभाव बृहद्भाष्य की भाषा के उपर नहि हुआ लगता। चूर्णि की एक भी प्रति में, प्रायः, ऐसी पुरातन प्राकृत भाषा प्रयुक्त हुई हो ऐसी जानकारी नहि मिलती। उसका एक तात्पर्य ऐसा भी हो सकता है स्वयं चूर्णिकार ने ही ग्रन्थ में परवर्ती-भाषा-स्वरूप प्रयोजा है। अगर यह कल्पना उचित हो, तो चूर्णि का बृहद्भाष्य से परवर्तित्व स्वयमेव सिद्ध हो जाएगा।

उपयुक्त प्रतियाँ एवं सम्पादनपद्धति

इस चूर्णिग्रन्थ के सम्पादनहेतु हमने पाँच प्रतियों का उपयोग किया है : ४ ताडपत्रप्रतियाँ, १ कागजपत्रप्रति। कागजपोथी का उपयोग अत्यन्त अल्प ही हुआ है, जहाँ हुआ वहाँ **पा.२** संज्ञा से उसका जिक्र किया गया है, क्योंकि वह भी पाटण के भण्डार की थी। ताडपत्रप्रतियों का सामान्य परिचय इस प्रकार है -

१. **पा.** संज्ञक प्रति। पाटण-स्थित श्रीहेमचन्द्राचार्य ज्ञानभण्डार की यह

प्रति है। मूलतः संघ के भण्डार की यह प्रति है। इसका क्र. वहाँ 'पाताहेसं९' है। पृष्ठ १ - ३९३ हैं। मुनि श्रीजम्बूविजयजी के द्वारा की गई जेरोक्स-नकल हमें प्राप्त हुई है। इस प्रति के दो विभाग हैं। प्रथम विभाग में ३८३ पत्र तक चूर्णि है, और शेष १० पत्रों में मूल सूत्र-ग्रन्थ है।

प्रारंभ : नमः सिद्धं ॥ मंगलादीणि सत्थाणि...॥

अन्त (पीठिका का) : इति कल्पचूर्ण्यां पेठिका समत्ता ॥ पत्र ९१/२।

अन्त (ग्रन्थ का) : (हमारे सामने ग्रन्थ का अन्तिम पत्र इस वक्त मौजूद नहि। अतः पूर्व की ग्रन्थावृत्ति में से -) लेखन संवत् १२९१ वर्षे पोस सुदि ४ सोमे ॥ पृ. ३९३।

यह प्रति अशुद्ध है।

२. **भां.** संज्ञक प्रति। पूणे-स्थित भाण्डारकर इन्स्टिट्यूट की यह प्रति है। उसे 'भांता ३९' ऐसी संज्ञा दी गई है। पृष्ठ संख्या १ - ४६६ है। इसकी भी श्रीजम्बूविजयजी के द्वारा की गई जेरोक्स-प्रति हमें प्राप्त हुई है।

प्रारंभ : नमः प्रवचनाय। मंगलादीणि सत्थाणि... ॥ जे. पत्र १३५।

अन्त (पीठिका का) : इति कल्पचूर्ण्यां पीठिका परिसमाप्ता ॥ पृ. १९०।

अन्त (ग्रन्थ का) : कल्पचूर्णी समाप्ता। संवत् १३३४ वर्षे मार्गशुदि १३ गुरौ। कल्पचूर्णी समाप्ता। शुभं भवतु सर्वजगतः ॥ पृ. ४६६।

इस प्रति में पहले मूलसूत्र, फिर लघुभाष्य और उसके बाद में चूर्णिग्रन्थ है।

३. **पू.२** संज्ञक प्रति। यह भी पूणे-स्थित भाण्डारकर इन्स्टिट्यूट के संग्रह की प्रति है। पत्र २८१ हैं। उसे 'भांता ४२' ऐसी पहेचान दी गई है। इसकी भी श्रीजम्बूविजयजी के द्वारा की गई जेरोक्स-प्रति हमें प्राप्त हुई है।

प्रारंभ : ॐ नमो वीतरागाय। मंगलादीणि सत्थाणि... ॥

अन्त (पीठिका का) : कल्पचूर्ण्यां पीठिका परिसमाप्ता ॥ जेरोक्स पत्र ५३।

अन्त (ग्रन्थ का) : कल्पचूर्णी समाप्ता ॥ ग्रन्थ १६००० अंकतोऽपि । संवत् १२१८ वर्षे द्वि. आषाढ शुदि ५ गुरावद्येह श्रीमदणहिलपाटके समस्तराजावलीविराजितसमलंकृत महाराजाधिराज परमेश्वर परमभट्टारक उमापतिवरलब्धप्रसाद महाहवसंग्रामनिर्वूढप्रतिज्ञाप्रौढनिजभुजरणाङ्गणविनिर्जितशाकंभरीभूपाल श्रीमत्कुमारपालदेवकल्याणविजयराज्ये तत्पादपद्मोपजीवित महामात्य-श्रीयशोधवले श्रीश्रीकरणादौ समस्तमुद्राव्यापारान् परिपन्थयति सतीत्येवंकाले प्रवर्द्धमाने । गम्भूता-चतुश्चत्वारिंशच्छतपथके देवश्रीभोपलेश्वरशासनारूढभुज्यमानराजश्रीवैजलदेवेन पट्टितचाहरपल्लिग्रामे तद्वास्तव्य श्रे० साउकउ व्यव० शोभनदेवेन कल्पचूर्णिपुस्तकं पुस्तकसवलकद्रव्यं वृद्धिं नीत्वा तेनैव श्रीमज्जिनभद्राचार्याणामर्थे लेखक सोहडपार्श्वाल्लिखापितेति । यादृशं पुस्तके दृष्टं० ॥

सुरसरि सुरगिरि सुरतरु सुरनाहो जाव सुरालया संति ।

विउसेहि पढिज्जंतं ताव इमं पुत्थयं होउ ॥

मंगलं महाश्रीः । शुभं भवतु लेखक-पाठकयोः ॥ पत्र २८१ ।

४. **खं.** संज्ञक प्रति । यह प्रति खंभात-स्थित शान्तिनाथ जैन ताडपत्रीय भण्डार की क्र. २५ वाली प्रति है । इसमें २४० पत्र हैं, और संभवतः १४वीं शताब्दी की है । इसमें कल्पचूर्णि - प्रथम उद्देश पर्यन्त है । इसकी जेरोक्स नकल हमारे समक्ष थी ।

आरंभ : नमः प्रवचनाय । मंगलादीणि सत्थाणि... ॥

अन्त : इति भगवतः कल्पचूर्ण्यां प्रथमोद्देशकः परिसमाप्तः ॥ बृहच्चूर्णि ग्रन्थाग्रं ८७०० ॥

इस सम्पादन में हमने **भां.** संज्ञक प्रति पर अधिक आधार रखा है । क्योंकि उसमें शुद्धि अधिक लगी, और पाठ भी सुसंगत मिलते थे । तथापि दूसरी सभी प्रतियों में भी जहाँ अर्थसंगति की दृष्टि से अधिक योग्य पाठ प्राप्त हुआ, वहाँ उन प्रतियों का भी उपयोग किया ही है । ऐसे स्थानों पर भां. प्रति का पाठ टिप्पणी में पाठान्तर-स्वरूप रखा है ।

लघुभाष्य की एक स्वच्छ वाचना कल्पवृत्ति-ग्रन्थ में मुद्रित है । सामान्यतया तो यहाँ वह वाचना ही ली गई है । फिर भी जहाँ जहाँ चूर्णिसम्मत पाठ और

वृत्तिमुद्रित पाठ भिन्न भिन्न होते थे, वहाँ वृत्ति-मुद्रित गाथापाठों को पाठान्तर के रूप में टिप्पणी में लिखे हैं, और वहाँ **मु.** या **वृ.** संज्ञा दी है। गाथा के क्रम में जहाँ भिन्नता हो, अथवा कोई गाथा चूर्णिग्रन्थ में हो पर वृत्तिग्रन्थ में नहि हो, तो इन विषयों की नोंध भी टिप्पणी में ली है।

वृत्तिकार ने कथाओं की वाचना कई जगह पर चूर्णि में से शब्दशः ले ली है। इन कथाओं को चूर्णि-गत वाचना के साथ मिलाई हैं, और जहाँ पाठभेद मिले उन्हें टिप्पणी में रखे हैं।

कहीं कहीं कठिन शब्दों के अर्थ भी टिप्पणी में दिये हैं, और विविध उद्धरणों के मूल स्थान खोजने का व देने का भी प्रयत्न किया है।

चूर्णि में पद पद पर आगे-पीछे की गाथाओं का एवं द्वारगाथा का सम्बन्ध या सन्दर्भ आता रहता है। पाठक के लिए यह सन्दर्भ ढुंढना या याद रखना जरा कठिन होता है। हमने प्रायः ऐसे सर्व स्थानों पर, यथासम्भव, उन सम्बन्धित गाथाओं के क्रमाङ्क लिख दिये हैं। इससे पाठकों का काम सुकर हो जाएगा।

चूर्णिकार चूर्णि में कभी पूरी गाथा लिखते नहीं, ऐसी सामान्य शिस्त चूर्णियों में सर्वत्र देखी जाती है। वे सर्वत्र गाथा के प्रतीक ही लेकर चलते हैं। प्रस्तुत चूर्णि में चूर्णिकार ने सिर्फ दो गाथाएँ संपूर्ण लिखी हैं। एक, गा. २७६ 'छव्विह सत्तविहे या०', यह गाथा पञ्चकल्प-भाष्य की आधारभूत गाथा है। दूसरी, गा. २५७ - ५८ के बीच 'कप्प-व्ववहाराणं०' गाथा। इस गाथा का कर्तृत्व, अमुक व्यक्ति के मत से, चूर्णिकार का है। हमारी राय में ऐसा मानना उचित या आवश्यक नहीं। इस बात पर अन्यत्र हमारे विचार हमने लिखे हैं। तो, चूर्णिकार सिर्फ गाथा-प्रतीक देते हैं। उन प्रतीकों के आधार पर, मुद्रित वृत्तिगत लघु-भाष्य की वाचना यहाँ ली है, और उन गाथाओं के पाठ में, चूर्णिसम्मत पाठ के अनुसार, यथास्थान परिवर्तन कर दिया है।

यद्यपि कई गाथाओं पर चूर्णिकार ने व्याख्या ही नहि की है, और 'कंठा' कहकर वे आगे बढ गये हैं। ऐसे स्थान पर चूर्णि-सम्मत पाठ की कल्पना करना अशक्य ही था, अतः वहाँ तो मुद्रित गाथा-वाचना का ही यथातथ स्वीकार किया गया है।

कल्प-बृहद्भाष्य की हमारे पास ४ प्रतियाँ थी। उनमें दो प्रति जैसलमेर की ताडपत्र-प्रतियाँ, और दो कागज की प्रतियाँ थी। उनका परिचय इस प्रकार है-

१. **ता.१** संज्ञक प्रति। प्रतिपरिचय : जेसलमेर, जिनभद्रसूरि ज्ञानभण्डार, प्रति क्र. ४९, कल्प-बृहद्भाष्य, प्रथम खण्ड। पत्र २०२।

आरंभ : नमो वीतरागाय। काऊण नमोक्कारं... ॥

अन्त : ०जक्खो च्चिय होति तरोपलि (?) ॥ संवत् १४९० वर्षे मार्गशीर्षशुदिपञ्चम्यां तिथौ गुरुवासरे श्रीमति स्तंभतीर्थे अविचलत्रिकालज्ञाज्ञापालनपटुतरे श्रीमत्-खरतरगच्छे श्रीजिनराजसूरिपट्टे लब्धिलीलानिलयबन्धुरबहुबुद्धिबोधित-भूवलयकृतपापपूरप्रलय चारुचारित्रचन्दनतरुमलय युगप्रवरोपम मिथ्यात्वतिमिर-करदिनकरप्रसरसम श्रीमद्गच्छेश भट्टारक श्रीजिनभद्रसूरीश्वराणां सूपदेशात् परीक्ष गूजरसुतेन रेखाप्राप्तसुश्रावकेन सा. धरणाकेन पुत्रसाइयासुतसहित श्रीसिद्धान्तकोशे बृहत्कल्पभाष्यपुस्तकं लिखापितं ॥ पत्र २०२।

२. **ता.२** संज्ञक प्रति। प्रतिपरिचय : जेसलमेर, जिनभद्रसूरि ज्ञानभण्डार, प्रति क्र. ४८, पत्र ३११, कल्प-बृहद्भाष्य - प्रथम खण्ड। पत्र १ तथा अन्तिम पत्र नहि हैं। बीच के अमुक पत्र भी नहीं हैं। अन्तिम पत्र का एक खण्ड फोटोकोपी में देखा जाता है। इसमें दृश्यमान अक्षर -

अन्त : राज.प.जिणदासादिपरिवारयुतेन श्रीकल्पबृहद्भा० ॥

अन्य एक खण्ड में 'अक्खरमत्ताहीणं जं...' 'लीलानिलयबन्धुरबहुबुद्धि-बोधित...' ऐसा पढा जाता है।

स्पष्ट है कि दोनों प्रतियाँ सं. १४९० की हैं, धरणाक ने लिखाये चित्कोश की हैं। दोनों एकमेक की नकल जैसी हैं और अत्यन्त अशुद्ध एवं भ्रष्ट पाठ से भरी हैं। फिर भी हमारे लिए तो ये प्रतियाँ ही मुख्य आधार रही है।

३. **अ.** संज्ञक प्रति। यह कागज की प्रति है। पाटण के मोदी भण्डार की और अब श्रीहेमचन्द्राचार्य ज्ञानभण्डार की प्रति है। पाताहेम १००४० क्र. की है। पत्र २०७। हमारे पास श्रीजम्बूविजयजी के द्वारा की हुई जेरोक्स नकल है। यह प्रति तो बृहद्भाष्य की है, लेकिन उसके उपर जम्बूविजयजी ने नाम ऐसा

लिखा है - 'कल्पविशेषचूर्णि, बृहत्कल्पसूत्रविशेषचूर्णि' ।

आरंभ : नमो जिनाय । काऊण नमोक्कारं... ॥

अन्त : जक्खो च्चिय होति पलि... (?) । अक्खरमत्ताहीणं जं च मया अग्गलं इहं लिहियं । खमियव्वं तं सव्वं बुहेहिं मम मंदंमय(इ)णो वि ॥ इति श्रीबृहत्कल्पभाष्यम् ॥ पत्र २०७ ।

४. **ब.** संज्ञक प्रति । यह प्रति पूणे-स्थित भाण्डारकर इन्स्टिट्यूट क्र. १५०/१८८१/८२ की है । हमारे पास उसकी जेरोक्स नकल है, जो भाण्डारकर इन्स्टिट्यूट से प्राप्त की है । पत्र १२८ । नाम है कल्पबृहद्भाष्य ।

आरंभ : नमो जिनाय । काऊण नमोक्कारं...॥

अन्त : जक्खो च्चिय होति पलि (?) ॥ साहश्रीवच्छा-सुत सहसकिरणेण पुस्तकमिदं गृहीतं, सुत-वर्धमान-शान्तिदास-परिपालनार्थम् । ग्रन्थाग्र ८६०० । माहजनइ ॥ पत्र १२८ ।

ये दोनों प्रतियाँ भी ताडपत्र जैसी ही अशुद्ध हैं । फिर भी अमुक स्थान पर अच्छे पाठ देने के कारण वह बहुत उपयुक्त रही हैं ।

बृहद्भाष्य में जहाँ भी लघुभाष्य की गाथा आती है, वहाँ उन गाथाओं को मुद्रित वृत्तिगत वाचना के साथ मिलाई हैं, और जहाँ कोई पाठभेद या पाठान्तर मिला उसे **मु.** संज्ञा से टिप्पणी में लिख दिया है । कभी कभी ऐसा भी हुआ है कि कागजप्रति की वाचना मुद्रित वाचना के समान हो, और ताडपत्र-प्रति अलग पाठ देती हो ।

कुछ कठिन शब्दार्थ भी टिप्पणी में दिये हैं ।

बृहद्भाष्य की जो जो गाथाएँ कल्पवृत्ति में उद्धृत की गई हैं उन सब की नोंध बृहद्भाष्य में उस उस स्थान पर टिप्पणीरूप से की गई है । पाठभेदों की एवं अन्य सूचनात्मक टिप्पणी देवनागरी अङ्को में की गई हैं । और टिप्पणी में जो इंग्लिश अङ्कोंवाली टिप्पणी हैं, वहाँ जो गाथाङ्क हैं वे चूर्णि-सम्मत लघुभाष्य की वाचना के अङ्क हैं । वहाँ दो बात की गई हैं : दोनों की गाथाओं में शाब्दिक समानता हो तो केवल गाथाङ्क दिये हैं, और शब्दों से गाथा भिन्न होने पर भी अर्थ से समानता है वहाँ 'तुलना' शब्द लिखकर गाथाङ्क दिये हैं ।

परिशिष्टों का परिचय

इस सम्पादन के अध्ययन में अध्येताओं की सुगमता के लिए हमने कितनेक परिशिष्ट परिश्रमपूर्वक तैयार किये हैं उनका ब्यौरा इस प्रकार है :

परिशिष्ट १ : बृहत्कल्पसूत्र का स्वाध्याय । इसमें चूर्णि, वृत्ति एवं बृहद्भाष्य - इन तीनों में या तो तीन में से किसी एक या दो में, जहाँ जहाँ प्रतिपादन में, पाठ में, अर्थघटन में, गाथाक्रम आदि में भिन्नता, समानता या न्यूनाधिकता मालूम हुई, वहाँ विमर्शपूर्वक विस्तृत नोंध या टिप्पणी हमने लिखी है। अन्य ग्रन्थों के आवश्यक या विषयानुरूप सन्दर्भों का भी वहाँ यथाशक्य उपयोग किया है। अभ्यासी संशोधकों के लिए अत्यन्त उपयोगी बन सके वैसा यह परिशिष्ट है।

परिशिष्ट २ : प्रायश्चित्तविधान । इसमें चूर्णि, वृत्ति एवं बृहद्भाष्य में प्ररूपित प्रायश्चित्तों के अनेक कोष्ठक बनाकर रखे हैं। तीनों में वर्णित प्रायश्चित्तों की तुलना नोंधरूप से की है। इससे तीनों के प्रायश्चित्त-निरूपण में कहाँ - क्या - कितना तफावत है यह ज्ञात हो सकेगा।

परिशिष्ट ३ : शास्त्रान्तरसन्दर्भ । यहाँ १. निशीथलघुभाष्य, २. व्यवहारलघुभाष्य, ३. जीतकल्प-भाष्य, ४. ओघनिर्युक्ति एवं उसका भाष्य, ५. यतिजीतकल्प - इन सब ग्रन्थों के साथ समानता रखती, कल्पलघुभाष्य की चूर्णि-मान्य गाथाओं की तालिका, तीन प्रकार से दी है –

१) उक्त सब ग्रन्थों की, कल्पभाष्य की गाथा के साथ समान हो ऐसी गाथाओं की, गाथा के क्रमाङ्क एवं पाठभेदों के साथ क्रमशः अलग अलग तालिका।

२) गाथाओं की संयुक्त तालिका, यानी कि लघुभाष्य की गाथा के अङ्क के साथ उक्त पांचों ग्रन्थगत उस उस गाथा के क्रमांक एकसाथ में।

३) पाठभिन्नता के कारण जहाँ विशेष अर्थभेद प्रतीत हुआ, वहाँ उस उस चूर्णि-वृत्ति के पाठ की नोंध।

परिशिष्ट ४ : पाठभेदसूचि । चूर्णि, वृत्ति, बृहद्भाष्य - इन तीनों में

आती लघुभाष्य की गाथाओं में मिलते पाठभेदों की सूचि इस परिशिष्ट में दी गई है।

परिशिष्ट ५ : लघुभाष्य की पीठिका-खण्ड-गत सभी गाथाओं के आदि-पद की अकारादि अनुक्रमणिका। इसमें चूर्णि, वृत्ति एवं बृहद्भाष्य - इन तीनों के गाथाङ्क दिये गये हैं। और जहाँ पर बृहद्भाष्य की गाथा के साथ लघुभाष्य की गाथा की तुलना करने योग्य है वहाँ बृहद्भाष्य के गाथांक के साथ 'तु.' शब्द भी लिख दिया है।

परिशिष्ट ६ : लघुभाष्य की गाथाओं की तालिका। चूर्णि-स्वीकृत लघुभाष्य-वाचना के गाथा-क्रमांक को मुख्य बनाकर, वह गाथा वृत्ति में एवं बृहद्भाष्य में कहाँ - कौन से क्रम पर है उसकी यह तालिका है। यहाँ भी 'तु.' लिखकर तुलना का संकेत यथास्थान दे ही दिया है।

इस परिशिष्ट की मदद से कोई भी गाथा, तीनों ग्रन्थ में कहाँ पर है, यह आसानी से पकडा जाएगा।

परिशिष्ट ७ : बृहद्भाष्य के पीठिकाखण्ड की गाथाओं के आदिपद की अकारादि क्रम से अनुक्रमणिका इस परिशिष्ट में मिलेगी।

परिशिष्ट ८ : कल्पवृत्ति के पीठिकाखण्ड का नया शुद्धिपत्रक। इस अध्ययन के दौरान वृत्ति में अमुक अशुद्धियाँ हमारे ध्यान में आई, उसका एक छोटा-सा पत्रक, अध्येताओं के उपयोग के खातिर यहाँ रखा है।

परिशिष्ट ९ : चूर्णि में उद्धृत किये गये उद्धरण या पाठसन्दर्भों की सूचि। यथासम्भव उनके मूल स्थानों के निर्देश के साथ।

परिशिष्ट १० : चूर्णिगत विशेषनामों की अवर्गीकृत सूचि।

परिशिष्ट ११ : उक्त विशेषनामों की वर्गीकृत सूचि।

परिशिष्ट १२ : लघुभाष्यगत एवं चूर्णिगत कथाओं के संकेत, उनके स्थान एवं विषय की नोंध।

परिशिष्ट १३ : ऐसे ही, लघुभाष्य व चूर्णि में आते दृष्टान्तों के संकेत, स्थान एवं विषय की नोंध।

परिशिष्ट १४ : चूर्णि में निर्दिष्ट अन्य मतों के उल्लेखों की नोंध ।

परिशिष्ट १५ : लघुभाष्य में व चूर्णि में 'निक्षेप' के विषयभूत शब्दों की नोंध ।

परिशिष्ट १६ : लघुभाष्य में व चूर्णि में आते निरुक्त शब्द व निरुक्तियाँ ।

परिशिष्ट १७ : चूर्णि में आते एकार्थक शब्दों की सूचि ।

परिशिष्ट १८ : वाचनाचार्य चन्द्रकीर्तिगणि के ग्रन्थ 'निःशेषसिद्धान्त-विचारपर्याय' में कल्पभाष्य एवं चूर्णि के पीठिकांश को स्पर्श करते पर्यायों की स्थानदर्शक संकेतों के साथ सटिप्पण नोंध ।

परिशिष्ट १९ : सन्दर्भशब्दसूचि । इसमें लघुभाष्य में और चूर्णि में आनेवाले, विविध विषय के और चाभीरूप महत्त्वपूर्ण सैंकडो शब्दों की सुसंकलित सूचि दी है । इसकी मदद से वाचक आसानी से उस उस विषय के ग्रन्थसन्दर्भ तक पहुंच पाएगा ।

यह है इस ग्रन्थ के परिशिष्टों का परिचय ।

कृतज्ञता-ज्ञापन

यह ग्रन्थ श्रीतीर्थङ्करदेव वीर-वर्धमानस्वामी की आज्ञास्वरूप है, और हमारे श्रीसंघ के आदिपुरुष भगवान् श्रीसुधर्मास्वामी गणधर की पट्ट-परम्परा में हुए श्रुतकेवली श्रीभद्रबाहुस्वामी महाराज, श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमण भगवन्त, श्रीजिनदासगणि महत्तर एवं बृहद्भाष्य के अद्ययावत् हमसे अज्ञात रहनेवाले श्रुतधर महर्षि - इन सभी भगवन्तों की वाणीस्वरूप है । यदि इन महर्षिओं ने ऐसे भवजल-तारक ग्रन्थ न रचे होते तो प्रभु की मंगलकारिणी आज्ञा हम जैसे अबोध लोगों तक कैसे पहुंचती ? । अतः उन सभी महान् श्रुतपुरुषों के चरण-कमलों में हम वन्दन करते हैं और उनका ऋणस्वीकार करते हुए भावपूर्वक कृतज्ञता-ज्ञापन करते हैं ।

कल्पवृत्तिकार महर्षि भगवान् श्रीमलयगिरिजी महाराज एवं आचार्यदेव श्रीक्षेमकीर्तिसूरि महाराज - इन दो महापुरुषों के श्रीसंघ के उपर उपकार अनन्य - असामान्य है । उन्होंने यदि इस छेदसूत्र पर वृत्ति न रची होती और वृत्ति में

लघुभाष्य के एवं चूर्णि के भी भावों को एवं प्रतिपादनों को विशदता के साथ समझाया न होता, तो ये ग्रन्थ हमारे लिए केवल पूजनीय व दर्शनीय ही बने रहते। वृत्ति के आलोक में हमने कितना भव्य और अपरिचित ज्ञान पाया है यह केवल अवर्ण्य बात ही है। हम यानी श्रीसंघ इन श्रुतधर महापुरुषों के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगा। इन भगवंतों के पद-कमलों में भी हम हमारी वन्दना रखते हैं।

वर्तमान युग में श्रीजिनागमों के एवं अन्य शास्त्रों के वैज्ञानिक एवं आधारभूत संशोधन - सम्पादन का प्रशस्त, महान् उपकारक एवं शासनसेवा - श्रुतोपासनारूप कार्य, आगमप्रभाकर पूज्यपाद मुनिराज श्रीपुण्यविजयजी महाराज ने प्रारंभ किया है। हमारा लक्ष्य, उन्हीं के पथ पर चलने का रहा है। हम कितना चल पाए ? या ठीक से चले या नहीं ? इसका निरीक्षण व निर्णय तो, इस मार्ग पर चलने में निष्णात सुज्ञ विद्वज्जन ही कर सकते हैं। लेकिन हमारा आदर्श पथ तो वो ही रहा है। इस कार्य को करते समय हम सैंकडो बार उनका स्मरण करते रहे हैं। आज जब यह पहला खण्ड पूर्णतः तैयार होने जा रहा है तब हम उनके चरणों में हमारी विनम्र वन्दना अर्ज करते हैं।

अन्त में, हमारी सज्जता एवं सूझ-बूझ के अनुसार इस सम्पादन-कार्य को करने का हमने प्रयत्न व परिश्रम किया है। फिर भी, इस कार्य में जानते - न जानते, कहीं भी, श्रीजिनेश्वर प्रभु की आज्ञा से विपरीत बात हुई हो, और भाष्यकार, चूर्णिकार, वृत्तिकार एवं बृहद्भाष्यकार आदि सर्व शास्त्रकारों की आशातना या अनादर हो जाय ऐसा शब्द / वाक्यप्रयोग अनजाने में हो गया हो, अथवा पूरे ग्रन्थ के सम्पादन में कोई क्षति हो गई हो, तो उन सब के लिए हम श्रीसंघ के प्रति नतमस्तक होकर क्षमायाचना करते हैं। हमारी क्षति के प्रति हमारा ध्यान खींचने के लिए मध्यस्थ सुज्ञजनों को हमारी विनम्र प्रार्थना है। अस्तु।

नन्दनवन तीर्थ - तगडी
दीपावली - श्रीवीर-कल्याणक पर्व,
सं. २०७३ आसो कृष्ण अमावस

विजयशीलचन्द्रसूरि एवं
मुनि त्रैलोक्यमण्डनविजय

प्रस्तावना की टिप्पणियाँ

१. ''संघदासगणि नामना बे आचार्यो थया छे : एक वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डना प्रणेता, अने बीजा प्रस्तुत कल्पलघुभाष्य अने पंचकल्पभाष्यना प्रणेता।'' - *'बृहत्कल्पसूत्र : प्रास्ताविक', 'ज्ञानांजलि', (गुजराती) पृ. ८४, सागरगच्छ उपाश्रय, वडोदरा, ई. १९६९।*

२. ''.. वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डना प्रणेता श्रीसंघदासगणि 'वाचक' पदालंकृत हता, ज्यारे कल्पभाष्यप्रणेता संघदासगणि 'क्षमाश्रमण' पदविभूषित छे।'' - *वही, पृ. ८५।*

३. ''..वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्डना प्रणेता श्रीसंघदासगणि वाचक तो निर्विवाद रीते तेमना (जिनभद्रगणिना) पूर्वभावी आचार्य छे।'' - *वही, पृ. ८५।*

४. ''परन्तु भाष्यकार श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमण तेमना (जिनभद्रगणिना) पूर्वभावी छे के नहि ए कोयडो अणउकल्यो ज रही जाय छे।'' - *वही, पृ. ८५।*

५. ''संघदासगणि क्षमाश्रमण (वि. ५ वीं शताब्दी) : ये आचार्य वसुदेवहिंडि - प्रथम खण्ड के प्रणेता संघदासगणि वाचक से भिन्न हैं एवं इनके बाद के भी हैं। इन्होंने कल्पलघुभाष्य और पञ्चकल्पभाष्य की रचना की है। वे महाभाष्यकार जिनभद्रगणि के पूर्ववर्ती हैं।'' - *वही, 'जैन आगमधर और प्राकृत वाङ्मय', (हिन्दी) पृ. ३७।*

६. ''एम लागे छे के कल्प, व्यवहार अने निशीथ लघुभाष्यना प्रणेता श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमण होय तेवो ज संभव वधारे छे। कल्पलघुभाष्य अने निशीथलघुभाष्य ए बेमांनी भाष्यगाथाओनुं अतिसाम्यपणुं आपणने आ बन्ने भाष्यकारो एक होवानी मान्यता तरफ ज दोरी जाय छे।'' - *वही, (गुज.) पृ. ८६।*

७. ''.. बृहत्कल्पलघुभाष्यना प्रथम उद्देशनी समाप्तिमां भाष्यकारे 'उदिण्णजोहाउलसिद्धसेणो, स पत्थिवो णिज्जियसत्तुसेणो' (गा. ३२८९) आ गाथामां, के जे आखुं प्रकरण अने आ गाथा निशीथलघुभाष्यना सोळमा उद्देशामां छे तेमां, लखेला 'सिद्धसेणो' नाम साथे भगवान श्रीसंघदासगणि क्षमाश्रमणने कोई नामान्तर तरीकेनो संबंध तो नथी ?। ... 'सिद्धसेन' शब्द एवो छे के सहजभावे आपणुं ध्यान खेंचे छे।'' - *वही, पृ. ८६-८७।*

८. ''व्यवहारभाष्यना प्रणेता कया आचार्य छे, ते क्यांय मळतुं नथी; तेम छतां ए आचार्य एटले के व्यवहारभाष्यकार, श्रीजिनभद्रगणि क्षमाश्रमणथी पूर्वभावी होवानी मारी दृढ मान्यता छे। ... आ उपरथी श्रीजिनभद्रगणि करतां

व्यवहारभाष्यकार पूर्ववर्ती छे एमां लेश पण शंकाने स्थान नथी ।'' - *वही*, पृ. ८६ ।

९. 'बृहत्कल्पसूत्र : प्रास्ताविक' - आ प्रस्तावना सं. २००८, ई. १९४२ मां मुद्रित छे । ज्यारे 'जैन आगमधर और प्राकृत वाङ्मय' - ए लेख सने १९६४ नो छे ।

१०. ''... केवल पदवीभेद से व्यक्तिभेद की कल्पना नहीं की जा सकती । एक ही व्यक्ति विविध समय में विविध पदवियाँ धारण कर सकता है । ... कभी कभी तो कुछ पदवियाँ परस्पर पर्यायवाची भी बन जाती हैं । ऐसी दशा में केवल 'वाचक' और 'क्षमाश्रमण' पदवियों के आधार पर यह निश्चयपूर्वक नहीं कहा जा सकता कि इन पदवियों के धारण करनेवाले संघदासगणि भिन्न भिन्न व्यक्ति थे ।'' - *जैन साहित्य का बृहद् इतिहास* - ३, पृ. १३५-१३६, *मोहनलाल मेहता, पार्श्वनाथ विद्याश्रम, बनारस, ई. १९६७ ।*

११. ''एक मूर्ति के पद्मासन के पिछले भाग में 'ॐदेवधर्मोऽयं निर्वृतिकुले जिनभद्रवाचनाचार्यस्य' ऐसा लेख है ।'' - *वही*, पृ. १३१ ।

१२. **वाचक**मुख्यस्य शिवश्रियः प्रकाशयशसः प्रशिष्येण ।
शिष्येणघोषनन्दि-**क्षमण**स्यैकादशाङ्गविदः ॥
वाचनया च **महावाचकक्षमण**मुण्डपादशिष्यस्य ।
शिष्येण **वाचका(ना?)चार्य**-मूलनाम्नः प्रथितकीर्तेः ॥ - *तत्त्वार्थसूत्र-अन्तिमोपदेशकारिका-प्रशस्तिः ।*

१३. देखें जैन साहित्य का बृहद् इतिहास - ३, पृ. १३६-१३७ ।

१४. ''कल्प और व्यवहारभाष्य के कर्ता एक ही हैं ।'' - *निशीथसूत्रम् - पीठिकाखण्ड १ में प्रस्तावना, पृ. ३८ (टि.), सं. उपा. अमरमुनि, मुनि कन्हैयालाल, प्र. अमर पब्लिकेशन, वाराणसी, ई. २००५ ।*

१५. *वही, पृ. २९-३० ।*

१६. *वही, पृ. ३८-३९ ।*

१७. ''हाँ, तो उक्त गाथा में आचार्य ने अपने नाम की कोई सूचना नहीं दी है, ऐसा माना जा सकता है ।'' - *वही, पृ. ४० ।*

१८. *वही, पृ. ३९ ।*

१९. देखें टि. क्र. ६ ।

२०. ''उपर्युक्त सभी उल्लेखों के आधार पर यह निश्चय किया जा सकता है कि निशीथभाष्य तो निर्विवाद रूप से सिद्धसेन क्षमाश्रमण कृत है । और क्योंकि

बृहत्कल्प और व्यवहार के कर्ता वे ही हैं, जिन्होंने निशीथभाष्य की संकलना की है, अत एव कल्प, व्यवहार और निशीथ इन तीनों के भाष्यकर्ता सिद्धसेन हैं ऐसा माना जा सकता है।'' - *वही, पृ.* ४३।

२१ ''... क्षेमकीर्ति ने भाष्यकार के रूप में सिद्धसेन का नाम न देकर संघदास का नाम क्यों दिया - इसका उचित स्पष्टीकरण अभी तो लक्ष्य में नहीं है। संभव है, भविष्य में कुछ सूत्र मिल सकें और उक्त प्रश्न का समाधान हो सके।'' - *वही, पृ.* ४३।

२२ ''... स्वयं बृहत्कल्प और निशीथभाष्य में विशेषावश्यक की अनेक गाथाएँ उद्धृत हैं। देखिए, निशीथ गा. ४८२३-२४-२५ विशेषावश्यक की क्रमशः गा. १४१-४२-४३ हैं। विशेषावश्यक की गा. १४१-४२ बृहत्कल्प में भी हैं गा. ९६४-६५। ... अथवा कुछ देर के लिए यही मान लिया जाए कि जिनभद्र को भाष्य ही अभिप्रेत है, निर्युक्ति नहीं; तब भी प्रस्तुत असंगति का निवारण यों हो सकता है कि सिद्धसेन को जिनभद्र का साक्षात् शिष्य न मानकर उनका समकालीन ही माना जाय। ऐसी स्थिति में सिद्धसेन के व्यवहारभाष्य को जिनभद्र देख सकें, तो यह असंभवित नहीं।'' - *वही, पृ.* ४५।

२३ ''... ऐसी स्थिति में जिनभद्र और भाष्यकार सिद्धसेन का पौर्वापर्य अंतिम रूप में निश्चित हो गया है, यह नहीं कहा जा सकता। ... जिनभद्र के जीतकल्पभाष्य और सिद्धसेन के निशीथभाष्य तथा व्यवहारभाष्य की संलेखनाविषयक गाथाएँ एक जैसी ही हैं। ... ये गाथाएँ किसी एक ने अपने ग्रन्थ में दूसरे से ली हैं या दोनों ने ही किसी तीसरे से - यह प्रश्न विचारणीय है।'' - *वही, पृ.* ४५।

२४. *व्यवहारसूत्रम् - ३, सं. आ. मुनिचन्द्रसूरि, प्र. आ. ॐकारसूरि ज्ञानमन्दिर - सूरत, ई. २०१०। व्यवहारभाष्य, प्र. जैन विश्वभारती - लाडनूं, ई. १९९६ (इसमें गा. १२२६)।*

२५. *बृहत्कल्पसूत्रम् - ५, पृ. १३४५-४६, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, ई. १९३८।*

२६. *बृहत्कल्पसूत्रम् - १, पृ. ११४, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, ई. १९३३।*

२७. *व्यवहारसूत्रम् - ४, पृ. ९९८-९९, सं. आ. मुनिचन्द्रसूरि, प्र. आ. ॐकारसूरि ज्ञानमन्दिर, सूरत, ई. २०१०।*

२८. *वही, पृ. १०३३।*

२९. *वही, पृ. १०६४-६५।*

३०. *वही*, पृ. १०६९ ।
३१. *वही*, पृ. ११५८ ।
३२. *वही*, पृ. ११६० ।
३३. *व्यवहारसूत्रम्* - ५, पृ. १२९६, *सं. आ. मुनिचन्द्रसूरि, प्र. आ. ॐकारसूरि ज्ञानमन्दिर -सूरत, ई. २०१०* ।
३४. *वही*, पृ. १३१६ ।
३५. *वही*, पृ. १३२६-२७ ।
३६. *वही*, पृ. १३३६ ।
३७. *वही*, पृ. १३६७ ।
३८. *व्यवहारसूत्रम्* - ६, पृ. १५४२, *सं. आ. मुनिचन्द्रसूरि, प्र. आ. ॐकारसूरि ज्ञानमन्दिर -सूरत, ई. २०१०* ।
३९. *वही*, पृ. १५९७ ।
४०. *वही*, पृ. १६२३ । (यहाँ 'द्वितीय-तृतीययोरुद्देशयोः' के स्थान पर 'प्रथम-द्वितीययोरुद्देशयोः' होना चाहिए था ।)
४१. *बृहत्कल्पसूत्रम्* - १, पृ. १७७-७८, *सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९३३* ।
४२. *वही*, पृ. १७८ ।
४३. उदाहरण के तौर पर देखें निशीथचूर्णि के २० वें उद्देश के अन्त में चूर्णिकार की लिखी यह गाथा -
ति-चउ-पण-अट्ठमवग्गे ति-पणग-ति-तिग अक्खरा व तेसिं ।
पढम-ततिएहि ति-दु-सरजुएहि णामं कयं जस्स ॥
४४. ''जीतकल्पभाष्य की रचना जिनभद्र क्षमाश्रमण ने की है । और उसकी चूर्णि के कर्ता सिद्धसेन हैं । मेरे विचार से ये सिद्धसेन ही प्रस्तुत (निशीथ के भाष्यकार) सिद्धसेन क्षमाश्रमण हैं । ... इससे प्रतीत होता है कि सिद्धसेन आचार्य, जिनभद्रक्षमाश्रमण के साक्षात् शिष्य हो, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं ।'' - *निशीथसूत्रम् - पीठिकाखण्ड १ में प्रस्तावना, पृ. ४४, सं. उपा. अमरमुनि, मुनि कन्हैयालाल, प्र. अमर पब्लिकेशन, वाराणसी, ई. २००५* ।
४५. देखें टि. २० ।
४६. ''मुनिराज श्रीपुण्यविजयजी ने जिनभद्र को व्यवहारभाष्य के बाद का माना है । और प्रमाणस्वरूप विशेष-णवति की गा. ३४ गत 'ववहार' शब्द को उपस्थित करते हुए कहा है कि स्वयं जिनभद्र, प्रस्तुत में, 'ववहार' शब्द से व्यवहारभाष्य-

गत गा. १९२ (उद्देश - ६) की ओर संकेत करते हैं । (बृहत्कल्पसूत्र : प्रास्ताविक, पृ. २२) । यदि सिद्धसेन व्यवहारभाष्यकार माने जाय तो इस प्रमाण के आधार से उन्हें जिनभद्र से पूर्व माना जा सकता है, पश्चात्कालीन या उनके शिष्यरूप नहीं माना जा सकता । अस्तु । सिद्धसेन जिनभद्र के शिष्य कैसे हुए - यह प्रश्न यहाँ सहज ही उपस्थित हो सकता है । किन्तु इसका स्पष्टीकरण यह किया जा सकता है कि स्वयं बृहत्कल्प और निशीथभाष्य में विशेषावश्यकभाष्य की अनेक गाथाएँ उद्धृत हैं । देखिए, निशीथ गा. ४८२३-२४-२५ विशेषावश्यक की क्रमशः गा. १४१-४२-४३ हैं । विशेषावश्यक की गा. १४१-४२ बृहत्कल्प में भी हैं - गा. ९६४-६५ । हाँ, तो जीतकल्पचूर्णि की प्रशस्ति के आधार पर यदि सिद्धसेन को आचार्य जिनभद्र का शिष्य माना जाए तब तो जिनभद्र के उक्त गाथागत 'ववहार' शब्द का अर्थ 'व्यवहारभाष्य' न लेकर 'व्यवहारनिर्युक्ति' लेना होगा । जिनभद्र ने केवल 'ववहार' शब्द का ही प्रयोग किया है, 'भाष्य' का नहीं किया । और बृहत्कल्प आदि के समान व्यवहार-भाष्य में भी व्यवहारनिर्युक्ति और भाष्य दोनों एकग्रन्थरूपेण संमिलित हो गए हैं, अत एव चर्चास्पद गाथा को एकान्त भाष्य की ही मानने में कोई प्रमाण नहीं है । अथवा कुछ देर के लिए यदि यही मान लिया जाए कि जिनभद्र को भाष्य ही अभिप्रेत है, निर्युक्ति नहीं, तब भी प्रस्तुत असंगति का निवारण यों हो सकता है कि सिद्धसेन को जिनभद्र का साक्षात् शिष्य न मानकर उनका समकालीन ही माना जाय । ऐसी स्थिति में सिद्धसेन के व्यवहारभाष्य को जिनभद्र देख सकें, तो यह असंभवित नहीं ।'' - *वही, पृ.* ४५ ।

४७. *बृहत्कल्पसूत्रम् - २, पृ. ३०४, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९३६ ।*

४८. *विशेषावश्यकभाष्य - १, पृ. ४५, प्र. दिव्यदर्शन ट्रस्ट - मुंबई, सं. २०३९ ।*

४९. ''जओ सुएऽभिहियं' ... इसका अर्थ कोई यह कर सकता है कि गा. १४१ को विशेषावश्यक के कर्ता उद्धृत कर रहे हैं । क्रिन्तु गा. १४१ का वक्तव्यांश श्रुत में कहा गया है, न कि स्वयं वह गाथा - ऐसा मानकर ही मैंने प्रस्तुत में १४१-४२-४३ गाथाओं को विशेषावश्यक से निशीथ में उद्धृत माना हैं ।'' - *निशीथसूत्रम् - पीठिकाखण्ड १ में प्रस्तावना, पृ. ४५, सं. उपा. अमरमुनि, मुनि कन्हैयालाल, प्र. अमर पब्लिकेशन, वाराणसी, ई. २००५ ।*

५०. *बृहत्कल्पसूत्रम् - २, पृ. ३०४, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द*

सभा - भावनगर, ई. १९३६।

५१. *विशेषावश्यकभाष्य - १, पृ. १२९-१३१, प्र. दिव्यदर्शन ट्रस्ट - मुंबई, सं. २०३९।*

५२. ''अब मुनिराज पुण्यविजयजी ने संघदास और सिद्धसेन की एकता या उन दोनों के सम्बन्ध की जो संभावना की है, उस पर भी विचार किया जाता है। जिस गाथा का उद्धरण देकर संभावना की गई है, वहाँ 'सिद्धसेन' शब्द मात्र श्लेष से ही नाम की सूचना दे सकता है। क्योंकि सिद्धसेन शब्द वस्तुतः वहाँ संप्रति राजा के विशेषण के रूप में आया है, नाम-रूप से नहीं। बृहत्कल्प में उक्त गाथा प्रथम उद्देशक के अंत में (३२८९) आई है, अतएव श्लेष की संभावना के लिए अवसर हो सकता है। किन्तु निशीथ में यह गाथा किसी उद्देश के अन्त में नहीं, किन्तु १६ वें उद्देशक के २६ वें सूत्र की व्याख्या की अंतिम भाष्यगाथा के रूप में (५७५८) है। अतएव वहाँ श्लेष की संभावना कठिन ही है। अधिक संभव तो यही है कि आचार्य को अपने नाम का श्लेष करना इष्ट नहीं है, अन्यथा वे भाष्य के अंत में भी इसी प्रकार का कोई श्लेप अवश्य करते। हाँ, तो उक्त गाथा में आचार्य ने अपने नाम की कोई सूचना नहीं दी है, ऐसा माना जा सकता है।'' - *वही पृ. ४०।*

५३. *बृहत्कल्पसूत्रम् - ६, 'बृहत्कल्पसूत्र : प्रास्ताविक', पृ. २०, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९४२।*

५४. *ज्ञानांजलि, हिन्दी विभाग, पृ. ३७।*

५५. *गाथासाहस्री ।*

५६. *निशीथचूर्णि* में २० वे उद्देश में अन्तिम गाथा।

५७. *नन्दीसूत्र-चूर्णिः, पृ. ५६, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. म. जै. वि. - मुंबई, ई. १९६६।*

५८. *मूलग्रन्थ में पृ. २३।*

५९. *बृहत्कल्पसूत्रम् - १, पृ. २७, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९३३।*

६०. *नन्दीसूत्र-चूर्णिः, पृ. ५२-५५, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. म. जै. वि. - मुंबई, ई. १९६६।*

६१. *मूल ग्रन्थ में पृ. ७३-७४।*

६२. *मूल ग्रन्थ में पृ. २४।*

६३. *नन्दीसूत्र-चूर्णिः, प्रस्तावना पृ. १२ टि. १, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. म. जै. वि. - मुंबई, ई. १९६६।*
६४. *वही, पृ. १२।*
६५. *'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास - ३', पृ. २९१, मोहनलाल मेहता, पार्श्वनाथ विद्याश्रम - बनारस, ई. १९६७।*
६६. *जैन ग्रन्थावली, पृ. १२।*
६७. *नन्दीसूत्र-चूर्णिः, प्रस्तावना पृ. ९, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. म. जै. वि. - मुंबई, ई. १९६६।*
६८. *'जैन साहित्य का बृहद् इतिहास - ३', पृ. २९१, मोहनलाल मेहता, पार्श्वनाथ विद्याश्रम - बनारस, ई. १९६७।*
६९. *वही, पृ. २८९।*
७०. *देखें टि. २७।*
७१. *व्यवहारचूर्णि की हस्तलिखित प्रति, पत्र - १।*
७२. *पंचकप्पभासं, सं. लाभसागर गणि, प्र. आगमोद्धारक ग्रन्थमाला - कपडवंज, सं. २०२८, प्रस्तावना पृ. ९-१०, हस्तप्रतियों से लिए उद्धरण।*
७३. *वही।*
७४. *वही।*
७५. *वही।*
७६. *वही।*
७७. *मूल ग्रन्थ में पृ. १।*
७८. *आवश्यकचूर्णि, पृ.९/२* में - 'अहवा अणक्खरं आभिणिबोहितं, सुयं अक्खरं वा होज्ज अणक्खरं वा, एस विसेसो' यह मत 'अहवा' कहते हुए चूर्णिकार ने प्रतिपादित किया है। अब इसी मत को लेकर महाभाष्यकार ने लिखा कि -
"अन्ने अणक्खर-ऽक्खरविसेसओ मइ-सुयाइं भिंदंति।
जं मइनाणमणक्खर-मक्खरमियरं च सुयनाणं ॥१६२॥"
स्पष्ट रूप से इसमें आवश्यकचूर्णिवाली ही बात है। आगे इसका खण्डन करने में अनेक गाथाएँ हैं। वृत्तिकार ने 'अत्राऽऽचार्यो दूषणमाह' कहकर १६३ वीं गाथा की व खण्डन-पक्ष की उत्थानिका दी है। गा. १७० तक यह प्रतिविधान किया गया है। आवश्यकचूर्णि में ही, उपरोक्त पाठ के बाद में तुरंत 'अथवा' से शुरू करके 'एवं आभिणिबोहियणाणं मूकसरिसं दट्ठव्वं, सुयणाणं पुण अमूकसरिसं ति' ऐसा मत-निरूपण हुआ है। इस मत का भी महाभाष्य की गा. १७१ से

लेकर १७५ तक कडी आलोचना के साथ निरसन किया गया है ।
ऐसे तो अनेक स्थान हैं, जहाँ चूर्णिकार के प्रतिपादित मत की जिनभद्रगणि ने आलोचना या खण्डन किये हो । यदि इस चूर्णि के कर्ता बाद में हुए या वे जिनदासगणि हैं ऐसा स्वीकार करें तो, महाभाष्यकार निर्दिष्ट 'अन्ने' कौन है वह खोजना होगा, और महाभाष्य को अनुकूल या मान्य नहि थे ऐसे अभिप्रायों को जिनदासगणि ने मान्यता दी, ऐसा मानना पडेगा । यह तो बिल्कुल गलत होगा । यहाँ चूर्णि व चूर्णिकार को महाभाष्य से प्राचीन मानना ही उचित हल है ।

७९. ''परिजुण्णेसा भणिता सुविणे देवीए पुप्फचूलाए ।
नरगाण दंसणेण पव्वज्जाऽऽवस्सए वुत्ता ॥ ६०९ ॥ पंचकल्पभाष्ये
आमां भाष्यकार पुष्पचूलाना दृष्टान्त माटे 'आवश्यक' नो निर्देश करे छे । आ दृष्टान्त आवश्यकनिर्युक्ति के भाष्यमां क्यांय नथी । आवश्यकचूर्णिमां छे । जो चूर्णि पहेलां आनी रचना होय तो आ निर्देश न होय । आथी सिद्ध थाय छे के आनी (पंचकल्पभाष्यनी) रचना आवश्यकचूर्णि पछी थई छे ।'' *ले. मुनि पुण्योदयसागर, पंचकल्पभाष्य-प्रस्तावना, पृ. ९, कपडवंज ।*

८०. *ज्ञानांजलि, हिन्दी विभाग, पृ. ३७ ।*

८१. यह कृति अप्रकाशित है । हस्तप्रति के रूप में है ।

८२. *ज्ञानांजलि, हिन्दी विभाग, पृ. ७२-७३ ।*

८३. *वही, पृ. २७ ।*

८४. *ज्ञानांजलि, गुजराती विभाग, पृ. ८५ ।*

८५. *बृहत्कल्पसूत्रम् - ६, 'बृहत्कल्पसूत्र : प्रास्ताविक', पृ. ६५, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९४२ ।*

८६. *बृहत्कल्पसूत्रम् - १, भाष्यगाथा - ६००, पृ. १७३, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९३३ ।*

८७. *'निःशेषसिद्धान्तविचारपर्यायः', पृ. ४०, सं. पं. लाभसागर गणि, प्र. जैनानंद पुस्तकालय - सूरत, सं. २०२९ ।*

८८. देखें गा. १२९१ एवं १३१३ ।

८९. *बृहत्कल्पचूर्णिः - गा. ६०१, पृ. १५५,* 'भयत्ति वियारेहिं । ... एस विचारणा' ।
बृहत्कल्पवृत्तिः - १, पृ. १७३, गा. ६००, 'भज - विकल्पय, जानीहीत्यर्थः' ।

९०. *बृहत्कल्पसूत्रम् - २, पृ. २५६, सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई. १९३६ ।*

९१. *बृहत्कल्पसूत्रम्* - ६, पृ. १६७६, *सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई.* १९४२।

९२. 'सूत्रस्पर्शिकनिर्युक्तिर्भाष्यं चैको ग्रन्थो जातः ॥' *बृहत्कल्पसूत्रम्* - १, पृ. २, *सं. मुनि पुण्यविजयजी, प्र. जैन आत्मानन्द सभा - भावनगर, ई.* १९३३।

९३. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ४२।

९४. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ४२।

९५. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ५३।

९६. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ५३।

९७. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ५५।

९८. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ३०।

९९. *मूल ग्रन्थ*, पृ. १२३।

१००. *मूल ग्रन्थ*, पृ. १२४।

१०१. *मूल ग्रन्थ*, पृ. ११४।

१०२. *मूल ग्रन्थ*, पृ. १२४।

* * *

माहिती

नवां प्रकाशनो

१. रागोपनिषद्

विविध साधु-कविओअे रचेल 'रागमालाओ'नो संचय : सं. आ. तीर्थभद्रसूरिजी, प्रका. श्रीकनकसूरि प्राचीन ग्रंथमाला, ध्रांगध्रा, सं. २०७४.

मध्यकालना विविध जैन कविओअे भारतीय शास्त्रीय संगीतना विविध रागोने केन्द्रमां राखीने जिनभक्तिपरक गेय गुर्जर के मारुगुर्जर रचनाओ करी छे. तेवी आशरे २० करतां अधिक रागमालाओनो सचित्र संग्रह. असंख्य चित्रो तथा सुशोभनोथी विभूषित आर्ट पेपरमां मुद्रित दळदार - वजनदार ग्रन्थ. आमां शास्त्रीय रागोनां लक्षणो, वर्णनना दुहा, गीत तथा श्लोको वगेरे पण संगृहीत छे. रागमालानां प्रख्यात चित्रो तथा राग-परिचय वगेरे पण समावेल छे.

२. बृहद् निर्ग्रन्थस्तुतिमणिमञ्जूषा : प्रथम खण्ड

सं. मधुसूदन ढांकी, जितेन्द्र शाह. प्र. ला.द. विद्यामन्दिर, अमदावाद, ई. २०१७.

ईसा पूर्व २०० थी ई. ९००ना कालखण्डमां रचायेलां जैन स्तोत्रोनो एक अनुपम अने ऐतिहासिक संचय. भाषा प्राकृत-संस्कृत-अपभ्रंश. विस्तृत भूमिकालेख तथा बे सुन्दर प्रस्तावना-लेखो वडे अलङ्कृत ग्रन्थ. सद्गत ढांकीसाहेबना जीवननां केटलांक श्रेष्ठ सम्पादनो-सर्जनो पैकी एक, मात्र डॉ. ढांकी ज करी शके तेवुं सम्पादन. आनुं प्रकाशन जोईने जवानी ढांकीजीनी तीव्र झंखना रहेती. परन्तु तेमनी ते इच्छा सफल न थई - एनो वसवसो तेओ छेक सुधी करता रहेला.

आ ग्रन्थना बीजा खण्डो केटला होय ते समजायुं नथी, केम के प्रकाशके ते विषे कोई स्पष्टता आपी नथी. परन्तु बाकीना जे पण खण्ड होय ते सत्वरे प्रगट थाय तेनी राह विद्वज्जगतने रहेवानी.



इतीश्रीरायप्रसेनवीजा अंगनाः सूत्रतब्याटबीर्थ समाप्तं ॥ इबापुरा लीषा आहासुदि १५ को पुरा लीष्या

इतीश्रीरायप्रसेणीसूत्र टबाअर्थ समाप्त संबत १८८२३ ॥ आषाढ सुदि १५ बुधवासरे लिषतं

सुश्रावक पुन्यप्रभावक तनसाली गोत्रे साहजी श्री ५ सुनकरणदास ततपुत्र कूलदीपकं

सुषराद्रास्येने लिषावितं आपणआत्मा हेते लीषतं सहोदर ना दं गंगाराम येणं ॥ श्री कल्याणं ॥

सुसाधुजी रायप्रसेनी वाचरहे हैः सुषराद्रास सपरिवारस्ं